हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित




Page 11 खेल

नेट रन रेट जेहन में था लेकिन पिच ने टारगेट मुश्किल बना दिया : बाबर



Page 10 देश

जीतकर भी मोदी सरकार से आउट होने वालों पर कयास तेज, अनुराग ठाकुर के मंत्री...


शुक्ल पक्ष, पूर्व फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • गुरूवार • 13 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 183 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 72, 160 | ₹91,300 |



## आज का इतिहास

- 1999 : भारतीय सेना कारगिल युद्ध के दौरान द्रास सेक्टर में रणनीतिक टोलिंग चोटी को सुरक्षित करती है। टोलोलिंग कॉम्प्लेक्स पर कब्जा करने से कई दिशाओं से टाइगर हिल कॉम्प्लेक्स में लगातार हमलों के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ। 5 जुलाई, 1999 को टाइगर हिल पर फिर से कब्जा कर लिया गया।
- 1997 : हाल के भारतीय इतिहास की सबसे भीषण आग त्रासदियों में, दिल्ली के ग्रीन पार्क में उप्र सिनेमा में फिल्म बॉर्डर के प्रीमियर के दौरान 59 लोगों की मौत हो गई और 103 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

## न्यूज बाइट्स

### सीएम नीतीश ने भीषण गर्मी और हीट वेव को लेकर खासा निर्देश दिया

**पटना (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारी गर्मी और हीट वेव की स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग और सभी जिलाधिकारियों को सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पीने के पानी के टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए भी निर्देश दिए। इसके साथ ही, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य सरकारी अस्पतालों को भी अलर्ट पर रहने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने गर्मी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया है। यह अभियान जनता को गर्मी के खतरों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ, सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक सावधानियाँ लेने के लिए भी समर्थन प्रदान करेगा।

### टीयर-3 की रद्द परीक्षा 19-22 जुलाई तक

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में तीसरे चरण की रद्द हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा 19 से 22 जुलाई के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा एक पाली में ही आयोजित की गई है। इसको लेकर बीपीएससी ने नोटिफिकेशन जारी किया है। बता दें कि टीयर-3 के तहत 87 हजार 774 पदों पर बहाली होनी है। इसके साथ ही सेकेंडरी स्कूल के प्रधान शिक्षक की परीक्षा 28 जून और प्राइमरी स्कूल के प्रधान शिक्षक की परीक्षा 29 जून को होगी। इन दोनों परीक्षा के जरिए 40 हजार पदों पर बहाली होगी। इसमें उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रिंसिपल के 6 हजार 61 पद और प्राइमरी स्कूल में प्रिंसिपल के 34 हजार 86 पद है।

### नीट परीक्षा मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई 5 जुलाई तक टली

**नई दिल्ली (ए.)।** नीट परीक्षा मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई 5 जुलाई तक टल गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने आदेश में नोट किया कि एनटीए जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर पिटीशन दाखिल कर विभिन्न याचिकाओ को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग करेगा। लिहाजा अभी हम अभी हाईकोर्ट में सुनवाई टाल रहे हैं। सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने ऐसा कोई आश्वासन देने से इंकार किया कि इस बीच कॉउसलिंग शुरू नहीं होगी या वो कोर्ट ने अंतिम आदेश पर निर्भर करेगी। तुषार मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से भी कॉउन्सलिंग पर रोक लगाने की मांग की गई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश देने से इंकार कर दिया था।

कुवैत की छह मंजिला बिल्डिंग में लगी भीषण आग, यहां एक ही कंपनी के लगभग 160 कर्मचारी रहते थे

# 49 की मौत, इनमें से कई भारतीय

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत अग्निकांड पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह को कुवैत जाने का निर्देश दिया है।



कुवैत | एजेंसी

दक्षिणी कुवैत के अल-मंगफ में बुधवार को एक छह मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई है जिनमें कई भारतीय श्रमिक हैं जो इमारत में रह रहे थे। इस घटना में 50 से अधिक घायल हुये हैं। कुवैत के अधिकारी राहत एवं बचाव में जुटे हुए हैं तथा मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हो पायी है। भारतीय श्रमिकों की मदद के लिए कुवैत में भारतीय दूतावास ने एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है जिससे टेलीफोन +965-65505246 नंबर के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। कुवैत के फॉरेंसिक विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान का कहना है कि मृतकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों में से अधिकांश केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के नागरिक थे। मृतकों की उम्र 20 से 50 साल के बीच बताई गई है।

### इमारत के मालिकों को कड़ा दंड

कुवैत की समाचार एजेंसी कुना की एक रिपोर्ट में गृह मंत्रालय के सुरक्षा सूचना निदेशक मेजर जनरल नासिर अब्दुल सलैब के हवाले से कहा गया है कि इमारत के मालिकों को कड़ा दंड दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के बड़े अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे है और मृतकों की पहचान की जा रही है। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल जाबेर अल सबा ने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया है कि वे इस घटना के परिपेक्ष्य में ऐसे कदम उठाये जिससे इस तरह की दुखद की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने इस घटना के जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा है।

कुवैत सरकार के अनुसार स्थानीय अधिकारियों को उस बहुमंजिला इमारत में आग लगने की सूचना सुबह छह बजे दी गई और आग लगने के कारण की जांच चल रही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस इमारत में एक ही कंपनी के लगभग 160 कर्मचारी रहते थे और आग इमारत के एक रसोईघर में लगी और देखते ही देखते तेजी पूरी इमारत में फैल गयी। कुवैत के सुरक्षा अधिकारी मेजर जनरल ईद रशीद हमाद ने आग लगने की पुष्टि की है। कुवैती स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि आग से कई घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से चार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी

कुवैत में भारतीय दूतावास ने इस घटना के बाद एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। दूतावास ने पोस्ट कर कहा कि आज भारतीय कामगारों के साथ हुई दुखद दुर्घटना के संबंध में एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। ये नंबर है- +965-65505246। संबंधित अपडेट के लिए इस हेल्पलाइन नंबर से जुड़े। दूतावास आपकी हर संभव सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पीएम मोदी एवं विदेश मंत्री ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने इस हादसे पर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक संदेश में कहा, "कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदना उन लोगों के साथ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं घायलों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूँ। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर निरंतर निगाह रखें हुए है और स्थानीय अधिकारियों के साथ प्रभावित लोगों की मदद में जुटा है।" विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, "कुवैत शहर में आग लगने की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। बताया जा रहा है कि आग लगने से 49 लोगों की मौत हुई है और 40 से अधिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारे राजदूत राहत शिविर में गये हैं और हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित लोगों को पूरी सहायता प्रदान करेगा।"

## 29 मंत्रियों को जिलों का मिला प्रभार

- प्रावैधिकी मंत्री संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद का प्रभारी मंत्री बनाया गया

निज संवाददाता | पटना

राज्य सरकार ने सभी मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंप दिया है। इसके तहत 29 मंत्रियों को अलग-अलग जिलों का प्रभारी बनाया गया है। दरअसल, सूबे में नयी सरकार के गठन के बाद भाजपा कोटे के मंत्रियों को नये जिलों का प्रभार दिया गया है। कैबिनेट विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।


नयी अधिसूचना के तहत उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना जिला का तो विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर-भोजपुर का प्रभार दिया गया है। जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी को पूर्णिया और नालंदा का, ऊर्जा और योजना विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वैशाली का, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार को नवादा जिला का, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार को सारण, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी को सीवान, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को दरभंगा और बेगूसराय का, पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार को कटिहार का, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी को सीतामढ़ी और जहानाबाद का, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह को मधुबनी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी को सुपौल का, उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा को अररिया व गया, नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीन नवीन को बक्सर और कैमूर का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार सहरसा को, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी खगड़िया के, परिवहन मंत्री शीला कुमारी शेखपुरा व लखीसराय के, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार पूर्वी चंपारण के, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम पश्चिम चंपारण के और पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण मंत्री हरी सहनी अरवल के प्रभारी मंत्री होंगे।

इसी तरह गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान को गोपालगंज, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज को रोहतास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान को किशनगंज और शिवहर, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सदा को जमुई, पंचायती राज मंत्री केदार गुप्ता को मुंगेर, खेल मंत्री सुरेंद्र महतो को बांका जबकि श्रम संसाधन मंत्री संतोष

## चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के बने सीएम

नि.सं. | अमरावती (आंध्र प्रदेश)

प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रबाबू नायडू को बधाई दी और गले लगाया। आंध्र प्रदेश में भी एनडीए की सरकार बन गई है। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। वे राज्य की चौथी बार कमान संभालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आंध्र में सबसे ज्यादा बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। नायडू के अलावा जनसेना प्रमुख और एक्टर पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। उन्होंने शपथ लेने के बाद नायडू के पैर छुए। तीसरे नंबर पर नायडू के बेटे नारा लोकेश ने शपथ ली। नई सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम समेत 25 सदस्य होंगे। इसमें टीडीपी के 20, जनसेना के 3 और भाजपा के एक मंत्री शामिल हैं। एक पद खाली रखा गया है।



राज्यपाल अब्दुल नजीर ने विजयवाड़ा में केसरपल्ली आईटी पार्क में सीएम और मंत्रियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत एनडीए के मंत्री और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। शपथ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नायडू को गले लगाकर बधाई दी। नायडू के कैबिनेट में उनके बेटे और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश, प्रदेश अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू और जनसेना पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष नादेंडला मनोहर शामिल हैं। टीडीपी के मंत्रियों में 17 नए चेहरे हैं।

## नर्सिंग संस्थानों की जांच पूरी अगले माह से ग्रेडिंग

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सभी सरकारी और निजी नर्सिंग कॉलेज और नर्सिंग संस्थानों की ग्रेडिंग के लिए जांच पूरी हो गई है। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) ने राज्य के 121 सरकारी सहित 234 निजी नर्सिंग संस्थानों की जांच पूरी कर ली है। क्यूसीआई इसी माह स्वास्थ्य विभाग को जांच रिपोर्ट सौंप देगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की कमेटी अगले माह ग्रेडिंग करेगी। क्यूसीआई की राज्य यूनिट ने नर्सिंग संस्थानों में प्रशिक्षक, छात्र, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शौचालय, भवन सहित सभी आधारभूत संरचना की कई बिंदुओं पर जांच की है। जांच के दौरान संस्थान की वीडियोग्राफी के साथ ही स्टील फोटोग्राफी भी की गई है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल के पैमाने पर नर्सिंग संस्थानों को ग्रेडिंग मिलेगी। बिहार स्वास्थ्य विश्वविद्यालय और बिहार नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल (बीएनआरसी) के पोर्टल पर नर्सिंग संस्थानों की ग्रेडिंग दिखेगी। नई व्यवस्था के तहत राज्य के सभी नर्सिंग स्कूल, नर्सिंग कॉलेज और संस्थान बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से रजिस्टर्ड किए जा रहे हैं। पहले बिहार नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल (बीएनआरसी) से इनका रजिस्ट्रेशन होता था। हाल में ही रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था बदली है।

### ग्रेडिंग से फायदा

ग्रेडिंग से इन संस्थानों में नामांकन लेने वाले विद्यार्थी ठगी से बच सकेंगे। अधिकारियों की टीम संस्थानों में लगातार औचक निरीक्षण भी करेंगे, ताकि यहां पढ़ाई बेहतर हो। लाइव मॉनिटरिंग एप से एक अंतराल पर जांच होने से लैब सहित संस्थान की व्यवस्था ठीक रखने की प्रबंधन की मजबूरी रहेगी। इसका सीधा फायदा यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट को मिलेगा।

## सूबे में 3600 तटबंध सुरक्षाकर्मियों की होगी नियुक्ति

- तटबंध सुरक्षाकर्मी संबंधित अधिकारियों को सूचित करेंगे और मरम्मत का काम भी करेंगे

निज संवाददाता | पटना

सूबे में 3600 तटबंध सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति होगी। ये बाढ़ की अवधि में तटबंधों की निगरानी करेंगे। दरअसल, राज्य सरकार ने तटबंधों की सुरक्षा और कड़ी करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत पूरी बाढ़ अवधि में सभी तटबंधों के इंच-इंच की निगरानी की जाएगी।

जल संसाधन विभाग ने इसके तहत हर किलोमीटर पर एक-एक तटबंध सुरक्षाकर्मी तैनात करने का निर्णय लिया है। ये तटबंध सुरक्षा कर्मी सूबे के सारे तटबंधों पर नजर रखेंगे। यही नहीं संकट के समय ये संबंधित अधिकारियों और मुख्यालय को सूचित करने के साथ-साथ तटबंधों की मरम्मत भी करेंगे। जरूरत पड़ने पर आसपास के तटबंध सुरक्षा कर्मी की भी मदद ले सकेंगे और तटबंध को क्षतिग्रस्त होने से बचाएंगे। हालांकि, जरूरत पड़ने पर और संवेदनशील या अति संवेदनशील तटबंधों पर एक किलोमीटर के दायरे में एक से अधिक तटबंध सुरक्षाकर्मियों की भी नियुक्ति की जा सकती है। यह स्थानीय जरूरतों के आधार पर होगा। तटबंध सुरक्षाकर्मी संबंधित कनीय अभियंता के अधीन काम करेंगे, जो वहां के तटबंध की निगरानी के लिए तैनात होंगे। हर 10 किलोमीटर पर एक कनीय अभियंता रहेंगे। इनकी नियुक्ति में तटबंध के निकट के ग्रामीणों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसा इसलिए कि उन्हें उस क्षेत्र के भूगोल से लेकर अन्य सारी चीज की जानकारी होगी। यही नहीं तटबंधों की निगरानी में भी उन्हें सहूलियत होगी। वे अधिक से अधिक समय तटबंधों की निगरानी कर सकेंगे। विभाग के अधिकारी के अनुसार इनकी सेवा संबंधित एजेंसियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रमंडलों में की गयी है। पहले विभाग तटबंधों की निगरानी के लिए होमगार्ड की सेवा लेता था, लेकिन संभावित बाढ़ की संवेदनशीलता को देखते हुए बीते वर्षों से ही तटबंधों की निगरानी का सिस्टम पूरी तरह बदल दिया गया है। अब इनके लिए श्रमिकों की सेवा ली जा रही है।

### क्या करेंगे तटबंध सुरक्षाकर्मी ?

अपने हिस्से के तटबंध की लगातार निगरानी करेंगे। तटबंध का छोटा-मोटा काम निपटाते रहेंगे। सीपेज, पाइपिंग या तटबंध का कटाव शुरू होने पर तत्काल आवश्यक संसाधन जुटाते हुए अविलंब मरम्मत शुरू करेंगे और इसकी सूचना ऊपर देंगे। तटबंध पर अधिक खतरा होने पर वे फोन से तत्काल इसकी जानकारी प्रभारी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता या कार्यपालक अभियंता को देंगे। असामाजिक तत्वों की ओर से तटबंध को क्षतिग्रस्त करने या ऐसी आशंका की स्थिति में इसकी तत्काल सूचना देंगे। मरम्मत का काम जारी रखेंगे।

## सीतारमण लगातार सातवां बजट पेश कर बनायेंगी रिकार्ड

एजेंसी | नयी दिल्ली

वित्त एवं कंपनी मामलों के मंत्री के तौर पर बुधवार को अपना कार्यभार संभालने वाली श्रीमती निर्मला सीतारमण जुलाई में चालू वित्त वर्ष का पूर्ण बजट पेश कर एक नया रिकार्ड कायम करेंगी। देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री सीतारमण ने अब एक अंतरिम बजट सहित छह बजट पेश किए हैं और जुलाई का बजट उनका लगातार सातवां बजट होगा । श्रीमती सीतारमण ने बुधवार को लगातार दूसरी सरकार में केंद्रीय वित्त मंत्री का पदभार संभाला। वह जुलाई में वर्ष 2024-25 का पूर्ण केंद्रीय बजट पेश करेंगी जिस पर सभी की निगाहें होंगी। उम्मीद है कि वह अपने आगामी बजट प्रस्ताव में अगले पांच वर्षों के लिए सरकार के आर्थिक दृष्टिकोण और प्रमुख नीतिगत रुझानों की रूपरेखा



प्रस्तुत करेंगी। सीतारमण इसके अतिरिक्त, बजट में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उपायों को लागू करके बेरोजगारी को दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

सीतारमण लगातार सात बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बनने की राह पर हैं जो एक नया इतिहास होगा। जुलाईम में वह सबसे अधिक बार बजट प्रस्तुत करने वाले वित्त मंत्री के रूप में मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी। गत पहली फरवरी को उन्होंने वित्त वर्ष 2024- 25 का अंतरिम बजट रखा था जिसमें केवल लेखानुदान के प्रस्ताव तक सीमित रखने की परंपरा का पालन किया गया। अंतरिम बजट एक अस्थायी वित्तीय विवरण है जिसका उद्देश्य नई सरकार के कार्यभार संभालने तक सरकार को अपना काम काज चलाने केलिए समेकित कोष से धन खर्च करने की मंजूरी भर ली जाती है। अंतरिम बजट में व्यय और आवश्यक आवंटन शामिल होते हैं, लेकिन आमतौर पर प्रमुख नीतिगत घोषणाओं या बदलावों से बचा जाता है। यह प्रथा चुनाव के बाद नई सरकार के गठन तक सरकारी कार्यों और वित्त पोषण की निरंतरता सुनिश्चित करती है। आम चुनावों के बाद, नव निर्वाचित सरकार वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करती है। उम्मीद की जा रही है कि मोदी की तीसरी सरकार का पहला बजट जुलाई में पेश किया जाएगा।

## पीएम नरेन्द्र मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने जाएंगे इटली

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सात शक्तिशाली देशों के समूह जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की रात इटली जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां एक ब्रीफिंग में कहा कि तीसरे कार्यकाल में श्री मोदी की यह पहली विदेश यात्रा होगी। उन्होंने कहा, 'इटली की प्रधानमंत्री जिओर्जिओ मेलोनी के निमंत्रण पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 50 वें जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कल अपुलिया, इटली की यात्रा पर जाएंगे। यह सम्मेलन 14 जून को वहां आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में भारत को एक आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। लगातार तीसरे कार्यकाल में पदभार संभालने के बाद यह प्रधानमंत्री की पहली विदेश यात्रा होगी। विदेश सचिव



ने कहा कि इससे उन्हें भारत के साथ-साथ ग्लोबल साउथ के लिए भी महत्वपूर्ण मुद्दों पर जी 7 शिखर सम्मेलन में उपस्थित अन्य विश्व नेताओं के साथ जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यह जी 7 शिखर सम्मेलन में भारत की 11वीं और प्रधानमंत्री श्री मोदी की जी 7 शिखर सम्मेलन में लगातार 5वीं भागीदारी होगी। 14 जून को प्रधानमंत्री आउटरीच शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित अन्य देशों के साथ आउटरीच सत्र में भाग लेंगे।

## सीएम चम्पाई सोरेन से पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



निज संवाददाता | रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज बूटी रोड, मोरहाबादी रांची स्थित आवास में पैरालम्पिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि आगामी 13 जून से 19 जून 2024 तक आयोजित होने वाले भारत बनाम थाईलैंड के बीच दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में झारखंड के 9 पैरालम्पिक खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से झारखंड के चयनित खिलाड़ियों को हर संभव मदद किए जाने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूरी टीम को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

बिहार में रूल तोड़ने वाले हो जाएं सावधान, जिलों में गाड़ियों की होगी विशेष चेकिंग

## राज्य में व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस की जांच आटोमेटिक मशीन से होगी

निज संवाददाता | पटना

राज्य में व्यावसायिक वाहनों के फिटनेस की जांच अब आटोमेटिक मशीन से होगी। परिवहन विभाग ने तीन जिलों में स्वचालित परीक्षण स्टेशन (ऑटोमेटेड फिटनेस टेस्टिंग सेंटर) शुरू करने की स्वीकृति दे दी है। इनमें पटना, नालंदा और रोहतास शामिल हैं। इन जिलों में जल्द ही मशीनों से लैस परीक्षण स्टेशनों का निर्माण होगा जहां वाहनों की फिटनेस की जांच की जा सकेगी। वर्तमान में अधिसंख्य जिलों में वाहनों की फिटनेस जांच मोटरयान निरीक्षक द्वारा मैनुअली की जाती है। विभागीय जानकारी के अनुसार, राज्य के सभी जिलों में स्वचालित परीक्षण स्टेशन



खोले जाने की योजना है। हर जिले में दस परीक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव है। यह केंद्र निजी क्षेत्र की मदद से चलाए जाएंगे। इसके लिए विभाग ने निजी क्षेत्रों से आवेदन भी मांगा था। सेंटर खोलने के लिए इच्छुक व्यक्ति, कंपनी आदि को राज्य परिवहन आयुक्त कार्यालय में तय शुल्क के साथ आवेदन करना था। इसी आधार पर विभाग के द्वारा अलग-अलग जिलों में स्वचालित परीक्षण स्टेशन खोलने की अनुमति दी जा रही है।

अनुमति प्राप्त सभी स्टेशनों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का हर हाल में अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न होने पर केंद्रों को जारी रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र को रद करने की कार्रवाई की जाएगी। स्वचालित परीक्षण स्टेशनों पर वाहनों को सभी तकनीकी पहलुओं पर परखते हुए फिटनेस टेस्ट होगा। ब्रेक, कलच, स्पीडोमीटर, विंडो ग्लास, हार्न, लाइट, वाइपर आदि का मशीनों से परीक्षण कर प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।इससे फिट वाहनों के ही सड़क पर दौड़ने की संभावना बढ़ेगी। प्रदूषण तो कम होगा ही सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार, टेस्टिंग स्टेशन सीसीटीवी से लैस होंगे। प्रवेश और निकास द्वार पर भी कैमरों से नजर रखी जाएगी। जिलों में स्वचालित परीक्षण स्टेशनों की मानीटरिंग की भी व्यवस्था रहेगी।

## चुनाव के बाद रोहिणी आचार्य सिंगापुर रवाना कहा- नीतीश चाचा का आशीर्वाद चाहिए

निज संवाददाता | पटना

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या बुधवार को सिंगापुर के लिए रवाना हो गईं। सिंगापुर जाने से पहले रोहिणी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन यानी महागठबंधन में आने को लेकर बड़ा बयान दिया। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हम तो नीतीश के बाल बच्चे हैं, उनसे आशीर्वाद मांग रहे हैं। चाचा कब आशीर्वाद देने आएंगे उनसे पूछिए। रोहिणी ने कहा कि वह 10-15 दिनों के लिए अपने बच्चों से मिलने सिंगापुर जा रही हैं। वे वापस आकर सारण



में रहकर जनता के लिए काम करेंगी। बता दें कि सारण लोकसभा सीट से रोहिणी आचार्या, बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी से चुनाव हार गई थीं।

सिंगापुर रवाना होने से पहले लालू की बेटी रोहिणी आचार्या ने बुधवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। नरेंद्र मोदी सरकार के गठन पर उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल बन गया लेकिन इसमें बिहार को कुछ नहीं मिला। विपक्ष यही कहता था, अब सच्चाई सामने आ गई है। जनता को तय करना है। बीजेपी ने जनता से झूठे वादे किए थे उनका क्या हुआ। जनता को टन-टन गोपाल बना दिया गया। तेजस्वी यादव ने सही कह रहे हैं बिहार को झुनझुना पकड़ा दिया गया है, पीएम मोदी सिर्फ जुमलेबाजी करते हैं। छपरा में दो वकीलों की गोली मारकर हत्या करने के मामले पर रोहिणी आचार्या ने कहा कि इसका जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांगिए। बता दें कि सारण जिले के मुफस्सिल थाना इलाके में बुधवार सुबह कोर्ट जा रहे अधिवक्ता पिता-पुत्र की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्याकांड के बाद वकीलों ने रोष जताते हुए कार्य का बहिष्कार कर दिया।

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, गुरुवार 13 जून 2024

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### नहीं रहे हिंदी के मर्मज्ञ विद्वान प्रो. लक्ष्मण सिंहा

**बोधगया।** मगध विवि के पूर्व अध्यक्ष, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, प्रो लक्ष्मण कुमार सिन्हा का मंगलवार प्रातः 03:00 बजे नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रेन एंड स्पाइन में ब्रेन हैमरेज की वजह से निधन हो गया। वे लगभग नब्बे वर्ष के थे। इसकी जानकारी उनके ज्येष्ठ पुत्र व इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष पीयूष कमल सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया, प्रो सिन्हा आचार्य देवेंद्र शर्मा की परंपरा के भाषाविद थे और उनके निर्देशन में पटना विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री ली। बाद में वहीं से डी लिट की डिग्री ली। प्रो सिन्हा की पहचान देश में एक ख्यात भाषाविज्ञानी के रूप में थी। उन्होंने हिन्दी भाषा और साहित्य पर कई पुस्तकों की रचना की। वे विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे। उनके निधन से हिन्दी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में एक अपूरणीय क्षति हुई है। देश के प्रबुद्ध वर्ग ने उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की है और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### साइबर कैफे से दो उचक्कों ने उड़ाए सवा लाख रुपए

**टनकुप्पा।** टनकुप्पा थाना क्षेत्र के सिमराही गांव स्थित एक साइबर कैफे व इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से दो उचक्कों ने सवा लाख नगदी उड़ा लिए। उक्त राशि दुकान की दिन भर की बिक्री की थी। घटना को लेकर दुकान संचालक दीपू कुमार निराला ने स्थानीय थाना में दो अज्ञात युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि बीती रात वह अपनी दुकान बंद कर अपने घर सोनारखाप जाने की तैयारी में था। इसी क्रम में शौच के लिए चला गया। इसी दौरान पूर्व से दुकान पास रेकी कर रहे दो युवक पलक झपकते ही सवा लाख रुपए नगद लेकर फरार हो गए। दुकानदार जब वापस लौटा तो पूरी राशि गायब थी। टनकुप्पा थाना के एसआई कन्हैया कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार के आवेदन पर दो अज्ञात युवकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।

### गया में कमरे में मृत मिली महिला ASI, कुर्सी पर बैठी हुई थी, दीवार से टिका हुआ था सिर

**गया।** गया के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नूर कालोनी स्थित एक मकान से कोतवाली थाने में तैनात महिला ASI मंजुला सिंह (45) का शव बरामद हुआ है। महिला की बॉडी कुर्सी पर बैठी हुई स्थिति में थी और सिर, दीवार से टिका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंजुला बेगूसराय के गेहूंना गांव की निवासी थी। मंजुला दो वर्षों से गया जिला पुलिस बल में तैनात थी। मृतका के बदन पर कहीं भी किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। महिला ASI का कमरा भी अंदर से ही बंद था। वह किराए के मकान में रहती थी। पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची। घटना की जानकारी हुई है। पुलिस आशंका जता रही है कि ASI की मौत हार्ट अटैक से हुई है। सिविल लाइन थानाध्यक्ष शमीम अहमद को ASI मंजुला सिंह के बेटे पारितोष सिंह ने फोन पर सूचना दी कि उसकी मां ASI मंजुला सिंह, कोतवाली थाना डायल 112 में पदस्थापित हैं, जो कॉलोनी में रहती है। कल रात से वह कॉल रिसीव नहीं कर रही हैं। कॉल रिसीव नहीं किए जाने की वजह से मन में कई प्रकार डर व चिंता हो रही है। सिविल लाइन थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारी को सूचना से अवगत कराते हुए, थाने के अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल के साथ बताए गए पता पर पहुंचे तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद है। वरीय अधिकारियों से आदेश लेने के बाद दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां एक महिला को कुर्सी पर बैठे हुए पाया गया। जांच की गई, तो वह मृत थी। मृतका की पहचान ASI मंजुला सिंह के रूप में की गई है। घटनास्थल पर पहुंचकर एसपी सिटी प्रेरणा कुमार ने जांच पड़ताल किया। मृतका के शव को आगे की जांच और पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल हॉस्पिटल, गया भेजा गया है। इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### गया में आम के गोदाम में लगी आग, 4 लाख रुपए से ज्यादा की संपत्ति का नुकसान, कैरेट से रखे आम भी जले



**गया।** गया शहर के केदारनाथ मार्केट के पीछे फल मंडी स्थित एक गोदाम में आग लग गई। इससे सब्जी मंडी और फल मंडी में अफरातफरी मच गई। गोदाम के अंदर से तेज धुआं निकल रहा था। साथ ही में बदबू भी निकल रही थी। आग लगने से लाखों रुपये के आम बर्बाद हो गए। बताया जा रहा कि 4 लाख रुपये से अधिक के आम और कैरेट जल गए। करीब आधे घण्टे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पा सकी। इस घटना में किसी के हताहत होम की सूचना नहीं है। आग लगने की वजह बीड़ी या सिगरेट का फेंका जाना है। गौरतलब है कि बीते वर्ष छठ पूजा के दौरान भी सब्जी मंडी में आग लग गई थी। उस समय भी आग लगने का कारण बीड़ी सिगरेट का फेंका जाना ही सामने आया था। फायर ब्रिगेड की अधिकारी अर्जुन कुमार ने बताया कि गोदाम के मालिक संजय कुमार की ओर से सूचना मिली कि उनके गोदाम में आग लगी है। सूचना मिलते ही फायर कर्मियों को मौके के लिए रवाना किया गया। फायर कर्मियों ने करीब आधे घण्टे की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। वहीं संजय कुमार ने बताया कि मार्केट की छत्त पर नशा करने वालों का आना जाना बना रहता है। वे छत्त पर बैठकर हर प्रकार का नशा करते हैं। उन्हीं लोगों ने गोदाम में बीड़ी सिगरेट या फिर माचिस की तिल्ली फेंकी होगी जिसकी वजह से आग की घटना गोदाम में हुई। उन्होंने बताया कि आग लगने से 4 लाख से अधिक के कैरेट बर्बाद हो गए हैं। कैरेट में रखे पड़े आम भी भारी मात्रा में जल गए हैं। गनीमत यह रही कि दोपहर होने की वजह से गोदाम के अंदर कोई नहीं था। नहीं तो माल के साथ साथ जान का भी नुकसान उठाना पड़ता।

### केक काट नेताओं ने मनाया लालू यादव का जन्मदिवस



**टिकारी।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का 77वां जन्मदिवस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया। स्थानीय डाकबंगला परिसर में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो के जन्मदिवस पर केक काटा व एकदूसरे को शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ डाकबंगला परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के संगठन जिला टिकारी के जिलाध्यक्ष सुभाष यादव ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो कई तरह की परेशानियों झेलने के बावजूद भी पार्टी के लिए सदैव सजग रहे व एक बार पुनः लोकसभा चुनाव में राजद की दमदार वापसी करा अपनी काबिलियत व बेहतरीन राजनीतिक समझ को साबित कर दिया। हम सभी भाग्यशाली है कि ऐसे गरीबों की आवाज के नेतृत्व में काम करने का अवसर मिलता है। राजद नेता अनिल यादव ने कहा कि गरीबों की पुकार है लालू प्रसाद यादव। पार्टी का हर एक कार्यकर्ता उनके दीर्घायु जीवन की कामना करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखण्ड अध्यक्ष बंटी यादव ने कहा कि गरीबो के मसीहा लालू यादव ने एक बार पुनः देश की राजनीति में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई।

# महिला व मुखिया के अश्लील ऑडियो पर ग्रामीण भड़के

## घर बसाने की बात कह गुजरात से बुलाया था गांव, चार लोगों पर गलत करने का आरोप

निज संवाददाता। नालंदा





नालंदा के सिलाव प्रखंड अंतर्गत करियन्ना पंचायत के (55) वर्षीय मुखिया राज कुमार रजक का गांव की ही एक महिला के साथ अश्लील बातचीत करने का ऑडियो वायरल हो रहा है। जनप्रतिनिधि के इस व्यवहार से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। मुखिया के इस हरकत की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली तो वे लोग गोलबंद हो गए और घर पर चढ़कर मुखिया को खूब खरी खोटी सुनाई। इसका भी वीडियो सामने आया है। मुखिया समेत 4 लोगों की संलिप्तता इस पूरे प्रकरण में सामने आ रही है। फिलहाल मुखिया और उसके सहयोगियों के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**महिला ने स्थिति को भांप लिया था:** महिला का व्हाट्सएप वॉइस चैट का ऑडियो सामने आया है। किसी को टैग कर महिला ने अपनी सारी बात बताई है। महिला ने कहा है कि घर बसाने के नाम पर मुखिया समेत 4 लोगों की मंशा गलत थी। उन्हीं लोगों के कहने पर गांव आई थी। मुखिया और उसके आदमियों ने गलत करने का भी प्रयास किया। हालांकि उनकी मनसा भांप चुकी थी और अपने साथ गलत होने नहीं दिया। महिला ने पूर्व मुखिया के भतीजे कुंदन सिंह के नाम का भी जिक्र किया है। कहा मुखिया अपनी मर्जी से बिना कुंदन के कहे कुछ नहीं करता है। ऐसे जनप्रतिनिधि को और उसके सहयोगियों का मुंह काला कर उसे गांव में घुमाया जाए। जरूरत पड़ने पर गवाही देने भी आऊंगी। ऐसे जनप्रतिनिधि से गांव के अन्य महिलाओं को भी खतरा है।

**ऑडियो और वीडियो कॉल पर हुई थी बात:** महिला और मुखिया के बीच बातचीत का कई ऑडियो वायरल हुआ। जिसमें ऑडियो कॉल के अलावा वीडियो कॉल पर भी बात हुई थी। गांव आने पर मुखिया महिला से अपनी खिदमत की भी बात करता है। साथ ही वह यह भी कहता है कि वह उसका घर बसा देगा। इस मामले में उसके पति से भी बात हुई है। उसका पति भी राजी है। मगर इन सब काम के लिए उसका भी ख्याल रखना होगा।

**पति के साथ नहीं रहने का किया था करार:** महिला की शादी 2012 में हुई थी। कुछ दिन गांव में रहने के बाद दंपती गुजरात चला गया। जहां पति ने अपनी पत्नी को अपने बॉस के सात आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। तब वो पत्नी को छोड़कर गांव आ गया था। पांच साल पहले महिला ने लिखित रूप से दिया था कि वो अपने पति के साथ नहीं रहेगी। 2 बच्चों को पति के पास छोड़कर गुजरात चली गई थी।

**मेरी आवाज कॉपी कर फंसाने का प्रयास कर रहा:** करियन्ना पंचायत के मुखिया राज कुमार रजक ने बताया कि उन्हें राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है। महिला पिछले 5-6 साल से गांव में नहीं रह रही थी। उनसे महिला ने संपर्क कर घर बसाने की बात कही थी। इसके बाद गांव आने को कहा था और इसी सिलसिले में एक दो बार उससे बात की गई थी। कोई मेरी आवाज को कॉपी कर इस तरह से ऑडियो बनाकर फंसाने का प्रयास कर रहा है।

**आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी:** सिलाव थाना अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि महिला कुछ दिनों से फिर से पति के साथ रहने की बात कह रही थी। इस बीच गांव के मुखिया से उसका संपर्क हुआ। मुखिया ने भी एक बार उन्हें जानकारी दी थी कि महिला अपने पति के साथ रहना चाहती है। उसका घर बसा दिया जाए। जबकि, महिला खुद लिखित रूप में अपने पति को 5 साल पूर्व देकर गई थी कि वह उसके साथ नहीं रहना चाहती हैं। उसपर गांव के पंच का भी हस्ताक्षर है। फिलहाल किसी पक्ष ने आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री श्रवण कुमार ने खरीफ महोत्सव का किया उद्घाटन

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से किसान खेती करें तभी किसान खुशहाल होंगे, खेती के लागत में कमी आएगी, तब अच्छा मुनाफा होगा। ये बाते मंत्री कुमार ने नूरसराय प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को आयोजित हुए खरीफ महोत्सव के उदघाटन के दौरान कह रहे थे। वहीं उन्होंने कहा की सरकार किसानों के लिए कल्याणकारी योजना चला रही ताकि किसान अच्छी खेती कर सके। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किसानों के लिए बिजली की मुक्कमल व्यवस्था की है। उसी का नतीजा है कि किसान गरमा मूंग व मक्का की खेती कर अच्छी आमदनी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि आज मौसम का मिजाज बदल रहा है। जिसके कारण कही अत्यधिक गर्मी तो कही अत्यधिक वर्षा हो रही है। मौसम का मिजाज सुधारने के लिए हमलोगों को पेड़ लगाने की जरूरत है।

**'कई तरह की योजना चला रही है सरकार':** वहीं इस अवसर पर जदयू के वरिष्ट नेता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा सरकार किसानों के लिए कई तरह की योजना चला रही है। ताकि किसान खुशहाल हो सके। बिहार में जो योजना चल रही है उसका अनुकरण दूसरा राज्य कर रही है।वहीं इस अवसर पर आत्मा अध्यक्ष आशुतोष कुमार ,नालन्दा उधान महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक विनोद कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामदेव पासवान , सी ओ दीपक कुमार, प्रखंड जदयू अध्यक्ष सोनी लाल, प्रखण्ड उधान पदाधिकारी रोहित कुमार, उप उधान निर्देशक अविनाश कुमार आदि लोग उपस्थित थे ।

# गया के कांट्रैक्टर नवादा में चोरी कर रहे बालू, वीडियो के आधार पर खनन विभाग ने की जांच

निज संवाददाता। गया



गया में नदी से अवैध तरीके से बालू उठाए जाने की शिकायत के बीच एक नई शिकायत आई है। अब बालू के कांट्रैक्टर दूसरे जिले की नदी से बालू की चोरी करने लगे हैं। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जिसके बाद पुलिस और खनन विभाग के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। मंगलवार की शाम पुलिस और खनन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान नवादा की सीमा में नदी से बालू चोरी की बात सत्य निकली। नवादा और गया जिले के खनन विभाग के अधिकारी ने कांट्रैक्टर के खिलाफ 3 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया।

**खनन विभाग के अधिकारी ने की जांच:** दरअसल गया जिले के मोहड़ा प्रखंड के पाण्डेय बीघा बालू घाट पर खनन किया जा रहा है। मंगलवार की सुबह नवादा जिले की सीमा में अतिक्रमण कर बालू का उठाव किए जाने का वीडियो स्थानीय ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी नीमचक बथानी डीएसपी प्रकाश कुमार, एसडीएम गोपाल कुमार को हुई तो उन्होंने इसकी जानकारी खनन विभाग के अधिकारी को दी। खनन विभाग के अधिकारी शाम में आए और मामले की जांच की। जांच में नवादा जिले की सीमा से भारी मात्रा में बालू का उठाव किया हुआ पाया गया।

**ग्रामीणों के विरोध पर जेसीबी लेकर भाग गए थे:** ग्रामीणों ने बताया कि गांव वालों के विरोध के बाद ठेकेदार अपने जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर भाग गए थे, लेकिन दोपहर में पूर्व से किए गए गढ्ढे को दोबारा से भर दिया गया। खनन इंस्पेक्टर अमित कुमार ने पूरे बालू घाट का जायजा लिया और पाया कि नवादा जिले की सीमा में घुस कर बालू की चोरी की गई है। उन्होंने अवैध खनन किए गए एरिया की मापी करते हुए ठेकेदार पर फाइन करने की बात कही। खनन इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि नवादा जिले के खनन विभाग के अधिकारी से संपर्क कर खनन किए गए बालू की मात्रा का आकलन कर फाइन किया जा रहा है। उन्होंने बताया की कुल 319500 रुपए फाइन किया गया है। यानि की 3 लाख से अधिक के बालू की चोरी की गई थी।

## 3 लाख से अधिक का जुर्माना

# पुलिस टीम पर हमला करने वाला गिरफ्तार, अवैध उत्खनन की सूचना पर पुलिस ने की थी घेराबंदी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 5-6 जून की रात अवैध उत्खनन के विरुद्ध नालंदा पुलिस और खनन विभाग के पदाधिकारी की ओर से बिहार थाना क्षेत्र के गोइठवा नदी और नकटपुरा गांव के पास संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध बालू, मिट्टी खनन में लगे 11 ट्रैक्टर, तीन बाइक, एक जेसीबी को जब्त किया था। इस मामले में मौके से कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, अब तक कुल सात लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में 51 नामजद और कुछ अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है। वहीं, बिहार थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन और पुलिस टीम पर हमला के आरोपी नकटपुरा गांव निवासी डोमन यादव के पुत्र शिवनारायण यादव उर्फ डिपू यादव को बिहार थाना क्षेत्र के अम्बेर मोड़ के पास किराए के कमरे से गिरफ्तार किया है। छापेमारी के क्रम में पुलिस ने 9 कारतूस भी बरामद किया है।

## छापेमारी में पांच धराए थे



**पहले भी हो चुकी है गिरफ्तारी:** बिहार थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि अवैध मिट्टी बालू उत्खनन के विरुद्ध 5-6 जून की रात्रि में संयुक्त रूप से पुलिस और खनन विभाग ने छापेमारी की थी। घेराबंदी के क्रम में पुलिस ने जब पांच लोगों को गिरफ्तार किया तो उसके साथी उन्हें छुड़ाने पहुंच गए थे और पुलिस बल पर फायरिंग की थी। इस मामले में अब तक कुल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। पुलिस पर फायरिंग के मामले में अब तक वीरेन यादव, सूरज कुमार, सुधांशु कुमार, विकास कुमार, विलास यादव, गणेश यादव एवं शिवनारायण यादव उर्फ डिपू को पकड़ा गया है।

# पुलिस पर मारपीट के आरोप का खंडन, मजदूरों की पिटाई मामले में हुई जांच

निज संवाददाता। गया



गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र जमुआवा पंचायत अंतर्गत बरातू बिगहा में महादलित परिवार के मजदूरों की पिटाई और घायल मजदूरों की ओर से पुलिस पर लगाए गए आरोप को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले की जांच की गई और मामले का खंडन किया गया है।

**पुलिस पर पथराव हुआ था:** मामले में वजीरगंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने खंडन करते हुए बताया कि दिनांक 9/6/24 को वजीरगंज थाना की गश्ती टीम मनैनी जाने वाले मार्ग से होते हुए गुजर रही थी। इसी दौरान एक बालू से लदा हुआ ट्रैक्टर पुलिस वाहन की ओर आता दिखाई दिया। ट्रैक्टर को रोककर बालू से संबंधित आवश्यक कागजत की मांग की गई। परंतु चालक ने कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। इसी दौरान एक स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने भाई के साथ पहुंचे और हंगामा करने लगे। भीड़ जमा कर ली। जिसके बाद उग्र भीड़ ने पुलिस के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए ट्रैक्टर को मुक्त करने का प्रयास किया। पुलिस ने विरोध किया तो भीड़ ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। सूचना तत्काल गश्ती टीम ने वजीरगंज थाना को दी। जिसके बाद वजीरगंज थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर विधि सम्मत तरीके से स्थिति को सामान्य किया।

# रेलवे ट्रैक पर मिला केन बम, दो घंटे तक ट्रेनों का आवागमन रहा बाधित

निज संवाददाता। गया



गया-कोडरमा रेलखंड पर केन बम मिलने से हडकंप मच गया। इसके कारण ट्रेनों की आवाजाही दो घंटे तक बाधित रही। केन बम ट्रैक पर रखा हुआ था। RPF के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक के अनुसार मामला बंसकटवा-यदुग्राम स्टेशन के बीच पोल संख्या 420 के पास का है। अप लाइन पर एक केन बम मिला है। गया से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। आसपास के इलाकों में भी सर्च अभियान चलाया जा रहा है। रेल प्रबंधन और प्रशासन की ओर से सतर्कता बरती जा रही है।

**6 बजे से शुरू हुआ परिचालन:** मामला दोपहर 3 बजे का है, सूचना मिलते ही एहतियातन सभी ट्रेनों के आवागमन पर रोक लगाया गया। करीब दो घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बंद रखा गया। मौके पर पहुंचे SI मृत्युंजय कुमार और गुरपा प्रभारी राजेश पासवान ने बताया कि केन बम करीब दो किलो का है। स्टेशन मास्टर उमेश प्रसाद का कहना है कि सभी ट्रेनों का परिचालन करीब 6 बजे शुरू कर दिया गया है।

**बम पर पड़ी कर्मियों की नजर:** सूत्रों की माने तो कोशी-हटिया सुपर फास्ट एक्सप्रेस के क्रॉस करने के दस मिनट बाद रेलवे ट्रैक पर केन बम होने की सूचना मिली थी। बताया जा रहा है कि ओवर हेड का काम कर रहे कर्मियों की नजर बम पर पड़ी थी। गनीमत रही कि ट्रेन के क्रास करने के दौरान केन बम नहीं फटा, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# नवविवाहिता की हत्या मामले में आठ आरोपित, घर से चार किलोमीटर दूर मिला था कंकाल

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 7 दिन से लापता नवविवाहिता का शव उसके ससुराल से 4 किलोमीटर दूर गोइठवा नदी से कंकाल के रूप में पुलिस ने सोमवार को बरामद की थी। मृतका दीपनगर थाना क्षेत्र के बद्री बीघा चकदिलावर गांव निवासी दीनानाथ केवट की (19) वर्षीय पत्नी अर्निका देवी है। 2 महीना पूर्व ही अर्निका की शादी दीनानाथ के साथ हुई थी। नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र निवासी अर्निका के भाई संजय केवट ने दहेज हत्या और छेड़खानी का विरोध करने के मामले में बहनोई समेत आठ लोगों को आरोपित कर मामला दीपनगर थाना में दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त दीनानाथ केवट और उसके भाई नगीना केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दी है।

**दफन लाश को नोच रहा था कुत्ता:** प्राथमिकी के अनुसार 1 लाख और 1 बाइक की डिमांड ससुराली परिवार की ओर से की जा रही थी। दीनानाथ केवट के भाई नगीना केवट ने अर्निका के साथ छेड़खानी करने का भी प्रयास किया था। विरोध पर दीनानाथ केवट और उसके घर वालों ने मिलकर पहले अर्निका की 3 जून को हत्या कर दी। इसके बाद शव को ले जाकर गोइठवा नदी में दफन कर दिया। उन लोगों को 4 जून को यह सूचना दी गई की अर्निका किसी के साथ भाग गई है। खोजबीन के क्रम में पता चला कि गोइठवा नदी में एक शव को कुत्ता नोच रहा है। जब घटनास्थल पर पहुंचकर दफन लाश को बाहर निकाला गया तो दुपट्टे और बेडशीट से पहचान की जा सकी। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस छापेमारी में जुट गई सभी आरोपित घर छोड़कर फरार है।

## मुख्य अभियुक्त समेत दो की गिरफ्तारी



# महिला पर धारदार हथियार से युवक ने किया हमला, घायल

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल के सामने वाली गली में जीविका की दो महिला कर्मी दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक जा रही थी। इसी क्रम में एक युवक ने एक महिला के शरीर पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसे साथ रही दूसरी महिला कर्मी के सहयोग से अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सतीश चन्द्र सिन्हा ने बताया कि घायल महिला की पहचान विनोबा नगर निवासी मिथलेश राजवंशी की पत्नी अनिता देवी के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि खून से लथपथ घायल महिला का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि घायल महिला के सिर, गर्दन, पीठ एवं पसली में कुल 6 जगहों पर धारदार हथियार के जख्म मिले हैं। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गई है। अस्पताल परिसर में एकम्बा गांव की एक महिला रंजू देवी ने बताई कि वे बाजार अपने निजी काम से आई थी। इसी दौरान घायल महिला को देखकर पहचान गई। उसके बाद वे अस्पताल आकर उसके परिजनों को सूचना दी। साथ ही कही कि घायल महिला जीविका में सीएम पद पर कार्यरत है और एकम्बा गांव में अक्सर आना-जाना लगा होता है। घटना की खबर की जानकारी जीविका बीपीएम मनीष कुमार समेत अन्य लोगों को मिली, तब वे भी घायल महिला की स्थिति जानने के लिए पहुंचे। वहीं अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। परिजनों ने कहा कि घायल महिला का पति चेन्नई में प्राइवेट जॉब करता है। वहीं महिला अपने 13 वर्षीय बेटे, 8 वर्षीय एवं 6 वर्षीय बेटी के साथ गांव पर रहकर अपना जीवन-यापन कर रही है। प्राथमिक इलाज के बाद घायल महिला अनिता देवी ने बताई कि वे बुधवार की दोपहर को अपनी सहकर्मी जोगियामारण पंचायत के तिलैया गांव निवासी पूजा कुमारी के साथ पुरानी बस स्टैंड स्थित डीबीजीबी बैंक जा रही थी। इसी बीच कादिरगंज के पचम्बा गांव निवासी शिवपूजन कुमार ने उसपर अचानक चाकू जैसे धारदार हथियार से अंधाधुंध हमला करने लगा। हमला होते देख साथ रही पूजा काफी डर गई। वहीं थोड़े ही देर में युवक ने महिला के छः जगहों पर जानलेवा हमला कर भाग खड़ा हुआ। घायल महिला ने कहा कि युवक उसको ब्लैकमेल करके पैसों की मांग कर रहा था। जब पैसे नहीं दिए, तो जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि हमलावर से घायल महिला का क्या रिश्ता है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।अस्पताल में मौजूद लोगों ने बताया कि घायल महिला के साथ रही लड़की डर के मारे कांप रही थी और अस्पताल में महिला को भर्ती कराने के बाद वह वापस घर चली गई। इस बाबत पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही थाने में पदस्थापित एसआई दशरथ चौधरी को अस्पताल परिसर भेजा गया है। घायल महिला के साथ रही लड़की से बात कर मामले की जानकारी ली जा रही है। साथ ही कहा कि घायल महिला के परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन दिए जाने के बाद उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## डैम के समीप शराब लदी बाइकों को छोड़कर धंधेबाज हुआ फरार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र में उत्पाद बलों द्वारा बिहार मद्दनिषेध को लेकर की जा रही कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में भय का माहौल व्याप्त है। जांच चौकी पर पदस्थापित उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि बीते मंगलवार की देर शाम गश्त में रहे एसआई सन्नी कुमार ने फुलवरिया डैम के बगल स्थित सड़क पर दो युवकों को दो बाइकों पर संदिग्ध स्थिति में देखे। जब उत्पाद बल युवकों के तरफ बढ़ने लगे तो दोनों युवक अंधेरे एवं जंगली रास्ते का फायदा उठाकर बाइकों पर लदे शराब को छोड़कर भाग खड़े हुए। जब्त शराब में 228 लीटर देशी महुआ शराब है। वहीं जब्त बाइकों में होंडा शाइन संख्या बीआर27के 7531 एवं एक बिना नम्बर के होंडा शाइन शामिल है। जब्त शराब एवं बाइकों को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि समेकित जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। इस दौरान मंगलवार की शाम से लेकर बुधवार की सुबह तक शराब के नशे में सफर कर रहे कुल 22 शराबियों को हिरासत में लिया गया। उत्पाद एसआई ने कहा कि सभी शराबियों को बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में सभी शराब पीने वाले लोगों से जुर्माना की राशि वसूल करने के बाद मुक्त कर दिया गया। इस दौरान उत्पाद एएसआई अंकित कुमार, पंचम लाल धीरज, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## जन जागरूकता ही रोक सकता है बाल श्रम-सचिव श्रीकांत

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** स्थित पेंशनर भवन में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रमिक निषेध दिवस पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। अध्यक्षता पेंशनर समाज अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि भारतीय संविधान के मूल अधिकार में शोषण के विरुद्ध अधिकार के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के श्रमिकों से काम नहीं लिया जा सकता है। बाल श्रम को जड़ से मिटाया जाना चाहिए। इस दौरान सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि बाल श्रम को मिटाने के लिए समाज में जन जागरूकता संबंधित कार्यक्रम चलाया जाए। अगर बाल श्रमिकों से काम लिया जाता है तो उसे पकड़ने पर बीस हजार रुपये का अर्थ दंड और छह माह की सजा दी जा सकती है, जो संविधान में 1986 ई० में अधिनियमित हुआ था।

## इंप्रेशन ग्रुप द्वारा नई दिल्ली में प्रदर्शनी का आयोजन

निज संवाददाता

**हाजीपुर।** 'इंप्रेशन' नाम से बख्तियार दादाभोय, मुकुल सरन माथुर, आशिमा मेहरोत्रा, कृष्णनाथ एस पाटिल और कुलदीप तिवारी द्वारा चलित एक सामूहिक प्रदर्शनी है। इन कलाकारों की कलाकृतियां 14-18 जून 2024 के दौरान विजुअल आर्ट्स गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 जून 2024 को शाम 5.00 बजे भारत हैबिटेट सेंटर की अध्यक्ष राजदूत भास्वती मुखर्जी द्वारा किया जाएगा, जिसमें रेलवे बोर्ड की अध्यक्षा और सीईओ जया वर्मा सिन्हा मुख्य अतिथि होंगी। यह 15-18 जून 2024 (सुबह 11 बजे से शाम 07 बजे तक) जनता के देखने के लिए खुला रहेगा। यह प्रदर्शनी रूप और रंग के भावनात्मक और अभिव्यंजक गुणों पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक कलाकार एक विशेष मनोदशा या भावना व्यक्त करता है। यह विभिन्न विषयों या रंग पैलेट की खोज करते हुए प्रत्येक कलाकार के अनूठे दृष्टिकोण और शैलियों को दर्शाता है। पेंटिंग अमूर्त कला की दुनिया में रंग, आकार और संरचना की सीमाएँ में भी प्रवेश करती हैं । थीम को इस प्रकार लचीला और समावेशी बनाया गया है, जिसमें प्रत्येक कलाकार एक साझे ढांचे के भीतर एक अनूठी दृष्टि की व्याख्या और अभिव्यक्ति कर सके। कलाकारों में आशिमा मेहरोत्रा शामिल हैं, जिनके नाम कई कला शो हैं। कला का माध्यम वाटर कलर, ऐक्रेलिक, ऑयल पेंटिंग्स का मिश्रण है। बी. के. दादाभॉय, आशिमा मेहरोत्रा, मुकुल सरन माथुर, कृष्णनाथ एस. पाटिल और कुलदीप तिवारी के जादुई ब्रश जीवन के समय और रिदम के अस्तित्व के विविध रंगों को समाहित करते हैं ..... प्रत्येक कलाकार का संक्षिप्त परिचय नीचे दिया गया है -

1. बख्तियार दादाभॉय, एक पूर्व सिविल सेवक और नौ पुस्तकों के लेखक, एक स्व-शिक्षित कलाकार हैं, जिन्होंने तेल में पेंटिंग शुरू की थी, लेकिन बाद में ऐक्रेलिक में बदल गए। उनकी वर्तमान कृतियाँ प्रकृति की भव्यता से प्रेरित अमूर्त पेंटिंग्स को प्रदर्शित करती हैं। पेंटिंग प्राकृतिक दुनिया के सार को पकड़ती हैं, इसकी सुंदरता को कला के जीवंत अभिव्यंजक कार्यों में बदल देती हैं। उनके काम भावनाओं को जगाते हैं, कल्पना को जगाते हैं और दर्शकों को रूप, रंग और बनावट के बीच जटिल संबंधों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करते हैं। बोल्ड ब्रशस्ट्रोक और ज्वलंत रंगों के माध्यम से उनकी पेंटिंग प्राकृतिक दुनिया को इस तरह से जीवंत करती हैं जो गहराई से व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक प्रतिध्वनि वाली भी है।

2. मुकुल सरन माथुर एक सिविल सेवक हैं, जिनमें रचनात्मकता, सटीकता और विवरणों पर नज़र रखने की कुशाग्रता है। उनके कामों में उनके अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो प्राकृतिक दुनिया को मानव निर्मित दुनिया में लाने के तरीके के रूप में अभिव्यक्तियों में समाहित होती है, जो अक्सर उनके दर्शकों को पर्यावरण, विरासत और जीवन के आसपास के सामाजिक परिवेश के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करती है। उनकी कला प्रकृति और मानव अस्तित्व के बीच तालमेल और समय के साथ समाज के विकास पर उनके गहन प्रभाव के बारे में बातचीत को प्रोत्साहित करती है। मुकुल का पसंदीदा माध्यम वाटर कलर और ऑयल पेंटिंग है, जिसके माध्यम से वे प्रकृति, प्रेम और सद्भाव की अपनी अंतहीन कहानियों को व्यक्त करते हैं। जबकि उन्हें वाटर कलर के माध्यम की सरलता पसंद है, उन्होंने जोश और जुनून के साथ ऑयल पेंटिंग को भी अपनाया है। ऑयल पेंटिंग में उनका काम रंग और रूप के बीच एक संवाद है जो निरंतर उथल-पुथल के बीच सामंजस्य की तलाश करता है।

3. आशिमा मेहरोत्रा दिल्ली में रहने वाली एक दृश्य कलाकार और सिविल सेवक हैं। उन्हें बचपन से ही कला में गहरी दिलचस्पी थी। वह हमेशा लोगों, प्रकृति और यात्रा से प्रेरित होती थीं। रेलवे और पर्यटन में उनकी नौकरी ने उन्हें भारतीय शहरों और विभिन्न कला रूपों की विविधता का पता लगाने में मदद की। उन्होंने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कला प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनियों में भाग लिया है, और विभिन्न मंचों पर पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उन्होंने हाल ही में रेलवे की ओर से संस्कृति मंत्रालय के साथ स्क्रैप मेटल से बने इंस्टॉलेशन के विचार और निष्पादन के लिए सहयोग किया है। उनके सभी काम उनके अनुभवों और व्यक्तित्व का प्रतिबिंब हैं। आज वह अपनी खुद की दृश्य भाषा और आईएसएम के साथ एक दृश्य कलाकार हैं।

4. कृष्णनाथ पाटिल की कृतियाँ कला के प्रति उनके जिज्ञासु अवलोकन, गहन ज्ञान और उत्साह का उपहार हैं। वह एक स्व-प्रशिक्षित कलाकार हैं, जिन्होंने चित्रकला की विभिन्न विधियों, तकनीकों और अनुप्रयोगों के अध्ययन और अनुसंधान में गहराई से काम किया है। वह कई कलाकारों से प्रेरित हैं, जिनकी सूची लंबी और प्रभावशाली है। फिर भी, वह अपनी खुद की एक शानदार शैली लेकर आए हैं। यह कहना निश्चित रूप से अतिशयोक्ति नहीं होगी कि एक कलाकार और एक सिविल सेवक के रूप में उनकी भूमिकाएँ लगभग अविभाज्य हैं और एक-दूसरे को अमर बनाती हैं। प्रकृति के साथ अमूर्तता को मिलाने की जीवंत कल्पना के साथ उनकी शैलीगत तकनीकों और विधियों पर उनका अधिकार है। वह अद्भुत घने और चमकीले रंगों के साथ अद्भुत हैं। कला के प्रति भविष्यवादी दृष्टिकोण के साथ उनके पास कई समूह शो और एक एकल शो हैं, और वे अपनी कला को प्रेम और शांति की सच्चाई की खोज के लिए एक मंच के रूप में वर्णित करते हैं।

5. कुलदीप तिवारी रेलवे के साथ काम करने वाले एक दृश्य कलाकार और सिविल सेवक हैं। वे प्रकृति की विविध अभिव्यक्तियों से प्रेरित हैं। वे मुख्य रूप से ऐक्रेलिक में काम करते हैं।

## प्रभारी मंत्री का जिला में होगा आगमन करेंगे सभी विभागों की समीक्षा

**नवादा (नि.सं.)।** डॉ० प्रेम कुमार मंत्री, सहकारिता विभाग-सह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार-सह-प्रभारी मंत्री, नवादा जिला का आगमन 11:45 बजे पूर्वा० में समाहरणालय, नवादा में होगा। प्रभारी मंत्री विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। श्री प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा प्रभारी मंत्री के आगमन को लेकर आदेश जारी किया गया है एवं मिनट-टू मिनट कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। जिलाधिकारी के आदेशानुसार संबंधित पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, प्रोटोकॉल ऑफिसर, आवासन, आकस्मिक चिकित्सा आदि की व्यवस्था की गयी है। प्रभारी मंत्री नवादा के आगमन के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

## न्यायालय परिसर से बाहर अधिवक्ता पर जानलेवा हमला

**नवादा (नि.सं.)।** व्यवहार न्यायालय के बाहर उस समय अफरातफरी का माहौल कायम हो गया जब कुछ अपराधकर्मियों ने न्यायालय से बाहर निकलते ही अधिवक्ता पर जानलेवा हमला कर दिया। बाद में अधिवक्ताओं के बीच बचाव के बाद अधिवक्ता की जान बचायी जा सकी। इस बीच न्यायालय परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को अपनी गिरफ्त में थाना के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान नरहट के संजय कुमार के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि न्यू एरिया के अधिवक्ता राकेश कुमार न्यायालय कार्य संपन्न कर करीब दस बजे जैसे ही घर के लिये न्यायालय गेट के पास पहुंचे कि पूर्व से घात लगाये चार की संख्या में अपराधियों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले की आबाज मिलते ही अधिवक्तागण व सुरक्षा कर्मी दौड़ पड़े।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा बच्चों के बीच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

निज संवाददाता




**रजौली (नवादा)।** हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फॉउंडेशन के द्वारा रजौली एवं सिरदला प्रखण्ड के सुदूरवर्ती इलाकों मे विश्व बाल मज़दूरी निषेध दिवस का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत मुखिया राम बालक सिंह, स्थानीय वार्ड सदस्य अनिल यादव, संस्था द्वारा गठित सी.आर.पी.सी सदस्यो, स्थानीय शिक्षक एवं परियोजना प्रबन्धक निलेश कुमार द्वारा सामुहिक रुप से फीता काटकर किया गया। निलेश कुमार ने बताया की आज का दिन बाल मजदूरी के गंभीर मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने का अवसर है। बाल श्रम को लेकर अभी भी लोगों में जागरुकता का अभाव है, बड़ी संख्या में लोगों को बाल श्रम जायज लगता है। लोगों की मानसिकता बदलने के लिए हैंड इन हैंड इंडिया ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर एक महीने का कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें स्कूल चलो अभियान एवं बाल आधिकार रैली, बाल श्रम के दुष्प्रभावों विषय पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर लेखन, चित्रकला, ऐतिहासिक स्थल भ्रमण एवं खेल कूद कार्यक्रम शामिल रहेगें। संस्था द्वारा चलाए जा रहे बाल मज़दूरी निषेध कैंपेन के तहत आज रजौली एवं सिरदला प्रखंड के मोहनरिया, जिरवातरी, राधेबीघा एवं हरैयाकोला जैसे पिछड़े क्षेत्र के बच्चों के बीच पोस्टर लेखन, बाल मज़दूरी दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सार्टिफिकेट एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था कर्मी अभय कुमार एवं सुमंत कुमार द्वारा स्थानीय अभिभावक एवं बच्चों को बाल मज़दूरी के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए सभी को शपथ दिलवाई कि हम किसी भी बच्चे को अपने व्यवसाय मे बाल मज़दूरी नहीं करवाएंगे और ऐसे सामानों का खुद भी प्रयोग नही करेंगे जिसमे बाल श्रम लगा हो। कार्यक्रम के अंत मे परियोजना कर्मी रितेश कुमार एवं जितेन्द्र कुमार द्वारा सभी आगंतुको को प्रोजेक्टर के माध्यम से, शिक्षा का महत्व, बाल आधिकार एवं चाइल्ड लाइन की सेवाओं के उपर प्रेरक विडियोज प्रर्दशित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सन्तोष कुमार रजक, गुड़िया कुमारी, स्थानीय ग्रामीण एवं बच्चों ने अहम भुमिका निभाई।

## नवादा में पढ़ाई कर रही नालंदा की छात्रा ने की आत्महत्या

**नवादा (नि.सं.)।** नगर के कृष्णा नगर मोहल्ले (यादव चौक, वीआईपी कॉलोनी) में युवती ने बुधवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका नालंदा जिले के कतरी सराय थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी शैलेंद्र यादव की पुत्री सोनाली कुमारी थी। वह नवादा में रहकर पढ़ाई कर रही थी। सूचना के बाद पहुंची नगर थाना की पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। शव को बरामद कर पास्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची। सूचना बाद परिजन भी पहुंच गए । सदर अस्पताल में मौजूद पिता ने बताया कि सोनाली नवादा में रहकर पढ़ाई करती थी। सुबह में अपनी बहन से मोबाइल पर बात की थी। 2 घंटे के बाद पुलिस की सूचना आई कि आपकी बच्ची फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या क्यों की इसके बारे में परिजन बताने में असमर्थ रहे। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

## उच्चतम न्यायालय में लगेगी विशेष लोक अदालत

**नवादा (नि.सं.)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशीष रंजन ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के द्वारा लम्बित सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु विशेष लोक अदालत का किया जायेगा। नवादा जिले वासियों से अनुरोध है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित सुलहनीय वादों का निष्पादन अवश्य करायें।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के सिरोडावर पंचायत के भौर गांव से एसआई गौतम कुमार ने चोरी की एक अपाची बाइक जब्त किया। बाइक के साथ एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि मंगलवार को चोरी की बाइक को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु गश्त में रहे पुलिस बलों को भौर गांव भेजा गया। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा।जिसे पुलिस बलों की मदद से खदेड़ कर पकड़ा गया। युवक से पूछताछ के दौरान बथान के पीछे छुपाकर रखे अपाची बाइक संख्या बीआर24एसी4506 के कागजात की मांग की गई। किन्तु कोई वैध कागजात नहीं दिखाया गया। साथ ही युवक ने कहा कि वह इस बाइक से शराब का धंधा करता है। जिसके बाद बाइक को जब्त किया गया एवं युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान भौर गांव निवासी हरिश्चन्द्र यादव के पुत्र भोला कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक पूर्व से रजौली थाना काण्ड संख्या 20/24 एवं उत्पाद थाना काण्ड संख्या 687/23 में नामजद अभियुक्त है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध जब्त चोरी के बाइक को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। वहीं गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं०- 08 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं०-02-डीडीयू-व०मं०इंजी०-I-24-25 सहायक मंडल इंजीनियर/एक्स-विक्रमगंज के अधीन आरा-सासाराम सेक्शन में नोखा के तरफ फ्लाई ओवर को आई०आर० लाइन के ट्रैक को जोड़ने संबंधित अन्य कार्य **(ii) कार्य का अनुमानित लागत:** ₹17881360.05 **(iii) धरोहर राशि:** ₹239400.00 **(iv) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 02.07.2024 को 12:00 बजे तक **(v) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in नोट:- विवाद की स्थिति मे अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00455/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/24-25/32

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला योजना कार्यालय)
अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

योजना एवं विकास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक-यो04/S.H.A-21/2016-5303 दिनांक 14.09.2016 के आलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, औरंगाबाद के भवन की आंतरिक एवं बाह्य भाग जिसका Indicative Site Area 65,650 Sq ft है जिसमें Main Building Built up Area 23700 Sq ft तथा Cycle stand 4416 Sq ft है की साफ-सफाई एवं रख-रखाव बाह्य स्त्रोत (Outsourcing) के आधार पर कराने के निमित्त इच्छुक संस्थानों/फर्मो/सेवाप्रदाताओं/निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा Double bid system के अंतर्गत अंतिम तिथि दिनांक **09.07.2024 को 03:00** बजे अप0 तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में प्राप्त की जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफों में एवं दोनो एक बड़े लिफाफे में मुहरबंद स्वीकार की जायेगी। तकनीकी निविदा संबंधित समिति के सदस्यों के समक्ष अध्यक्ष, निविदा समिति के कार्यालय में दिनांक **09.07.2024 को 03:30** बजे अप0 तक बजे खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

1. विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद एवं जिले की वेबसाईट **www.aurangabad.bih.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No. 001701 (Planning) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

Govt. of Bihar

Government Engineering College, Aurangabad

SHORT TERM NOTICE INVITING E-TENDERS

1. Government Engineering College, Aurangabad has been established under the Department of Science, Technology and Technical Education, Government of Bihar to cater to the needs of technical education. The college/institute is providing technical education as per the norms set by the All-India Council for Technical Education (AICTE). The Government Engineering College, Aurangabad intendents to Canteen Service invites bids from eligible entities as mentioned in the tender document.
2. The contract will be signed between Government Engineering College, Aurangabad and the successful agency/bidder.
3. To participate in the e-tendering process, the bidder/agency are required to get themselves registered with eproc2.bihar.gov.in.

**Name Of Work : Quotation for Services of Canteen**

| SL.No. | Scope of Work | Cost of Tender Document (Non-Refundable) (Inclusive GST) | Tender processing Fee (Non-Refundable) (Inclusive GST) | Earnest Money Deposit ( In Rupees ) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Quotation for ervices of Canteen | R.s. 1000.00 (One T) | Rs. 590.00 Five Hundred Ninety | Rs. 10,000.00 |

**Schedule of Events:**

| Sn. | Event Description | Timeline |
|---|---|---|
| 1 | Start date & Last Date | **12.06.2024** To **25.06.204 up to 05:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in |
| 2 | Pre-bid meeting | **22.06.2024 at 11:00 AM** |
| 3 | Submission (upload) of online bidding document. | **25.06.2024 till 10:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Submission of EMD | Online by 25**.06.2024** to Government Engineering College, Aurangabad |
| 5 | Opening of Technical Bid | **27.06.2024** on the eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Opening of Financial Bid | **28.06.2024** on eproc2.bihar.gov.in |
| 7 | Pre- bid meeting venue | Government Engineering College, Aurangabad Arathua, Kasma, Rafiganj, 824125 |
| 8 | Contact person | Principal Government Engineering College, Aurangabad Mobil no- 8743074732 Email ID- principal@gecaurangabad.ac.in |
| 9 | Method of Selection | Least Cost Selection (LCS) |

**Note:** For further Details Please visit website state.bihar.gov.in/prdbihar/ gecnawada2019@gmail.com
This information is available on **www.state.bihar.gov.in/prdbihar also**

Principal
Government Engineering College, Aurangabad

PR. No. 001511 (Sci. & Tech.) 2024-25

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# संक्षिप्त समाचार

## संबद्ध कॉलेजों ने शुल्क लेने की मांग कुलपति से की

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कई संबद्ध कॉलेजों ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला विद्यार्थियों से प्रैक्टिकल/ लैब चार्ज लेने की मांग कुलपति डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी से की है। कॉलेजों का कहना है कि यदि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिला विद्यार्थियों से शुल्क नहीं लिया जाएगा तो कॉलेज चलाना काफी मुश्किल हो जाएगा। संबद्ध कॉलेज में 60 से 80% अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिला विद्यार्थी नामांकन लेते हैं यदि उनसे प्रैक्टिकल अथवा लैब चार्ज नहीं लिया जाएगा तो महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों को वेतन कैसे दिया जा सकेगा। मालूम हो कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने सभी अंगीभूत कॉलेज और संबद्ध कॉलेजों को निर्देश जारी किया है कि प्रैक्टिकल/ लैब चार्ज नहीं लिया जाएगा।

## पैसे के विवाद में पुत्र ने पिता को पीटकर किया घायल

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मुहल्ला में पुत्र और पुत्र की। पत्नी ने पैसे के विवाद में पिता को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मुहल्ला निवासी ललन भगत ने बताया की मेरा पुत्र और उसकी पत्नी हमेशा हमको पैसा के लिए तंग करती थी। मंगलवार की सुबह भी हमसे पैसा मांग रहा था। मै पैसा नही दिया जिसको लेकर मेरे साथ दोनों ने मिलकर मारपीट किया। जिसमें मैं घायल हो गया।

## वीकेएसयू के पूर्व अध्यक्ष ने गर्मी की वजह से परीक्षा रद्द करने की मांग

**आरा।** चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के तहत सेमेस्टर टू सत्र, 2023-27 की परीक्षा 13 जून से शुरू होगी जो कि यह परीक्षा 21 जून तक संचालित होगी। यह परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह दस से एक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक ली जायेगी। पहली पाली में कला विषय के सामजिक विज्ञान और मानविकी संकाय के विषयों के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। जबकि दूसरी पाली में विज्ञान और कॉमर्स संकाय के विषय के विद्यार्थियों की परीक्षा ली जायेगी। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार द्विवेदी ने आगामी स्नात्तक सेमेस्टर टू की परीक्षा अगले आदेश तक के लिए स्थगित करने की मांग कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी से की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में प्रचंड गर्मी और जानलेवा लूं को ध्यान में रखते हुए अगले आदेश तक परीक्षा स्थगित कर देनी चाहिए। इस प्रचंड गर्मी और जानलेवा लूं को देखते हुए सरकार ने भी सभी स्कूलों को अगले एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा भी बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि अगले एक सप्ताह तक हो सके तो दिन में बाहर ना निकले। गौरतलब हो कि परीक्षा के लिए भोजपुर जिले में 18 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इसमें एचडी जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, एसबी कॉलेज, डॉ केके मंडल कॉलेज जगदीशपुर,जेडीएस कॉलेज डिलियां, महात्मा गांधी कॉलेज लहराबाद पीरो, डॉ अरविंद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दुलारपुर, पयहारी जी महाराज कॉलेज, आरएसएम डिग्री कॉलेज धनुपरा, अल हफीज कॉलेज, धरीक्षण शांति मीरा सिद्धनाथ डिग्री कॉलेज कुल्हड़िया, तपेश्वर सिंह इंदु महिला कॉलेज, एमएम महिला कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, माता मंझारों अजब दयाल सिंह कॉलेज जगदीशपुर, गीता प्रदीप कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन असनी, संत श्री बरहना महिला कॉलेज, एसटीएसएम कॉलेज पनवारी को केंद्र बनाया गया है। इधर, रोहतास जिले में 23 केंद्र, कैमूर जिला में नौ केंद्र और बक्सर जिला में दस कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।

## जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन

**बक्सर।** मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से आगामी 17 जून को ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित जिला शांति समिति के सदस्यों के द्वारा आगामी पर्व ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व को लेकर अपने-अपने सुझाव डीएम एसपी के समक्ष रखा गया एवं विमर्श किया गया। डीएम ने उपस्थित जिला शांति समिति के सभी सम्मानित सदस्यों, सभी जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए आगामी ईद-उल-जोहा (बकरीद), पर्व को शांतिपूर्ण एवं सदभावना पूर्वक मनाये जाने का अनुरोध किया। निर्धारित रूट के सभी मार्गों के लूज एवं लटके हुए तारों की मरम्मती कराने को कहा गया आगामी पर्व को देखते हुए पर्व से पहले सभी मार्गों की साफ-सफाई कराते हुए चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। डीएम ने यह भी बताया गया कि 16 जून को गंगा दशहरा स्नान एवं 17 जून को निर्जला एकादशी स्नान है। इस हेतु सभी सीओ एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि चिन्हित घाटों यथा रामरेखा घाट आदि का विशेष रूप से निगरानी रखना सुनिश्चित करेंगे। सभी एसडीओ बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि शांति समिति में पूर्व सैनिकों को भी सम्मिलित करें। एसपी ने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि बाइक गशती के माध्यम से ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व के दौरान विधि व्यवस्था पर नजर बनाए रखेंगे। सोशल मीडिया पर किसी भी आपतिजनक पोस्ट पर अविलंब संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करेंगे।

## दाखिल खारिज के मामले निपटाने के निर्देश

**बक्सर।** आयुक्त पटना प्रमंडल पटना की अध्यक्षता में राजस्व संबंधी मामले पर प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान डीएम अंशुल अग्रवाल ने भाग लिया। दाखिल खारिज के वैसे लंबित मामले जो समय सीमा के उपरांत भी लंबित हैं, के लिए विशेष कैंप का आयोजन कर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ हीं आवेदक के पक्ष को सुने बगैर किसी भी दाखिल खारिज आवेदन को अस्वीकृत नहीं किया जाएगा। परिमार्जन के वैसे मामले जो बहुल्य संख्या में लंबित हैं उसका विभागीय नियमानुसार त्वरित गति से ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## रेलवे ने परिवादी को दिया 9 लाख का चेक

**बक्सर।** जिला उपभोक्ता आयोग के आदेश के बाद रेलवे ने परिवादी शंकर प्रसाद शाह को 9 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उक्त चेक को रेलवे ने उपभोक्ता आयोग के फैसले का अनुपालन करते हुए जमा किया था। अधिवक्ता विष्णु दत्त द्विवेदी ने बताया कि कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के रहने वाले शंकर प्रसाद साह 31 अगस्त 2013 को रघुनाथपुर स्टेशन पर जमानिया जाने के लिए पैसेंजर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान डाउन लाइन से ब्रह्मपुत्र मेल पूरी रफ्तार से गुजर रही थी। बोगी के नीचे से लोहे का रॉड टूटकर निकल गया तथा प्लेटफार्म पर बैठे शंकर प्रसाद शाह के पैर में जा लगा था। उक्त घटना में शाह को गंभीर चोट लगी तथा बाद में उसके पैर को घुटने के नीचे से काटना पड़ा था। उक्त मामले को लेकर पीड़ित ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दाखिल किया था। सुनवाई में आयोग ने विपक्षी रेलवे की सेवा में त्रुटि पाया गया था। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा 8 जनवरी 2016 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया जिसमें विपक्षी की सेवा में त्रुटि पाकर परिवादी को क्षतिपूर्ति के रूप में देने का आदेश सुनाया गया।

## केक काट मनाया राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का जन्मदिन

**बक्सर।** बक्सर राष्ट्रीय जनता दल के जिला कार्यालय में मंगलवार को राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद की 77वां जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे। लालू प्रसाद के अवतरण दिवस की खुशी में पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह के नेतृत्व में केक काटा गया। केक काटने के बाद सभी कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया गया। सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। इस कार्यक्रम में श्वेता पाठक, प्रधान महासचिव धनपति चौधरी, प्रदेश झुग्गी झोपड़ी के अध्यक्ष सन्तोष कुमार भारती, युवा राजद जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र आजाद, राजपुर प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इफ्तेखार अहमद, सिया राम राय, प्रदेश महासचिव निर्मल कुमार सिंह कुशवाहा, प्रदेश युवा महासचिव रामाशंकर सिंह कुशवाहा, प्रेम खरवार, भुट्टो खान, नगर अध्यक्ष शहवाज अख्तर, फिरोज रजक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुराने मकान में मिली युवक की लाश, एक दिन पहले घर से निकला था

निज संवाददाता। आरा

### बदबू से मौत की जानकारी लोगों को हुई



भोजपुर के धोबहां थाना क्षेत्र के धोबहा बाजार में एक दिन पूर्व घर से निकले युवक का शव बरामद हुआ है। उसका शव स्थानीय थाना क्षेत्र के धोबहा बाजार स्थित उसके पुराने मकान में स्थित दुकान से मंगलवार को बरामद हुआ। मृतक धोबहा थाना क्षेत्र के धोबहा बाजार निवासी अजय कुमार गुप्ता का 26 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार है। वह इस मकान में पहले मोबाइल का दुकान चलाता था। मृतक के पिता अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह घर से निकला था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। उन्होंने बताया कि जिस घर में उसका शव मिला है। वह घर पुराना है और बंद रहता है। कभी-कभी वह अपने दोस्तों के साथ वहां जाता है और उसे घर से कुछ दूरी पर हम लोगों का दूसरा घर है। जिसमें सभी लोग रहते हैं। जब वह सोमवार की दोपहर घर से निकला था तो अपनी पत्नी का मंगलसूत्र लेकर निकला था। जानकारी उसकी पत्नी ने स्थानीय थाना को भी दी।

**गांव के एक लड़के ने कहा, मकान से बदबू आ रहीः** उन्होंने बताया कि जब मैं अपनी दुकान पर बैठा था। तभी गांव का एक लड़का आया और बोला कि आपके पुराने मकान से बदबू आ रही है। जिसके बाद वह वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि अंदर का शटर खुला है और चैनल गेट में बाहर से ताला लगा हुआ है। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना वहां पहुंची। इसके बाद ताला तोड़कर देखा गया तो वह मृत अवस्था में पड़ा है और उसका हाथ बैंडेज से उसके बेल्ट में बांधा हुआ है। जिसके बाद जब उसके बैंडेज को काटा गया तो उसका चेहरा पूरा सुजा हुआ था और काफी खून भी बह रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण होगा स्पष्टः** दूसरी ओर मृतक के पिता अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि उसकी मौत कैसे हुई, मालूम नहीं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। साथ उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार की कोई आरोप या आशंका भी नहीं जताई है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। चंदन की शादी इसी वर्ष 21 जनवरी को वाराणसी में हुई थी। मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां पार्वती देवी, पत्नी सोनम वर्मा व तीन बहन खुशबू देवी, सोनम देवी, श्रेष्ठी कुमारी और एक भाई ओम सागर है।

# पलंबर मिस्त्री का मिला शव, हत्या की आशंका

निज संवाददाता। आरा



♦ परिजनों से मोड़ पर जाने की बात कह घर से निकला था, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव में घर से निकले पलंबर मिस्त्री का शव बरामद हुआ है। उसका शव कोईलवर पुराना पुल स्थित बबुरबानी से मंगलवार को बरामद किया गया है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर वार्ड नंबर-10 निवासी मो. खुर्शीद का 25 वर्षीय पुत्र मो.राजा है। मृतक के छोटे भाई मो. सद्दाम ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे वो घर से कह कर निकाला था कि मैं मोड़ से आ रहा हूं पर वापस नहीं लौटा। इसी बीच अज्ञात आदमी ने फोन कर सूचना दी कि भाई का शव कोईलवर पुराना पुल स्थित बबुरबानी में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर परिजन खोजबीन करते हुए जब वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा है।उन्होंने इसकी सूचना कोईलवर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के छोटे भाई मो. सद्दाम ने लोहे के रॉड से मारकर और हाथ जलाकर अपने भाई की हत्या की आशंका जताई है।

**मौत का कारण स्पष्ट नहींः** गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार के विवाद और दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। जबकि पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार मृतक युवक की मौत संदिग्ध है।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की मौत

निज संवाददाता। आरा

♦ लू लगने की जताई जा रही आशंका, ग्रामीणों ने दी परिजनों को हादसे की सूचना



भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया-इटहना मार्ग पर जगशाला के पीछे ब्रह्म स्थान के समीप बधार में खेत की रखवाली कर रहे एक युवा किसान की मौत हो गई। लू लगने की आशंका जताई जा रही है। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी विक्रमा यादव का 35 वर्षीय पुत्र कमला यादव है। इधर मृतक के बड़े भाई अघड़ यादव ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह गांव में जगशाला के पीछे ब्रह्म स्थान के समीप बधार में खेत की रखवाली करने गया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीण से सूचना मिली के भाई की मौत हो गई है। सूचना स्थानीय थाना को दी गई।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगाः** मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में कराया। वहीं, दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई अघड़ यादव ने लू लगने के कारण अपने भाई की मौत होने की बात कही है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई और दो बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार में मां देवमुना देवी, दो भाई अघड़ यादव, कबीर यादव और दो बहन आरती-रीता है।

# हथियार लेकर घूम रहा बदमाश गिरफ्तार, पुलिस ने पिस्टल और कारतूस किया बरामद, केस दर्ज

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर स्थित शिक्षक कॉलोनी में पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ एक बदमाश को रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तार सोनू गुप्ता बिहिया के शिक्षक कॉलोनी का निवासी है। आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। इधर, एसपी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहिया के कस्तूरबा बालिका विद्यालय के समीप स्थित शिक्षक कॉलोनी में एक शख्स अवैध हथियार लिए है, जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

**सशस्त्र बलों ने खदेड़ कर पकड़ाः** सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार के नेतृत्व में टीम गठित कर शिक्षक कॉलोनी में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखकर भागने लगा। बाद में सशस्त्र बलों ने खदेड़ कर बदमाश को पकड़ा। तलाशी लिए जाने पर एक कट्टा और एक कारतूस बरामद किया गया। पुलिस पकड़े गए बदमाश से हथियार के बारे में पता लगा रही है।

**विशेष छापेमारी अभियान में 30 पकड़े गएः** एसपी नीरज कुमार सिंह के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 30 पकड़े गए। इसमें हत्या के प्रयास में एक, आर्म्स एक्ट में एक, अपहरण कांड में एक, वारंट में छह और शराब में 12 पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान तीन शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 45 लीटर देसी और 28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। करीब 1400 लीटर शराब को नष्ट की गई। करीब पांच अजमानतीय और छह जमानतीय वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 815 वाहनों की जांच की गई।

# बिजली-पानी के लिए सड़क जामकर किया प्रदर्शन, हाथ में बाल्टी लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले में लगातार गर्मी के साथ बिजली गुल और पानी की समस्या को लेकर आरा शहर के वार्ड-25 मछुआ टोली के मोहल्लेवासियों ने बुधवार को गोपाली चौक–धरहरा मुख्य मार्ग मछुआ टोली मोहल्ले के समीप आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित महिला और पुरुष मोहल्लेवासियों ने हाथों में बाल्टी लेकर सड़क पर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम होने के कारण आने–जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**बच्चों का ज्यादा हो रही परेशानीः** हंगामा कर रही महिला शबाना ने बताया कि पिछले कई दिनों से मोहल्ले में ना तो लाइट है ना ही पानी की सप्लाई की जा रही है। दिन–रात दूसरे के घरों में जाकर पानी लाने पर हम लोग मजबूर हैं। भीषण गर्मी में घर के बच्चे काफी परेशान हो रहे हैं। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तबतक हम लोग सड़क पर आंदोलन करते रहेंगे। माले नेता कयामुद्दीन ने बताया कि पिछले एक महीना से मछुआ टोली स्थित पानी की टंकी का मोटर जल गया है।

**मांगें पूरी होने तक आंदोलन होता रहेगाः** बुडको के अधिकारी को फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया। नगर आयुक्त ने किसी भी समस्या का हल नहीं निकाला। आक्रोशितों ने कहा हम चाहते हैं आरा के मेयर से कि आप किस गली में मुंह छिपकर छिप गए हो। ये आरा शहर के लोगों की समस्या है यहां मेयर को आना चाहिए, इनकी समस्या को सुननी चाहिए। अबतक कोई पदाधिकारी मिलने नहीं आया है। बच्चे, बूढ़े और महिलाएं परेशान है। जब तक हमारी मांग को पूरी नहीं होती है तबतक आंदोलन जारी रहेगा।

# पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में आत्महत्या की जताई जा रही आशंका

बक्सर के खलवा ईनार के पास एक अधेड़ का शव पेड़ से लटकता मिला। घटना की जानकारी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद शव को देखने के लिए आसपास के लोगो को भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर डुमरांव थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। मृतक की पहचान कोपवा गांव के निवासी 55 वर्षीय रामप्रवेश राम के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह खलवा ईनार के पास से गुजर रहे लोगो ने एक पेड़ से एक अधेड़ का शव लटकता हुआ देखा। आशंका जताया जा रहा है कि घरेलू कलह से तंग आकर रामप्रवेश राम अपने ही लूंगी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। हालांकि परिजनों ने इससे इनकार किया है।

**जांच में जुटी पुलिसः** घटना के बारे में डुमरांव थानाध्यक्ष अनिशा राणा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# यूपी में हुए हादसे में बक्सर के युवक की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



यूपी के चंदौली में भीषण सड़क दुर्घटना के कारण बक्सर के बनारपुर गांव निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। जिन्हें वाराणसी के ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार मृत युवक का यूपी पुलिस द्वारा पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिसका शव गांव में पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है की मृतक अपने भाइयों के साथ बाहर काम करता था। मृतक की पहचान बनारपुर निवासी विजय गुप्ता का पुत्र राजेश गुप्ता(38), राहुल गुप्ता (32) और रोहित गुप्ता (30) के रूप में हुई है। जो यूपी के वाराणसी में काम करते थे।

**सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराया पिकअपः** जहां से काम समाप्त करने के बाद वाराणसी में एक पिकअप वाहन पर अपना सारा समान लोड कर मंगलवार को अपने गांव बक्सर जिला स्थित बनारपुर लौट रहे थे। तभी ये लोग यूपी के चंदौली के पास पहुंचे हुए थे। जहां इनकी तेज रफ्तार पिकअप सड़क पर खड़ी एक ट्रक से टकरा गई। जिसमें सवार राजेश गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके दो भाई राहुल और रोहित के साथ पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगो में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती करा परिजनो को सूचना दिया। ग्रामीणों ने बताया की राजेश की शादी हो चुका था। उसके दो बच्चे थे, जिसमें एक पुत्र और एक पुत्री है।

# सुविधाओं का अभाव, पानी के लिए भटक रहे यात्री

निज संवाददाता। ब्रह्मपुर



दानापुर मंडल के अंतर्गत रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का घोर अभाव है। अमृत भारत योजना के तहत रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की दिशा में सरकार ने योजना बनाई है लेकिन अब तक इस योजना पर कोई कार्य होते नही दिख रहा है। पूर्व की भाती आज भी लोग उसी समस्या का दंश झेल रहे है।प्लेटफार्म नम्बर तीन से चार पर जाने के लिये फुट ओवर ब्रिज नही होने के कारण यात्रियों को जान जोखिम में डाल पटरी पार करनी मजबूरी बन गईं है।यात्रियों के लिहाज से देखें तो आसपास के लगभग 50 गांवों के लोग इस स्टेशन से रोजाना सफर करते हैं। इसके बावजूद भी आज तक जरूरत के हिसाब से यात्रियों के लिए ना तो प्रतीक्षालय की व्यवस्था है और ना ही पीने के पानी की।रघुनाथपुर में चार प्लेटफॉर्म होने की वजह से अप और डाउन की ज्यादातर गाड़ियां यहां शंट करती है। यहां चार प्लेटफॉर्म होने के बावजूद केवल एक ओवर ब्रिज ही है जो कि प्लेटफार्म संख्या एक से दो को जोड़ता है बाकी प्लेटफार्म संख्या तीन से चार पर जाने के लिए ओवरब्रिज नहीं है।विवशता में यात्री ट्रैक पार कर चार नम्बर प्लेटफार्म पर जाते है। खास कर महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है और अक्सर इसकी वजह से दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। यहां के स्थानीय यात्रियों के साथ साथ यात्री समिति की तरफ से कई बार उच्चाधिकारियों से इन सुविधाओं की मांग की जा चुकी है लेकिन आज तक रेलवे की तरफ से इस समस्या के संदर्भ में कोई उपाय नहीं किया जा सका है। लगातार रघुनाथपुर स्टेशन मास्टर, प्रबंधक को भी स्टेशन की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराने के बाद भी उनकी तरफ से कोई उपाय नहीं किया जा सका है।ओवरब्रिज चापाकल तथा पर्याप्त मात्रा में प्रतीक्षालय ना होने की वजह से यात्रियों में काफी रोष व्याप्त है।फिलहाल गर्मी में किसी भी प्लेटफार्म का चापाकल पानी नही दे रहा है।जिससे यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशांत किशोर की 14 को लाजपत पार्क में सभा

**भागलपुर**। जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर 13 जून को नवगछिया में पकरा पंचायत के पास रामधारी उच्च विद्यालय मैदान में समर्थकों के साथ चर्चा करेंगे। वे सुबह 10 बजे नवगछिया पहुंचेंगे, जहां कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। प्रशांत किशोर लोगों को जन सुराज मुहिम के विचार को साझा करेंगे। वे स्थानीय संभ्रांत लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे। साथ ही राजनीति, समस्याओं विषयों पर चर्चा करेंगे। 13 जून को वे रात में सर्किट हाउस में रुकेंगे। जिला प्रभारी हर्ष रंजन व ज़ोनल प्रभारी मोसिम खान ने बताया कि 14 जून को आदमपुर रोड स्थित लाजपत पार्क ग्राउंड में उनका कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद वे शहर में अन्य जगहों पर भी जाएंगे।

### कॉलेजों को भेजा पटना विवि का फी स्ट्रक्चर, आपत्ति हुई तो सुधारा

**भागलपुर**। टीएमबीयू में स्नातक सेमेस्टर एक सत्र 2024-28 में रुका हुआ नामांकन मंगलवार से दोबारा शुरू हो गया। नामांकन के लिए मई के अंतिम हफ्ते में कॉलेजों ने पहली चयन सूची जारी कर दी थी। लेकिन छात्राओं और एससी-एसटी कोटि के छात्रों से शुल्क लेना है या नहीं और छूट देनी है तो कितनी, इसको लेकर कुछ भी तय नहीं होने के कारण सिंडिकेट के सुझाव पर उस समय नामांकन की प्रक्रिया रोक दी गई थी। अब छात्राओं और एससी-एसटी कोटि के छात्रों को सिर्फ नामांकन शुल्क में छूट देने निर्णय के साथ मंगलवार से नामांकन शुरू हो गया। हालांकि पहले दिन कुछ कॉलेजों में फी स्ट्रक्चर को लेकर असमंजस की स्थिति हो गरई। विवि ने कॉलेजों को जो फी स्ट्रक्चर भेजा था वह पटना विवि का था। इसमें शुल्क 2450 रुपए था जबकि टीएमबीयू या अन्य विवि के लिए जो फी स्ट्रक्चर है उसमें 2255 रुपए ही है।

### बांग्ला का इंटरव्यू 18 को दिव्यांग श्रेणी की रिक्तियां बढ़ी

**भागलपुर**। विवि सेवा आयोग से असिस्टेंट प्रोफेसर की बहाली की दोबारा शुरू हुई प्रक्रिया में जिन 26 विषयों में नियुक्ति होनी है उनमें तीन का रिजल्ट जारी हो गया है। आयोग ने मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र और साहित्य के अभ्यर्थियों के इंटरव्यू का रिजल्ट जारी कर दिया है। अब बांग्ला के लिए इंटरव्यू 18 जून को होगा। शेष डेढ़ दर्जन से अधिक विषयों में टीएमबीयू के लिए भी इंटरव्यू होना है। इधर आयोग ने स्वतंत्रता सेनानी और दिव्यांग श्रेणी के लिए रिक्तियों में संशोधन कर इसकी अपडेट सूची जारी कर दी है। बाद में शिक्षा विभाग ने इन्हें जोड़ते हुए अद्यतन सूची आयोग को दी थी। इसके आधार पर आयोग ने नई सूची जारी कर दी है।

# नदी से महिला का शव बरामद पोस्टमॉर्टम के बाद होगा खुलासा

## लाश से आ रही थी दुर्गंध, पशु पालकों ने पुलिस को सूचना दी

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर के हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र के खैरा गांव स्थित डांगरी नदी से एक महिला का शव मिला है। इससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना हवेली खड़गपुर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को निकालने की कोशिश की जा रही है। शव से काफी ज्यादा दुर्गंध उठ रही है। वहीं, महिला की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है की खैरा गांव स्थित डांगरी नदी के पास पशुपालक पशु को लेकर नहाने गए थे। इस दौरान पशुपालकों की नजर नदी पर पड़ी। देखा कि एक महिला का शव नदी में तैर रहा है। महिला के शव से काफी दुर्गंध आ रहा था। महिला का शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीण डांगरी नदी पर पहुंच गए। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी विकास कुमार ने बताया कि अज्ञात महिला का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण सामने आएगा। महिला की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। इधर, घटना को लेकर आसपास के ग्रामीणों में काफी तरह-तरह की चर्चा हो रही है। कोई इसे हत्या मान रहा है, तो कोई इसे डूबने से मौत हो जाने की बात कह रहा है। हालांकि यह तो पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो पाएगा की महिला की मौत किस परिस्थिति में हुई है।

### सैंडिस में बिना अनुमति सज रहीं दुकानों के खिलाफ उतरे शहर के सामाजिक संगठन




निज संवाददाता। भागलपुर

सैंडिस कंपाउंड में फर्नीचर की दुकान लगाए जाने को लेकर युवा एकता सामाजिक संगठन ने विरोध जताया है। मंगलवार को संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में निगम प्रशासन एवं स्मार्ट सिटी प्रबंधक के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया। अध्यक्ष का कहना था कि सैंडिस कंपाउंड में सुबह-शाम शहर के प्रबुद्ध नागरिक, युवा, बच्चे व महिलाएं सुबह-शाम वॉक करने आते हैं। युवा वर्ग सैनिक, पुलिस-दारोगा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फिजिकल तैयारी के अलावा खेलकूद करते हैं। आए दिन दुकान लगाने से ऐसी गतिविधियों को नुकसान पहुंच रहा है। मालूम हो कि पार्क के अंदर ठेला व खोमचे वालों को भी बेचने की अनुमति नहीं है। कैफेटेरिया के बगल में भी वॉकिंग ट्रैक के पास कई दुकानें खुल गई है। इसे लेकर संगठन निगम प्रशासन व स्मार्ट सिटी प्रबंधन से प्रतिनिधिमंडल बिंदुओं को अवगत कराएगा। संगठन के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए कहा कि मांग पूरी न होने पर शहरवासी आंदोलन के लिए विवश होंगे। विरोध जताने वालों में महामंत्री मंटू यादव, पप्पू यादव, रितेश कुमार, युवा नेता अभिषेक कुमार, माहेश्वरी राय, अभिजीत समेत अन्य मौजूद थे।

### एलएलबी में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि कल

**मुंगेर**। मुंगेर विवि में एकमात्र विधि संस्थान विश्वनाथ सिंह लॉ कॉलेज में सत्र 2023-26 एलएलबी सेमेस्टर-1, सत्र 2022-25 एलएलबी सेमेस्टर-3 तथा सत्र 2021-24 एलएलबी सेमेस्टर-5 के विद्यार्थियों का परीक्षा फॉर्म 6 जून से भराया जा रहा है।

### नियोजित शिक्षक मांगों को लेकर सीएम से मिले

**भागलपुर**। जिले के नियोजित शिक्षकों ने अपनी मांग को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव डॉ. रवि शंकर ने कहा कि पुस्तकालयाध्यक्षों के पदस्थापन व वरीयता के मुद्दे पर शिक्षक संघ ने चर्चा की। आनंद पुष्कर नियोजित शिक्षकों व पुस्तकालयाध्यक्षों के पदस्थापन व वरीयता के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से कहा कि शिक्षकों के आशियाने को बसाने काम किया गया है। भविष्य में उनके बसे-बसाए आशियाने को दूर-दराज पदस्थापन के क्रम में उजड़ने से बचाया जाए। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिए जाने की मांग की।


**मालदा मंडल के तहत स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति**

**सूचना सं. कॉम/एसटीबीए/पॉलिसी/एम/2022 दिनांकः 11.06.2024**

मालदा मंडल के 'एनएसजी-6' कैटेगरी स्टेशनों अर्थात **उरेन, सकरीगली, करमटोला, हंसडीहा, बाराहाट, धमधमिया, चामाग्राम, बल्लालपुर, नोनीहाट, सुजनीपाड़ा, सबौर, टिकानी और महिपाल रोड** स्टेशनों पर तीन वर्ष की अवधि के लिए स्टेशन मास्टर/उप स्टेशन मास्टर के पर्यवेक्षण के अधीन वर्तमान काउंटरों से कम्प्यूटरीकृत 'अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम' (यूटीएस) के माध्यम से अनारक्षित टिकटों को जारी करने के लिए स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा द्वारा मुहरबंद आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **एनआईए कागजात का मूल्यः** रु.1,120/-(एनआईए कागजात का मूल्य = रु.1,000/- + 12% जीएसटी) अप्रतिदेय। **बयाना राशि जमाः** एनएसजी-6 कैटेगरी स्टेशन के लिए रु.2,000/- मात्र। एनआईए कागजात का मूल्य (यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है) एवं बयाना राशि जमा (ईएमडी) 'एफए एंड सीएओ', पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत या अधिसूचित बैंक से जारी डिमांड ड्राफ्ट/बैंक पे ऑर्डर के रूप में पृथक रूप से प्रस्तुत किए जाने चाहिए एवं आवेदन के साथ जमा किए जाने चाहिए। बयाना राशि जमा और एनआईए कागजात की लागत के बिना दाखिल आवेदन तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **कार्यालय का पता जहाँ से एनआईए कागजात क्रय किया जा सकता है:** ऊपर वर्णित अनुसार एनआईए कागजात की लागत (अप्रतिदेय) के लिए राशि रसीद की प्रस्तुति पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा के कार्यालय से **दिनांक 14.06.2024 से 12.07.2024 तक 11.00 बजे से 17.00 बजे के बीच एवं दिनांक 13.07.2024 को 14.00 बजे तक** (कार्यदिवसों को) एनआईए कागजात का क्रय किया जा सकता है। एनआईए कागजात पूर्व रेलवे की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। बहरहाल, ऐसे मामले में, आवेदक को एनआईए कागजात का मूल्य (अप्रतिदेय) एफए एण्ड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के रूप में आवेदन के साथ जमा करना होगा, अन्यथा उनके प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। **अनुबंध की अवधिः** 03 वर्ष के लिए। **एनआईए कागजात जमा करने की तिथि और समयः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा-732102 (पश्चिम बंगाल) एवं स्टेशन प्रबंधक/भागलपुर रेलवे स्टेशन, पी.ओ. + जिलाः-भागलपुर, पिन-812001 के कार्यालय में इस उद्देश्य हेतु उपलब्ध निर्धारित मुहरबंद बॉक्स में **दिनांक 11.07.2024 से 13.07.2024 तक 11.00 बजे से 16.00 बजे तक। कोई आवेदन दिनांक 13.07.2024 के 16.00 बजे के बाद स्वीकार नहीं किया जाएगा। एनआईए बॉक्स के खुलने की तिथि और समयः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, प्रथम तल, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पश्चिम बंगाल-732102 में **दिनांक 15.07.2024 को 12.00 बजे। वेबसाइट का विवरण जहाँ से एनआईए का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.er.indianrailways.gov.in** पर **दिनांक** 14.06.2024 से। **टिप्पणीः** (i) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सरकारी मानदंडों के अनुसार लागू है। (ii) विवरण के लिए कृपया रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** देखें। (iii) एनआईए फॉर्म/कागजात इसी अनुसार भरे जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-310, दिनांक 07.06.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिलाः मालदा, पिनः 732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** मालदा मंडल के तहत रनिंग रूम में सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम के प्रावधान के सिलसिले में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 37,43,858.83, **बयाना राशि :** रु.74,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 17.06.2024 से 01.07.2024 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-39/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-आरएफक्यू-02, दिनांक 11.06.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिलाः मालदा, पिनः732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम :** नेट मीटरिंग सुविधा के साथ टर्नकी आधार पर एसएसई/ई/जी/ भागलपुर के कार्यक्षेत्र में भागलपुर-500 केडब्ल्यूपी एवं सुलतानगंज-100 केडब्ल्यूपी में सोलर पावर डेवलपर मॉडल के अधीन 600 केडब्ल्यूपी ऑन ग्रिड रूफटॉप/शेड टॉप/रेलवे रिक्त जमीन पर सोलर पावर प्लांट की स्थापना। **बयाना राशि:** रु. 6,40,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** 34,810/-, **निविदा जमा करने एवं निविदा के खुलने की तिथि और समय:** जमा करना-दिनांक 23.06.2024 से 10.07.2024 को 12.00 बजे तक। खुलना-दिनांक 10.07.2024 को 12.30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस, डीआरएम बिल्डिंग, झलझलिया, मालदा। **निविदा पेटी:** निविदा पेटी वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस, डीआरएम बिल्डिंग, झलझलिया, मालदा, 732102 (पश्चिम बंगाल) में दिनांक 23.06.2024 से 10.07.2024 को 12.00 बजे तक रखी जाएगी। **वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है:** वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in** कोई असामान्य घटना जैसे कि हड़ताल, बंदी, छुट्टी आदि पड़ने पर निविदा कागजात का जमा किया जाना एवं निविदा का खोला जाना अगले कार्यदिवस को किया जाएगा।

MLD-40/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-05/2024-25**

**Dated :- 11/06/2024**

1. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 :- 06562-240100
3. वेबसाइट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :- 20/06/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाइट में ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 04/07/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 05/07/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जीरहूलिय डेम का जीर्णोद्धार। | चैनपुर | 99,39,100.00 | 1,98,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई-निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326105 Minor Irrigation(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**2nd Call**

**e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-03/2024-25 Dated :- 11/06/2024**

1. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई-मेल आईडी:-06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :- 18/06/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 28/06/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 29/06/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रामगढ़ में नदीपर टोली नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | रामगढ | 52,63,451.50 | 1,05,300.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई-निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.326097 Minor Irrigation(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**

e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎06562-240100 (का0)

पत्रांकः-283/मेदिनीनगर, दिनांक- 11/06/2024

**ई0 निविदा रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:-WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-05/2023-24 {(02) रामपुर में गुड़गुडवा नाला पर पक्का चेक डैम का निर्माण, प्रखण्डः-चैनपुर (03) शिव नाला तेतरियादामर पर पक्का चेक डैम का निर्माण, प्रखण्डः-चैनपुर (05) कोहबरवा नाला पर पक्का चेक डैम का निर्माण प्रखण्डः-मनातू एवं (06) दलदलिया नाला पर पक्का चेक डैम का निर्माण प्रखण्डः-मनातू, जिलाः-पलामू} जिसका PR. N0:-321682 (Water Resource) (23-24):D है, उक्त ई0 निविदा में प्रथम बार में एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326094 (Minor Irrigation) 24-25 (D)



**कार्यालय - जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।**

**भारत का सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा विशेष लोक अदालत 2024 का आयोजन**

**(दिनांक - 29.07.2024-03.08.2024)**

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 03 अगस्त, 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाएगा। सभी संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं तथा सरकारी-गैरसरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें। विशेष लोक अदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual) रूप से शामिल होकर समझौते की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

लोक अदालत के फायदे

- त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
- अंतिम और निष्पादन योग्य पुरस्कार
- विवादों का लागत प्रभावी समाधान
- कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी सम्पर्क कर सकते हैं।

जानकारी वेबसाईट https://ww.sci.gov.in/ पर उपलब्ध है।

सम्पर्क हेतू विवरण
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
न्याय सदन, व्यवहार न्यायालय, गढ़वा।
दूरभाष : 9955684686

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।

PR 326143 Law(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### शादी का झांसा देकर रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवादा, एजेंसी।** नवादा में शादी का झांसा देकर युवती के साथ रेप करने मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार गोविंदपुर पुलिस की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने आरोपित को प्राथमिकी दर्ज करने के 24 घंटे के भीतर रोह थाना क्षेत्र के सम्हरीगढ़ में छापेमारी कर दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपित अखिलेश कुमार रोह थाना क्षेत्र के सम्हरीगढ़ गांव के सुरेन्द्र प्रसाद का बेटा बताया जाता है। उस पर गोविंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ शादी का झांसा देकर दो साल तक यौन शोषण करने का आरोप है। मामले में गोविंदपुर थाने में पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। वहीं मामले को लेकर नवादा एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने गोविंदपुर थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल के नेतृत्व में एसआईटी गठित की थी। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि आरोपी ने फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। वहीं दो साल पहले एक शादी समारोह में पीड़िता व आरोपित एक-दूसरे के करीब आए थे। इसके बाद फोन पर बातचीत शुरू हुई और बात आगे बढ़ी। इस बीच आरोपित ने पीड़िता के घर पर ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और शादी का झांसा देकर आरोपित लगातार यौन शोषण करने लगा। जब पीड़िता के परिजनों को उसके साथ संबंध होने की जानकारी मिली तो युवक पर शादी का दबाव बनाया गया। युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया और फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा।

### नवविवाहिता की हत्या मामले में आठ आरोपित, मुख्य अभियुक्त समेत दो की गिरफ्तारी



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में 7 दिन से लापता नवविवाहिता का शव उसके ससुराल से 4 किलोमीटर दूर गोइठवा नदी से कंकाल के रूप में पुलिस ने सोमवार को बरामद की थी। मृतका दीपनगर थाना क्षेत्र के बद्री बीघा चकदिलावर गांव निवासी दीनानाथ केवट की (19) वर्षीय पत्नी अर्निका देवी है। 2 महीना पूर्व ही अर्निका की शादी दीनानाथ के साथ हुई थी। नालंदा के सरमेरा थाना क्षेत्र निवासी अर्निका के भाई संजय केवट ने दहेज हत्या और छेड़खानी का विरोध करने के मामले में बहनोई समेत आठ लोगों को आरोपित कर मामला दीपनगर थाना में दर्ज कराया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त दीनानाथ केवट और उसके भाई नगीना केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दी है। प्राथमिकी के अनुसार 1 लाख और 1 बाइक की डिमांड ससुराली परिवार की ओर से की जा रही थी। दीनानाथ केवट के भाई नगीना केवट ने अर्निका के साथ छेड़खानी करने का भी प्रयास किया था। विरोध पर दीनानाथ केवट और उसके घर वालों ने मिलकर पहले अर्निका की 3 जून को हत्या कर दी। इसके बाद शव को ले जाकर गोइठवा नदी में दफन कर दिया। उन लोगों को 4 जून को यह सूचना दी गई की अर्निका किसी के साथ भाग गई है। खोजबीन के क्रम में पता चला कि गोइठवा नदी में एक शव को कुत्ता नोच रहा है। जब घटनास्थल पर पहुंचकर दफन लाश को बाहर निकाला गया तो दुपट्टे और बेडशीट से पहचान की जा सकी। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस छापेमारी में जुट गई सभी आरोपित घर छोड़कर फरार है।

### पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ठोकर मार ट्रैक्टर चालक फरार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सिकंदरपुर रोड में स्मार्ट सिटी से जुड़ी एक निजी कंपनी के ट्रैक्टर के चालक ने मंगलवार को एक पुलिस अधिकारी की गाड़ी में ठोकर मार दी। इसके बाद चालक ने तेजी में ट्रैक्टर को भगाया। इससे ट्रैक्टर और अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बचने के लिए सड़क पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। पीछा करने में राहगीरों को खतरा देख पुलिस अधिकारी ने ट्रैक्टर को छोड़ दिया। दुर्घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। इसके बाद नगर थाने की पुलिस ने ट्रैक्टर चालक की खोजबीन शुरू की, लेकिन वह नहीं मिला।

# जमीन रजिस्ट्री के लिए नहीं करनी पड़ेगी दौड़भाग; घर बैठे जमा होगा चालान



**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार जमीन निबंधन में आने वाली परेशानी को देखते हुए निबंधन पोर्टल में कई अहम बदलाव करने जा रही है। अब लोग जमीन निबंधन के लिए चालान घर बैठे जमा कर सकेंगे। साथ ही टोकन भी घर से ही ले सकेंगे। इस प्रक्रिया के लिए अब निबंधन कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे जुड़ी तमाम प्रक्रिया ऑनलाइन होने के साथ ही इतनी सरल हो जाएगी कि कोई भी इसका लाभ खुद प्राप्त कर सकता है।

निबंधन विभाग अपनी वेबसाइट में कई सुविधाएं लोगों को मुहैया कराने जा रहा है। विभागीय स्तर पर अंतिम दौर का परीक्षण चल रहा है। लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर कुछ बदलाव भी किए जा रहे हैं। विभाग की तैयारी है कि अगले माह से ये सुविधाएं लोगों को मिलने लगे। निबंधन विभाग की वेबसाइट में नए बदलाव होने और इसकी क्षमता बढ़ाने से लोगों को निबंधन कार्य में कम समय लगेंगे। अभी टोकन नंबर में एक सप्ताह या इससे अधिक की भी वेटिंग मिलती है। वेटिंग की फेहरिस्त छोटी हो जाएगी।

### अब मिलेंगी ये सुविधाएं

जमीन से लेकर अन्य किसी तरह के निबंधन के लिए संबंधित वेबसाइट पर विवरण भरने पर लगने वाले शुल्क की जानकारी मिल जाएगी। इसके आधार पर ऑनलाइन माध्यम से किसी पेमेंट गेट-वे की मदद से चालान जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही टोकन नंबर मिल जाएगा, जिसमें निबंधन की तारीख और समय लिखा होगा।

इसके बाद आवंटित समय पर निबंधन कार्यालय पहुंच कर संबंधित व्यक्ति को सिर्फ अपनी बॉयोमेट्रिक देनी होगी और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना होगा। इससे पहले सभी दस्तावेजों का मिलान व्यक्ति के वास्तविक पहचान-पत्र से किया जाएगा।

निबंधन की नई वेबसाइट अधिक सुविधाजनक और तेज गति से काम करेगी। एक साथ कई तरह के आवेदन किए जा सकेंगे या कई एप्लिकेशन का उपयोग हो सकेगा। इसकी क्षमता पहले से कई गुना बढ़ाई जा रही है।

### अभी आती हैं ये समस्याएं

अभी विभाग में निबंधन की व्यवस्था कंप्यूटरकृत तो है, लेकिन शुल्क जमा करके चालान और टोकन लेने के लिए निबंधन कार्यालय जाना पड़ता है। इसमें कार्यालय में दलाली और बिचौलिया तंत्र हावी रहता है।

निबंधन विभाग की मौजूदा वेबसाइट के हैंग होने या काफी धीमी गति से काम करने की समस्या आती है। इससे निबंधन कराने में काफी समय लगता है।

मौजूदा व्यवस्था में जमीन का निबंधन कराने के लिए मॉडल डीड की सुविधा तो है, लेकिन जमीन का विवरण डालकर इसके आधार पर निबंधन शुल्क की जानकारी नहीं मिलती है। इसके लिए निबंधन कार्यालय के कर्मी या कातिब की मदद लेनी पड़ती है। बिना इनकी मदद से निबंधन शुल्क का पता नहीं चलता है।

अभी घर बैठे सिर्फ मॉडल डीड को देख सकते हैं या इसमें जमीन से संबंधित विवरण भरकर इसका प्रिंट ऑउट ले सकते हैं। निबंधन की प्रक्रिया पूरी नहीं करवा सकते हैं।

### मध्यान भोजन में कीड़ा मिलने पर एनजीओ पर कार्रवाई : किशनगंज डीएम ने 14 लाख रुपये कटौती का दिया आदेश, बीआरपी के वेतन में भी होगी कटौती

**किशनगंज , एजेंसी।** किशनगंज के बहादुरगंज नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय नामक सरकारी स्कूल में बीते सोमवार को भी बच्चों को दिए जाने वाले मिड डे मिल में कीड़ा मिला था। जिसके बाद उक्त मामले ने तूल पकड़ लिया है। जिसपर जिला मध्यान भोजन पदाधिकारी नुपुर कुमारी ने कार्रवाई की बात भी कही थी। उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को डीएम तुषार सिंगला ने मामले का संबंधित विभाग से जांच कराया और मध्यान भोजन उपलब्ध कराने वाले एनजीओ जन चेतना जागृति एवं शैक्षणिक विकास मंच पर कार्रवाई करते हुए 14 लाख रुपए कटौती करने का आदेश डीएम ने दिया है। इसके अलावा जिले में कार्यरत स्वयं सेवी संस्था जन चेतना जागृति एवं शैक्षणिक विकास मंच, नई दिल्ली को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीएम पोषण योजना, किशनगंज ने अनियमितता एवं विभाग के द्वारा चेतावनी के देने के बावजूद अपने कार्य में सुधार नहीं लाने को लेकर कार्यमुक्त करते हुए काली सूची में अंकित करने को लेकर निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना, बिहार, पटना को प्रतिवेदित किया गया है। वहीं विभाग ने इसी मामले में लापरवाही बरतने वाले प्रखंड साधन सेवी विरेन्द्र कुमार दास पर भी उनके माह मई के वेतन का 20 प्रतिशत कटौती का निदेश दिया गया।





### ऑटो और ट्रक की भिड़ंत, 4 लोगों की मौत : 2 गंभीर घायल

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। 2 गंभीर हैं। सभी ऑटो से शिव चर्चा से लौट रहे थे। रास्ते में ऑटो की ट्रक से टक्कर हो गई। मौके पर ही ड्राइवर समेत 4 ने दम तोड़ दिया। ऑटो में कुल 6 लोग सवार थे। हादसा त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर हुआ। घायलों को पहले त्रिवेणीगंज अस्पताल लाया गया। जहां से दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा कि दोनों गाड़ियों की स्पीड ज्यादा थी। जिसकी वजह से वो तुरंत कंट्रोल नहीं कर पाए। हादसा मंगलवार की देर रात करीब 12 बजे के आसपास हुआ। हादसे के बाद ट्रक के पहिए के नीचे घंटों डेड बॉडी फंसी रही।

**मरने वालों में 2 महिलाएं :** मृतकों की पहचान त्रिवेणीगंज थाने के महेशवा पंचायत के गजहर वार्ड 4 निवासी गोविंद पासवान(55), महेशवा पंचायत बेला गांव वार्ड 9 निवासी सियाराम शर्मा(55), त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के महेशवा वार्ड 14 निवासी ममता देवी(40) और बिजली देवी(52) के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान किशनदेव मंडल(50) और सकुनी देवी (52) के रूप में हुई है।

**तेज रफ्तार के चलते हुआ हादसा :** बताया जा रहा है कि देर रात होने की वजह से सड़क सुनसान थी। इसी वजह से दोनों गाड़ियों की स्पीड ज्यादा होने से ये हादसा हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में ऑटो की भी स्पीड ज्यादा थी। वहीं ट्रक कि रफ्तार भी 60 के आसपास थी।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्य घायल
## तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

### अरवल में शादी की सालगिरह में शामिल होने जा रहे थे



**अरवल, एजेंसी।** अरवल में मंगलवार की देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के चार सदस्य जख्मी हो गए जिन्हें डायल 112 की आपातकालीन सेवा की गाड़ी से सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जहानाबाद सदर अस्पताल में तैनात एएनएम रीना देवी (45) अपने शिक्षक देवर के साथ अपनी बहन की शादी की सालगिरह में भाग लेने के लिए दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई गांव में जा रही थी। मेहंदिया थाना क्षेत्र के बालाजी पेट्रोल पंप के समीप मछली बाजार के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार देवर भाभी के साथ दो बच्चे जख्मी हो गए।

**शादी की सालगिरह में शामिल होने जा रहे थे :** जख्मी महिला के भाई ने बताया कि रीना देवी जहानाबाद में अपने बच्चों के साथ रहती थी। अस्पताल से ड्यूटी कर वापस लौटने के बाद अपने देवर संतोष कुमार (35) को शादी की सालगिरह में भाग लेने के लिए एक साथ अपने देवर और दोनों बच्चों के साथ बाइक से जा रहे थे। उनके देवर गया के जिले में शिक्षक हैं। इस घटना में संतोष कुमार, रीना देवी के साथ प्रीति भारती (10) और प्रियदर्शी (12) घायल हुआ है। सभी लोग रोहतास जिले के सासाराम थाना क्षेत्र के शिवसागर गांव के रहने वाले हैं।

वही जख्मी महिला का मायके पटना जिले के दुल्हन बाजार है घटना के बाद महिला के मायके वालों को सूचना दी गई। जिसके बाद उनके परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और बेहतर इलाज के लिए पटना ले गए। सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि दो लोगों की स्थिति चिंताजनक है जिसमें एक बच्चा और शिक्षक संतोष कुमार बुरी तरह जख्मी है।

### पलंबर मिस्त्री का मिला शव, हत्या की आशंका, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर गांव में घर से निकले पलंबर मिस्त्री का शव बरामद हुआ है। उसका शव कोईलवर पुराना पुल स्थित बबुरबानी से मंगलवार को बरामद किया गया है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर वार्ड नंबर-10 निवासी मो. खुर्शीद का 25 वर्षीय पुत्र मो.राजा है।

#### अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर दी सूचना

मृतक के छोटे भाई मो. सद्दाम ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे वो घर से कह कर निकाला था कि मैं मोड़ से आ रहा हूं पर वापस नहीं लौटा। इसी बीच अज्ञात आदमी ने फोन कर सूचना दी कि भाई का शव कोईलवर पुराना पुल स्थित बबुरबानी में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर परिजन खोजबीन करते हुए जब वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ा है। उन्होंने इसकी सूचना कोईलवर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक के छोटे भाई मो. सद्दाम ने लोहे के रॉड से मारकर और हाथ जलाकर अपने भाई की हत्या की आशंका जताई है।

#### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार के विवाद और दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। जबकि पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार मृतक युवक की मौत संदिग्ध है। कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। मृतक अपने एक बहन और तीन भाइयों में बड़ा था। मृतक की मां निजी अस्पताल में काम करती है। उसके परिवार में मां रुकसाना खातून उर्फ सकीना व दो भाई मो.सद्दाम, मो. हसन और एक बहन नरगिस परवीन है।

### बिहार में भीषण गर्मी से त्राहिमाम; आपदा जैसे हालात, मुख्यमंत्री नीतीश ने विभागों को दिए ये निर्देश

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में गर्मी और हीट वेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए मंगलवार को आपदा प्रबंधन विभाग एवं सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने पूरे प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और अस्पतालों को अलर्ट रखने को कहा है। साथ ही अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। सीएम नीतीश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखने को कहा है। साथ ही भूजल स्तर पर भी नजर रखने को कहा है। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं तथा जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। गांव हो या शहर सभी जगहों पर निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है ताकि लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि लोगों को लगातार जागरूक करते रहें और संपूर्ण स्थिति पर निगरानी रखें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं। भूजल स्तर पर भी नजर रखें और अपने-अपने जिलों की स्थिति का आकलन करें। आपको बता दें राज्य में लू और गर्मी से 70 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

# ससुराल आए युवक की पेड़ से लटकी मिली लाश, हत्या का आरोप



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के मझौलिया गांव में ससुराल आए युवक की लाश मंगलवार अहले सुबह नीम के पेड़ से लटकती मिली। उसकी पहचान सीतामढ़ी जिले के महिंदवारा थाना क्षेत्र के ओलीपुर मौना गांव निवासी जमीरुल हक के पुत्र मो. जिलानी के रूप में हुई। घटना की सूचना पर एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन, थानेदार मोनू कुमार दलबल के साथ पहुंचे और जांच की। इसके बाद लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेजा। इस दौरान गांव से पहुंचे परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए डॉग स्क्वायड से जांच कराने की मांग की। मौके पर पहुंचा खोजी कुत्ता घटनास्थल से ससुराल वाले घर तक गया और लौट आया। सीआईडी और एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और सैंपल एकत्र किया। मौके से जिलानी के गर्दन में बंधा गमछा, चप्पल आदि सामान भी जब्त किया गया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2018 में गांव निवासी मो. नसारुल की पुत्री जेवा खातून की शादी मो. जिलानी से हुई थी। शादी के चार साल बाद जेवा ने अपने पति, ससूर समेत अन्य पर मुजफ्फरपुर महिला थाने में दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके समझौते के लिए मो. जिलानी लगातार ससुराल आ-जा रहा था। दो दिन पूर्व वह अपने गांव के दो-तीन युवकों के साथ यहां आया था। उनमें से दो का ससुराल मझौलिया गांव में ही है। सभी को साथ में घुमता हुए देखा गया था। घटना के बाद सभी फरार हैं।

**ससुराल वालों ने कहा-दर्ज केस व पारिवारिक दबाव से था परेशान :** मो. जिलानी के ससुराल वालों ने पुलिस को बताया कि उसके खिलाफ सीतामढ़ी में बाइक चोरी का केस दर्ज है। पत्नी जेवा द्वारा दहेज उत्पीड़न का मामले दर्ज कराने समेत अन्य कई तरह के परिवारिक दबाव के कारण वह परेशान था। पत्नी जेवा ने पुलिस को बताया कि रात में वह और जिलानी खाना खाकर सो रहे थे। एक बजे के करीब नींद खुली तो देखा कि वह बिस्तर पर नहीं है। उनके मोबाइल पर कई बार फोन की, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। खोजबीन करते हुए घर से बाहर निकलकर फोन लगाई तो रोड के दक्षिण तरफ से घंटी की आवाज आई। तब अपनी मां को जगाया और उनको साथ लेकर वहां गई तो देखा कि नीम के पेड़ से जिलानी की लाश लटकी है। फिर स्थानीय चौकीदार के साथ ससुराल वालों को घटना की जानकारी दी।

### छोटे भाई ने डेढ़ माह पूर्व ही ससुराल आने की बात बताई

गांव से आए जिलानी के छोटा भाई मो. सदाब ने पुलिस को बताया कि वह डेढ़ महीने पूर्व ही घर से ससुराल आया था। यहां चेन्नई गया और फिर ससुराल ही लौटा। उसके गांव के दो-तीन युवक जिनकी इसी गांव में रिश्तेदारी है, वे लोग जिलानी के साथ घुमते देखे गए हैं। वहीं, ससुराल वालों का कहना है कि दो दिनों पूर्व ही जिलानी यहां आया था। वहीं, चर्चा है कि जिलानी की बाइक सरैया कोठी के पास छीन ली गई है। सरैया के एसडीपीओ कुमार चंदन का कहना है कि प्रथम दृष्टया गले मे फंदा डाल कर आत्महत्या करने का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि यह हत्या है या आत्महत्या है। मृतक परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बिना किसी डिग्री के भी इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

**आज का समय स्किल का है और इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास किसी चीज की डिग्री हो ही। अगर आप ज्यादा पढ़ाई नहीं की हैं, तो भी आप आगे बताए गए क्षेत्रों में अपना करियर चुन सकती हैं।**

आजकल स्किल का दौर है। इसमें बिना डिग्री के भी करियर बनाने के कई बेहतरीन विकल्प होते हैं। जरूरी नहीं कि डिग्री हमेशा सफल करियर की ही गारंटी हो। ये पहले का समय था जब बिना नॉलेज वालों को भी डिग्री के बल बूते पर नौकरी मिल जाती है। हालांकि आज के समय में ऐसा नहीं है। जिस भी व्यक्ति के पास किसी तरह का कोई भी स्किल हो तो आज वह अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। जी हां, अब कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां आप बिना डिग्री के भी सफल हो सकते हैं। इसके लिए हमने यहां पर कुछ क्षेत्रों की सूची तैयार की है, जिसके जरिए बिना डिग्री के भी करियर बनाया जा सकता है।

## फोटोग्राफी में करियर?

यदि आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं, तो आप इसे पेशेवर रूप से भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आप चाहें तो इ स्किल को और बेहतर बनाने के लिए आप ऑनलाइन कोर्स या वर्कशॉप के माध्यम से फोटोग्राफी सीख सकते हैं। इसके बाद बतौर फोटोग्राफर आप कहीं भी काम कर सकते हैं। आज के समय में तो लोग हर छोटी से छोटी फंक्शन की भी शूटिंग कराते हैं। ऐसे मौके पर आपकी स्किल काम आ सकती है। इसके लिए आपको अच्छी पेमेंट भी मिल सकती है। आप चाहें तो धीरे-धीरे करके अपनी स्टूडियो भी ओपन कर सकते हैं।

## एक्टिंग में बनाएं करियर?

अगर आपको एक्टिंग करने का शौक है, तो आप अपने टैलेंट को सोशल मीडिया के जरिए लोगों तक पहुंचा सकती हैं। इससे आप इंफ्लूएंसर की तरफ अपना रुख कर सकती हैं। आपको व्यूअर्स पसंद करेंगे, तो आपके फॉलोअर्स बढ़ेंगे। साथ ही, आपको सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म से फिर पेमेंट आने भी शुरू हो सकते हैं। इसके अलावा, आप घर बैठे एक्टिंग सिखाने की क्लासेस भी शुरू कर सकती हैं।

## पेंटिंग में बनाएं करियर

अगर आपके अंदर पेंटिंग की स्किल है, तो आप इसमें बेहतर करियर बना सकती हैं। खास बात यह है कि इसके लिए आपको किसी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होगी। आप अपनी पेंटिंग बनाकर बेच सकती हैं। आपकी अच्छी पेंटिग्स लाखों-करोड़ो रुपए में भी बिक सकती हैं। इससे आपको अपना आर्ट निखारने का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा, आप चाहें तो ऑनलाइन या ऑफलाइन पेंटिंग लर्निंग क्लासेस भी ले सकती हैं। ऑफलाइन क्लास में आपको महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे। वहीं, ऑनलाइन में भी आप पेड क्लासेस ले सकती हैं। इससे आपको डबस फायदा हो सकता है।





# पाना चाहते हैं सरकारी नौकरी ...तो भारत में होने वाली इन परीक्षाओं की करें तैयारी

**सरकारी नौकरी की चाहत भारत में हर कोई रखता है। लोग सालों साल इनकी तैयारियों में लगे रहते हैं। सरकारी नौकरी पाने के बाद मानो लोगों के दिन बदल जाते हैं, जिस कारण देश की आबादी के लगभग 80 से 85 प्रतिशत लोग सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे रहते हैं। अगर आप यूपी और बिहार से हैं तब तो सरकारी नौकरी का महत्व आपसे बेहतर कोई नहीं समझता होगा।**

जैसा की आपको पता है कि सरकारी नौकरी पाने के लिए आपको कई एग्जाम देने होते हैं, अगर आपने एग्जाम क्वालीफाई किया तभी आप उस नौकरी को पा सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप किन एग्जाम को देकर सरकारी नौकरी पा सकते हैं।

## बैंक पीओ

अगर आप किसी सरकारी बैंक में काम करना चाहते हैं, तब आप बैंक पीओ के एग्जाम के जरिए सरकारी बैंक में काम कर सकते हैं। कुछ साल बैंक में पीओ के पद पर काम करने के बाद आपको असिस्टेंट मैनेजर का पद मिल जाता है, जिसके कुछ समय बाद आपको मैनेजर का पद भी मिल सकता है। इस पेपर को निकालने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग आनी चाहिए। इस पेपर में बैठने से पहले आपको जमकर मैथ्स और रीजनिंग की तैयारी कर लेनी चाहिए।

## एसएससी सीजीएल

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लगभग हर छात्र को एसएससी सीजीएल के विषय में जानकारी होती है। यह एग्जाम स्टाफ सेलेक्शन कमीशन द्वारा लिया जाता है, जिसमें मेरिट के हिसाब से अलग-अलग मिनिस्ट्री में सरकारी नौकरी मिलती है। इस परीक्षा में 1 से लेकर 4 टियर होते हैं, एग्जाम क्वालीफाई करने के लिए आपको चारों टियर पास करने होते हैं। एसएससी के पेपर में आपको जनरल अवेयरनेस, रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और इंग्लिश कंप्रीहेंशन और मैथ्स के सवाल भर-भरकर मिलते हैं।

## आरबीआई ग्रेड बी

आरबीआई को भारत की एपेक्स बैंक कहा जाता है, जो अन्य सरकारी बैंकों को सुचारू रूप से चलाने का काम करती है। आप आरबीआई ग्रेड बी का एक्जाम देकर भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। इस एग्जाम को निकालने के लिए आपको रीजनिंग, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, इंग्लिश लैंग्वेज और जनरल अवेयरनेस को अच्छे से तैयार करना होता है। अगर आप यह एग्जाम क्लियर करते हैं तो आपको आरबीआई ऑफिसर के पद पर काम करने का मौका मिलता है, जिसके बाद आप प्रमोशन पाकर डिप्टी गवर्नर भी बन सकते हैं। इस नौकरी में सबसे ऊंची पोस्ट गवर्नर की होती है, जहां तक बहुत कम लोग पहुंच पाते हैं।

## सीडीएस

यह एक्जाम यूपीएससी द्वारा ही लिया जाता है। अगर आप आर्मी में ऊंचे पदों पर जाना चाहते हैं तो इस एग्जाम को क्वालीफाई करके जा सकते हैं। इस एग्जाम को पास करने के बाद आप इंडियन मिलिट्री अकादमी, इंडियन नेवल अकादमी, ऑफीसर्स ट्रेनिंग अकादमी और इंडियन एयर फोर्स अकादमी में जा सकते हैं। इस एग्जाम के लिए आपको इंग्लिश, जनरल नॉलेज और एलिमेंट्री मैथ की अच्छी नॉलेज होनी चाहिए।

## स्टेट पीसीएस

स्टेट पीसीएस का सिलेबस यूपीएससी से थोड़ा सा कम मुश्किल होता है, तो अगर आप यूपीएससी की तैयारी करते हैं तो इस परीक्षा में भी बैठ सकते हैं। इस परीक्षा को स्टेट सर्विस कमीशन के द्वारा कराया जाता है, जिसमें हर राज्य का एग्जाम पैटर्न अलग-अलग होते हैं। बाकी जानकारी के लिए आप किसी भी राज्य की स्टेट सर्विस कमीशन की ऑफिशियल साइट पर भी जा सकते हैं।

## सीएपीएफ

आपको बता दें की यह एग्जाम भी यूपीएससी द्वारा लिया जाता है, जिसे क्वालीफाई करने के बाद आप अलग-अलग आर्मी फोर्स में जा सकते हैं। इस एग्जाम से आप सीधे असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर जाते हैं।

## एलआईसी

एलआईसी का नाम तो हम सभी ने सुना है, आप इसका एग्जाम क्वालीफाई करके भी सरकारी नौकरी पा सकते हैं। यह एक नेशनल लेवल एग्जाम होता है, जिसे पास करने के बाद आप एलआईसी में ऊंचे पदों पर काम कर सकते हैं। इस परीक्षा का सिलेबस अन्य परीक्षाओं के जैसा ही होता है, इसलिए अगर आप किसी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहें हैं तो इसके इग्जाम में भी बैठ सकते हैं।

यूजीसी नेट

अगर आप शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं, तो आपको यूजीसी नेट की परीक्षा देनी होगी। यूजीसी नेट एग्जाम क्वालीफाई करने के बाद आपकी आगे की रीसर्च की फंडिंग भी की जाती है। ज्यादा जानकारी के लिए आप यूजीसी की साइट पर जाकर भी चेक कर सकते हैं।





# एक साथ दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं, तो एक जॉब को इस तरह करें सेलेक्ट

**अगर आपने जॉब के लिए कई जगह इंटरव्यू दिया था और आपने दो इंटरव्यू क्लीयर कर लिए हैं। तो ऐसे में आप उनमें से किसी एक जॉब को इन टिप्स को अपनाकर सलेक्ट करें।**

जीवन में तरक्की पाने के लिए एक अच्छी नौकरी पाने की इच्छा तो हम सभी की होती है। इसलिए, हम अलग-अलग कंपनियों में जॉब के लिए इंटरव्यू देते हैं। अक्सर हम सभी सिर्फ एक कंपनी में रिज्यूमे नहीं देते हैं, बल्कि हर अच्छी कंपनी में काम करने के लिए अवसर तलाश करते हैं। इंटरव्यू देने के बाद उसके रिप्लाई को आने में कुछ वक्त लग जाता है। अगर आप इंटरव्यू क्लीयर कर लेते हैं तो यकीनन बेहद खुशी होती है। लेकिन वहीं दूसरी ओर, अगर एक साथ दो कंपनियों से जॉब ऑफर होती है तो यह स्थिति थोड़ी दुविधाजनक हो जाती है। इस स्थिति में यकीनन आपके लिए यह तय कर पाना मुश्किल होता है कि आप किस जॉब ऑफर को एक्सेप्ट करें और किसे रिजेक्ट। हो सकता है कि आप भी ऐसी ही किसी स्थिति में उलझी हुई हों। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने लिए एक परफेक्ट जॉब को सलेक्ट कर सकती हैं-

## लॉन्ग टर्म के बारे में सोचें

जब आप किसी जॉब ऑफर को हां कहने जा रही हैं तो ऐसे में आपको अपने लॉन्ग टर्म करियर के बारे में सोचना चाहिए। यूं तो जॉब को जल्दी भी स्विच किया जा सकता है, लेकिन जब आप एक कंपनी में जुड़ते हैं तो लंबे समय तक काम करना काफी अच्छा रहता है। इससे आपकी प्रोफेशनल इमेज भी बेहतर होती है। इसलिए, किसी भी जॉब को सलेक्ट करने से पहले आपको यह देखना चाहिए कि लॉन्ग टर्म में आपको इस जॉब में आगे बढ़ने के कितने अवसर मिलेंगे।

## काम और पर्सनल लाइफ पर करें गौर


हर जॉब की अपनी अलग जरूरतें होती हैं और इसलिए जब आप किसी जॉब को सलेक्ट करें तो यह देखें कि आपका काम आपकी पर्सनल लाइफ को किस तरह इफेक्ट कर रहा है। यकीनन आप अपने करियर में बेहतर ग्रोथ चाहती हैं लेकिन इसके लिए आपकी पर्सनल लाइफ डिस्टर्ब नहीं होनी चाहिए। इसलिए, जब भी आप किसी जॉब ऑफर को सलेक्ट करें तो यह अवश्य देखें कि आपकी ऑफिस टाइमिंग, काम व वर्क प्रोफाइल आपके पर्सनल लाइफ पर किस तरह असर डालेगा।

## सिर्फ सैलरी पर ही ध्यान ना दें

जब हमे दो जॉब के ऑफर मिलते हैं तो यकीनन हमारा सबसे पहला फोकस सैलरी पर ही होता है। यकीनन सैलरी किसी भी जॉब सलेक्शन में एक अहम् भूमिका निभाती है। लेकिन सिर्फ सैलरी पर ही फोकस करके आप एक गलत डिसिजन ले सकती हैं। किसी भी जॉब को सलेक्ट करते समय आपको अपने काम, ऑफिस टाइमिंग, ऑफिस से घर की दूरी, पिकअप और ड्रॉप की फैसिलिटी जैसी अन्य कई छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें। इससे आपके लिए काम की जगह पर अधिक कंफर्टेबल फील होगा।

## ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें

यूं तो किसी भी ऑफिस के माहौल के बारे में आप तभी जान पाती हैं, जब आप उस ऑफिस में काम करती हैं। लेकिन अगर आपको एक साथ दो जगह से जॉब ऑफर हुई है तो कोशिश करें कि आप उन दोनों कंपनी व ऑफिस के माहौल को जानने का प्रयास करें। मसलन, अगर आपका कोई जानकार उस ऑफिस में काम कर चुका है तो आप उनसे ऑफिस की खूबियों व खामियों के बारे में जानने की कोशिश करें। इसके अलावा, आप यह देखें कि उस ऑफिस में ज्वॉइन करने के बाद लोग कितने लंबे समय तक वहां पर काम करते हैं या फिर उस कंपनी में लोग जल्दी-जल्दी जॉब छोड़ते हैं। इस तरह आपको यह समझने में आसानी होगी कि उस ऑफिस में काम करना आपके लिए कितना सही है। इससे आप एक अधिक सटीक निर्णय ले पाएंगी।




**अक्सर लोग नौकरी न मिलने पर ऐसे स्कैमर के चक्कर में फंस जाते हैं जो आपके सपनों की नौकरी को दिलाने का वादा करते हैं। हाल ही में ऐसे कई स्कैम हुए हैं जिसमें नौकरी के लालच में लोग बुरी तरह फंस चुके हैं।**

# ऑनलाइन जॉब ढूंढ रहे हैं तो हो जाएं सावधान...

आजकल लोग नौकरी के लिए ऑनलाइन कई कंपनियों में अप्लाई करते हैं। ऐसे में लोगों के साथ स्कैम बहुत अधिक होने की संभावना होती है। जॉब देने की आड़ में स्कैमर्स लोगों से लाखों पैसे ले लेते हैं और लोग उनके जाल में बुरी तरह फंस जाते हैं। सोशल मीडिया की मदद से किसी कंपनी भी में अप्लाई करने पर स्कैम भी बहुत अधिक हो रहे हैं। तो चलिए जानते हैं कि आप कैसे इन ऑनलाइन स्कैम से बच सकती हैं।

## सोशल मीडिया पर करते हैं पोस्ट

इंस्टाग्राम पर या फेसबुक ऐसे कई पेज हैं जो जॉब वेकेंसी के बारे में पोस्ट करते रहते हैं। फेक अकाउंट जब नौकरी की वेकेंसी पोस्ट करते हैं तो वह एक फॉर्म की लिंक को भी अटैच कर देते हैं। इसमें वह निर्देशों का पालन करते हुए डिटेल्स को फिल करने के लिए जानकारी भी देते हैं। उसके बाद ऑनलाइन भुगतान के लिए भी कहा जाता है। ऐसे में आपको सतर्क रहना बहुत जरूरी है। जब भी आप ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फॉर्म भरें तो आपको कंपनी के वेबसाइट पर जाकर यह जरूर चेक करना चाहिए कि कंपनी में कोई वेकेंसी निकली भी है या नहीं। इसके अलावा आपको फॉर्म भरने पर अपने बैंक की डिटेल्स और पैसे का भुगतान नहीं करना चाहिए।

## विदेश में नौकरी का लालच

देश में नौकरी के अलावा कई बार लोग विदेशों में भी नौकरी लेने के लालच में बुरी तरह फंस जाते हैं। जालसाज लोगों को पैसे लेकर विदेशों में नौकरी करने के लिए भेज देते हैं जहां उन्हें बंधक तक बना लिया जाता है। ऐसे में नौकरी पाने के लिए किसी भी अनजान लोगों के झांसे में ना आएं और साथ ही अच्छे से जॉब के बारे में चेक करने के बाद ही कोई कदम उठाएं।

## कैसे रहें सुरक्षित?

जब सोशल मीडिया पर कोई फेक जॉब पर पोस्ट शेयर की जाती है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्लिकबेट हेडलाइन्स से लोगों को लुभाते हैं और पैसा लेकर गायब हो जाते हैं। आपको कंपनी का नाम ऑनलाइन सर्च भी देखना चाहिए और उस कंपनी से जुड़े हुए कॉन्टैक्ट मिले तो कॉल करके वेकेंसी के बारे में जरूर पूछना चाहिए। जब भी आप जॉब पोस्ट को देखें तो उसमें कोई ग्रामेटिकल मिस्टेक अगर आपको नजर आती है तो हो सकता है कि वह पोस्ट फेक हो क्योंकि अक्सर स्कैमर्स ज्यादा पढ़े नहीं होते और अंग्रेजी लिखने में गलती भी कर देते हैं इसलिए आपको इस बात का ध्यान रखते हुए ही सोशल मीडिया पर जॉब के लिए अप्लाई करना चाहिए।




## संपादकीय

# मोदी सरकार का गठबंधन धर्म

तमाम कयासों पर पानी फेरते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुन लिया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में दूसरी बार होगा, जब किसी नेता को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। 72 मंत्रियों को शपथ दिलवाई गई। जिसमें गठबंधन सरकार दिख रही थी। निस्संदेह यह प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व का प्रभाव और उनके कामकाज के तरीके पर भरोसे का ही नतीजा है। इस बार बेशक भाजपा को अकेले दम पर पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया, मगर राजग को बहुमत से कुछ अधिक सीटें मिली हैं, इसलिए गठबंधन की सरकार बनने में कोई अड़चन नहीं थी। यह गठबंधन चुनाव पूर्व का है, इसलिए इसके सभी घटक दल पहले से ऐसी स्थिति में समर्थन देने को प्रतिबद्ध थे। मगर चूंकि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के पहले के अनुभवों को देखते हुए कयासों को बल मिला था कि वे सरकार बनाते समय अपनी कड़ी शर्तें रख सकते हैं और उनके पूरा न होने पर छिटक भी सकते हैं। मगर अच्छी बात है कि दोनों नेताओं ने अपनी उस पुरानी छवि को इस अवसर पर दुरुस्त करके दिखाया। हालांकि अब भी विपक्षी गठबंधन को लगता है कि गठबंधन की यह सरकार लंबे समय तक चल नहीं पाएगी, मगर फिलहाल तो इसे एक खामखयाली ही माना जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री के कामकाज के तरीके में कुछ बदलाव देखा जा सकेगा। केवल इसलिए नहीं कि उन पर लगातार गठबंधन का दबाव बना रहेगा, बल्कि इसलिए भी कि इस लोकसभा का चुनाव भाजपा उनके नाम पर लड़ी थी। प्रधानमंत्री ने खुद अपने नाम से बहुत सारे कामों की गारंटी दी है। उन गारंटियों को पूरा करने का दायित्व उन पर ही है। उन्हें पूरा करने के लिए नए ढंग से रणनीति बनानी होगी। उसमें स्वाभाविक ही सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की जरूरत पड़ेगी। घटक दलों ने सत्ता की बागडोर उनके हाथ में सौंपी है, तो जाहिर है कि उनकी मांगें मान ली गई हैं। विभागों आदि के बंटवारे पर सहमति बन चुकी है। इसलिए जो विभाग भाजपा से इतर दलों को मिलेंगे, वे प्रधानमंत्री की नीतियों और योजनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करेंगे। कोई भी सरकार तकरार से चल नहीं सकती और न उससे किसी दल को लाभ मिलता है। इसलिए घटक दलों को यह बात अच्छी तरह पता है कि सरकार की उपलब्धियों पर ही उनकी भी सफलता और विफलता निर्भर करती है।यह जरूर है कि पिछली दो सरकारों के समय जिस तरह प्रधानमंत्री और उनके मंत्री फैसले करते, नीतियों का निर्धारण करते रहे हैं, अनेक मौकों पर विधेयकों को बिना उचित बहस के पारित करा लिया गया।

## रेपो दर कम करने की मांग उठनी शुरू

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में एक बार फिर बैंक दरों के साथ कोई छेड़छाड़ करना उचित नहीं समझा। रेपो दर यथावत साढ़े छह फीसद पर बनी रहेगी। आरबीआइ गवर्नर का कहना है कि उनकी प्राथमिकता खाद्य मुद्रास्फीति को संतुलित करना और चार फीसद तक लाना है। अभी खाद्य मुद्रास्फीति पांच फीसद के आसपास बनी हुई है। इसमें कभी अचानक वृद्धि देखी जाती है। हर समय इसके रुख में अनिश्चितता बनी हुई है। महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से सामान्य लोगों के जीवन पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कुछ औद्योगिक समूहों ने मांग उठानी शुरू कर दी है कि रेपो दरों में कम से कम पच्चीस आधार अंक की कटौती करने का समय आ गया है। मगर आरबीआइ इस दिशा में कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहता। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऊंची रेपो दर की वजह से कुछ हद तक महंगाई पर लगाम लगी है, मगर यह कब तक टिकाऊ उपाय साबित होगा, कहना मुश्किल है।दरअसल, रेपो दर में बढ़ोतरी का असर बैंकों से लिए गए कर्ज की किश्तों पर पड़ता है। बहुत सारे लोगों को इसकी वजह से अपने घर, वाहन, कारोबार आदि के मद में लिए गए कर्ज की ऊंची किश्तें चुकानी पड़ रही हैं, जबकि कोरोनाकाल के बाद से बहुत सारे लोगों की आमदनी घट गई है। औद्योगिक समूहों को कर्ज पर ब्याज अधिक चुकाने के चलते अपने उत्पाद की कीमतें ऊंची रखनी पड़ती हैं, जिससे अंततः उपभोक्ता पर बोझ बढ़ता है। इसलिए एक तरफ जहां महंगाई को संतुलित करने में कुछ हद तक मदद मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ महंगाई बढ़ भी जाती है। रिजर्व बैंक ने इस वित्तवर्ष में विकास दर सात फीसद से ऊपर रहने की संभावना जताई है। मगर विकास दर और महंगाई के बीच कोई सीधा संबंध नजर नहीं आ पा रहा। विकास दर ऊंची रहने के बावजूद सामान्य लोगों के जीवन में बेहतरी के संकेत नहीं दिखाई दे रहे।

# आर्थिक विकास के दृष्टि से वित्तीय वर्ष 2023-24 भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ

(प्रह्लाद सबनानी)

उक्त सफलताओं के साथ ही, भारत ने अपने आर्थिक विकास की दर को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 16 लाख 54 हजार करोड़ रुपए का रह गया है। हाल ही में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में हुए विकास से सम्बंधित आंकड़े जारी किये गए है। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत की रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक एवं वैश्विक स्तर पर कार्यरत विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाते हुए कहा था कि यह 7 प्रतिशत के आसपास रहेगी। परंतु, वित्तीय 2023-24 के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर इन अनुमानों से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भी भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है जो पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे विश्व में प्रथम 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक विकास दर भारत की आर्थिक विकास दर के कहीं आसपास भी नहीं रही है। अमेरिका की आर्थिक विकास दर 2.3 प्रतिशत, चीन की आर्थिक विकास दर 5.2 प्रतिशत, जर्मनी की आर्थिक विकास दर तो ऋणात्मक 0.3 प्रतिशत रही है। जापान की आर्थिक विकास दर 1.92 प्रतिशत, ब्रिटेन की 0.1 प्रतिशत, फ्रान्स की 0.9 प्रतिशत, ब्राजील की 2.91 प्रतिशत, इटली की 0.9 प्रतिशत एवं कनाडा की 1 प्रतिशत रही है, वहीं भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर को देखते हुए अब तो ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2027 तक जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की

*वर्ष 2023 में चीन के शेयर बाजार ने अपने निवेशकों को ऋणात्मक प्रतिफल दिए हैं। तीसरे स्थान पर जापान का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 6.36 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। चौथे स्थान पर भारत का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। पांचवे स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जिस तेज गति से भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे बढ़ रहा है।*

तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था निश्चित ही बन जाएगा। विनिर्माण, खनन, भवन निर्माण एवं सेवा क्षेत्र, यह चार क्षेत्र ऐसे हैं जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद को तेजी से आगे बढ़ाने में अपना विशेष योगदान देते हुए नजर आ रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के चलते ही सम्भव हो पा रहा है। वास्तविक सकल मान अभिवृद्धि के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 की चतुर्थ तिमाही में विनिर्माण के क्षेत्र में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में केवल 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जा सकी थी। इसी प्रकार, खनन के क्षेत्र में भी इस वर्ष की चतुर्थ तिमाही में वृद्धि दर 4.3 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.9 प्रतिशत की रही थी। भवन निर्माण के क्षेत्र में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत की रही थी। नागरिक प्रशासन, सुरक्षा एवं अन्य सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धि दर 4.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई है। ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि दर पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में 7.3 प्रतिशत से बढ़कर इस वर्ष चौथी तिमाही में 7.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। परंतु, कृषि, सेवा एवं वित्तीय क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में कुछ कम रही है। वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के सकल घरेलू उत्पाद में लगातार कम हो रही वृद्धि दर के बावजूद भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि दर का होना यह दर्शाता है कि अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं में आ रही परेशानियों का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं के बराबर हो रहा है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आंतरिक शक्ति के बल पर तेज गति से आर्थिक वृद्धि करने में सफल हो रही है। परंतु, भारत में कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं जिन पर, आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जैसे, हाल ही के समय में भारत में निजी खपत नहीं बढ़ पा रही है और यह 4 प्रतिशत की दर पर ही टिकी हुई है। साथ ही, निजी क्षेत्र में पूंजी निवेश भी नहीं बढ़ पा रहा है। भारत में निजी खपत कुल सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत है। यदि सकल घरेलू उत्पाद के इतने बड़े हिस्से में वृद्धि नहीं होगी अथवा कम वृद्धि दर होगी तो देश में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत में निजी खपत इसलिए भी नहीं बढ़ पा रही है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में घरेलू देयताएं सकल घरेलू उत्पाद के 5.7 प्रतिशत के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गईं हैं एवं बचत की दर भी सकल घरेलू उत्पाद के 5.2 प्रतिशत पर अपने निचले स्तर पर आ गई है, जो 10 वर्ष पूर्व 7 प्रतिशत से अधिक थी। वहीं दूसरी ओर, दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रांस एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल कर लिया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, केवल दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का हो गया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत में नैशनल स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड समस्त कम्पनियों के कुल बाजार पूंजीकरण का स्तर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर जुलाई 2017 में पहुंचा था और लगभग 4 वर्ष पश्चात अर्थात मई 2021 में 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था तथा केवल लगभग 2.5 वर्ष पश्चात अर्थात दिसम्बर 2023 में यह 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को भी पार कर गया था और अब यह 4.35 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर से भी आगे निकल गया है। इस प्रकार भारत शेयर बाजार पूंजीकरण के मामले में आज पूरे विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिकी शेयर बाजार है, जिसका पूंजीकरण 50.86 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है। द्वितीय स्थान पर चीन का शेयर बाजार है जिसका पूंजीकरण 8.44 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

# 'सर्वमत और सुशासन' से बनेगा विकसित भारत

(प्रो. संजय द्विवेदी)

सत्ता के संकटों और सीमाओं के बाद भी नरेंद्र मोदी ने अपने विजन और नेतृत्व क्षमता से लंबी लकीर खींची है। गहरी राष्ट्रीय चेतना से लबरेज उनका व्यक्तित्व एनडीए की चुनावी सफलताओं की गारंटी बन गया है। लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी भले ही सीटों के मामले में अपने घोषित लक्ष्य से पीछे रह गए हों, किन्तु चुनौती स्वीकार करने की उनकी जिजीविषा स्पष्ट है। पिछले तीन दिनों से उनके भाषण, बाडी लैंग्वेज बता रही है कि वे राजग की सरकार को उसी अंदाज से चलाना चाहते हैं, जैसी सरकार वे अब तक चलाते आए हैं। सहयोगी दलों से मिली पूर्ण आश्वस्ति के पश्चात मोदी ने अपने नेता पद पर चयन के बाद 'बहुमत' से नहीं बल्कि 'सर्वमत' से सरकार चलाने की बात कही है। वैसे भी चंद्रबाबू नायडू तथा नीतिश कुमार की ज्यादा रूचि अपने राज्यों की राजनीति में हैं। इसलिए सीधे तौर पर दो बड़े सहयोगी दलों तेलुगु देशम और जनता दल (यूनाइटेड) से कोई तात्कालिक चुनौती नहीं है। इसके साथ ही 'सुशासन' मोदी, नायडू और नीतिश तीनों की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पिछले 22 वर्षों से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे पदों पर रहते हुए सरकारों का नेतृत्व कर रहे हैं। उनमें सबको साथ लेकर चलने की अभूतपूर्व क्षमता है। सुशासन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेंस उनकी कार्यशैली है। यह बात उन्होंने इस बार भी स्पष्ट कर दी है। लंबे नेतृत्व अनुभव ने उनमें साथियों के प्रति सद्भाव और अभिभावकत्व भी पैदा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए एनडीए का हर एक सांसद समान है। मोदी जब 2014 में प्रधानमंत्री बने तब यह बात काफी कही गई थी कि उन्हें दिल्ली की समझ नहीं है। विदेश नीति जैसे विषयों पर क्या मोदी नेतृत्व दे पाएंगे। जबकि पिछले 10 वर्षों में मोदी ने इन दोनों प्रारंभिक धारणाओं को खारिज किया। ऐसे में गठबंधन सरकार का नेतृत्व वे सफलतापूर्वक करेंगे, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए। सत्ता के संकटों और सीमाओं के बाद भी नरेंद्र मोदी ने अपने विजन और नेतृत्व क्षमता से लंबी लकीर खींची है। गहरी राष्ट्रीय चेतना से लबरेज उनका व्यक्तित्व एनडीए की चुनावी सफलताओं की गारंटी बन गया है। अब जबकि एनडीए के लगभग 303 सांसद हो चुके हैं, तब यह मानना ही पड़ेगा यह सरकार आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और सामाजिक कल्याण की योजनाएं लागू करते हुए तेज़ी से आगे बढ़ेगी। अरूणाचल प्रदेश, उड़ीसा की राज्य सरकारें मोदी मैजिक का ही परिणाम है। केरल में खाता खोलने के साथ तेलंगाना, आंध्र और कर्नाटक के परिणाम दक्षिण भारत में भाजपा की बढ़ती स्वीकार्यता बताते हैं। इन परिणामों में नरेंद्र मोदी की छवि और उनका परिश्रम संयुक्त है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बंगाल और महाराष्ट्र से गंभीर नुकसान के बाद भी सबसे बड़े दल के रूप में भाजपा को जिताकर ले आना और एनडीए को बहुमत दिलाने में उनकी खास भूमिका है। एनडीए सांसद और सहयोगी दल भी मानते हैं उन्हें मोदी की छवि का फायदा अपने-अपने क्षेत्रों में मिला है। 10 साल के सत्ता विरोधी रूझानों के बाद भी अन्य क्षेत्रों में विस्तार करते हुए भाजपा और एनडीए अपनी सत्ता बचाने में कामयाब रहे, यह साधारण बात नहीं है। राजग ने चुनावी जंग में मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश की सभी सीटें जीत लीं। बावजूद इसके अपराजेय समझे जाने वाले 'मोदी-योगी ब्रांड' को उत्तर प्रदेश में बहुत गहरा झटका लगा है। प्रधानमंत्री की वाराणसी में जीत के अंतर को भी विरोधी रेखांकित कर रहे हैं। अयोध्या की हार मीडिया की सबसे बड़ी खबर बन गयी है। जाहिर तौर पर इसे लोकतंत्र की खूबसूरती ही मानना चाहिए। इसलिए इसे जनादेश कहते हैं। आरक्षण और संविधान बदलाव के भ्रामक प्रचार ने जैसा उत्तर प्रदेश में असर दिखाया है, संभव है बिहार में चिराग पासवान और जीतनराम मांझी गठबंधन में न होते तो वहां भी ऐसा ही नुकसान संभावित था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5399

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5398

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5399



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1870 को इस देश में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरूआत हुई (4)
6. मछली, मत्स्य (2)
7. अहिरावण का एक द्वारपाल जो पुराणानुसार हनुमान का पुत्र माना जाता है (5)
9. अस्वीकार करना, वचन तोड़ना (4)
11. बहुत थका, उत्साह भंग होने का भाव, साहस टूटना (2)
12. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)
14. भिक्षा मांगने वाला, भिक्षुक (3)
16. अलमस्त, बिंदास, मनमस्त (4)
18. यह संसार की सबसे लंबी नदी है, श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
19. गर्व, घमंड, फख्र (2)
20. व्यंग्य, आक्षेप वाक्य, कटाक्ष (2)
21. साहसी पुरूष, बहादुर, पराक्रमी (2)
23. ताया, जेठा चाचा (2) (2)
24. जमींदारी, इलाका (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भारत के एक लोकप्रिय पूर्व रेडियों उद्घोषक (6)
2. प्रसिद्ध अप्सरा जिसे विश्वामित्र की कठोर तपस्या से डरकर इंद्र ने उनके तप-भंग करने के लिए भेजा था (3)
3. हसरत, आरजू, तमन्ना (3)
4. अभिभावक, संरक्षक, संरक्षण देने वाला (5)
5. प्रतिदिन, नित्य (2)
8. नष्ट, बर्बाद, ध्वंस (2)
10. काव्य मर्मज्ञ, जो रस पान करें, रस लेने वाला (3)
12. किसी कार्य के लिए किसी का नाम निश्चित करने की क्रिया (5)
13. कंठहार, पर्वत श्रेणी, तारतम्य, सूत्राली (2)
15. प्रचलित, काम चलाऊ (4)
17. इस्लाम धर्म का विद्वान, बच्चों का पढ़ाने वाला, धर्म दीक्षक (3)
22. हानि, आक्रमण, आपत्ति, हानि आदि से बचाव (2)

### वर्ग पहेली 5398 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | द्र | शे | ख | र | आ | जा | द |
| द्र | | खी | ल | | का | न | न |
| शे | र | | ना | लि | श | | द |
| ख | त | रा | | | गं | था | ना |
| र | ज | ज | | आ | गा | | ना |
| | गा | रा | | क्र | | चु | |
| चि | | जा | ज | म | | ना | ना |
| ली | मा | | ग | ण | दे | व | ता |

# आज का राशिफल

### मेष
आज आपके कार्यक्षेत्र में परिवर्तन और बदलाव आ सकते हैं और इसमें आपको लाभ होगा। सरकार अथवा व्यवस्था की तरफ से कुछ ऐसे बदलाव आ रहे हैं जिसमें आपको लाभ होने की उम्मीद है। आपकी किस्मत साथ देगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए पलायन करना सही नहीं है। अपने काम पर फोकस करें तो लाभ होगा।

### वृष
आज करियर के मामले में आज काफी चिंतत रहेंगे। वर्तमान में काम को छोड़कर किसी और चीज में दिमाग न लगाएं तो आपके लिए अच्छा होगा। बेहतर होगा कि आप अपना कीमती वक्त दूसरों के लिए बर्बाद न करें। आज के दिन भी आपको अपने बारे में ज्यादा सोचना है। कामकाज की स्थिति अनुकूल है और आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होने के योग हैं। आज आपके घर में सुख सुविधाएं बढ़ेंगी और सुख के साधनों में इजाफा होगा। आपको अपने लिए आज काफी परिश्रम करना पड़ेगा। आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं और किस्मत का भरपूर साथ मिलेगा।

### तुला
आज का दिन शुभ है और आज आपको करियर में लाभ होने के योग हैं। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कारोबार में मेहनत का लाभ आपको होगा। आपके जीवन में अच्छे अनुभव हो जाएं तो आपके जीवन में सफलता पाने से आपको कोई रोक नहीं सकता। परिजनों के साथ हास परिहास में व्यतीत होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन शुभ होगा और आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी। कोई जरूरी काम बन जाने से लाभ के अवसरों में इजाफा होगा और आपको सफलता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आपके लिए आगे का समय अच्छा कटेगा और आपके उत्साह में वृद्धि होगी। यह भी एक अच्छा सौभाग्य होगा कि कहीं पर आपका रुका हुआ धन भी शाम तक हाथ में आ जाएगा।

### धनु
आज का दिन तरक्की से भरा होगा और आज आपको उन्नति प्राप्त होगी। यदि आप किसी ठोस संगठन से जुड़े हैं तो बहुत अच्छी बात है। इन दिनों आपके कई शानदार मौके आ रहे हैं और आपको फायदा होगा। आज आपको कारोबार में तरक्की से लाभ होगा और सुख में वृद्धि होगी।

### कर्क
आज कारोबार में लाभ होगा और आपके आज कार्यक्षेत्र में सतर्क होकर काम करना चाहिए। कभी कभी अपनी शर्तों पर काम करने की कोशिश करनी चाहिए। सही समय पर काम की शुरुआत करने से आपकी व्यग्रता और तनाव अपने आप घट जाएगा। आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

### सिंह
आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपकी करूणा और उदारता आपको भारी पड़ सकती है। यदि किसी प्रकार की न्याय नीति का मामला हो या कानूनी दायरे में कुछ कर दिखाने की इच्छा हो आपके पास एक ठोस प्लान बना रहेगा। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं।

### कन्या
आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके अधीनस्थ सहयोगियों के प्रति आपका व्यवहार उदारतापूर्ण होगा और इसका आपको लाभ होगा। आपके जीवन में शानदार तरक्की के योग बन रहे हैं। दूसरों की गलतियों को माफ करना सीखें तो आपको लाभ होगा।

### मकर
आज आप कई प्रकार के उलझनों में ग्रस्त रहेंगे। कोई वस्तु या उपहार खरीदने की जल्दी में आप काफी परेशान रहेंगे। आपके कार्यक्षेत्र में भी काम का प्रेशर ज्यादा रहेगा। सही वक्त पर आकर आपका वाहन आदि भी साथ नहीं देगा। ऐसे वक्त पर आपकी अपनी सूझबूझ बहुत काम आएगी। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

### कुंभ
आज आपके धन में वृद्धि के योग हैं और आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। ऐसे में अगर आप हौसले पस्त हो जाएंगे तो आपकी जीत कैसे होगी। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी और परिवार में सुख समृद्धि के योग बन रहे हैं। आपको लाभ होगा। आपके लिए आगे का समय अच्छा कटेगा और आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी काम के बिगड़ने से होने पर आपको खीज या प्रतिक्रिया नहीं होती बल्कि आप उल्टा शांत और गम्भीर नज़र आते हैं। आप आज मेहनत से जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके ग्रहों के संचार बदलाव से हो रहा है या फिर कोई शुभ ग्रह आपको प्रेरित कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य करेंगे टाटानगर स्टेशन का निरीक्षण

**जमशेदपुर, एजेंसी।** चक्रधरपुर मंडल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य प्रो. डॉ. सुभाष लेंका द्वारा टाटानगर स्टेशन पर यात्री सुविधा संसाधनों की जांच की जाएगी। बुधवार को टाटानगर आकर रेलवे सलाहकार समिति सदस्य स्टेशन निदेशक से मिले थे। उन्होंने स्टेशन पर सफाई की सराहना की लेकिन प्लेटफार्म पर लिफ्ट और फुट ओवरब्रिज के साथ दिव्यांग के लिए रैम्प नहीं बनने पर खेद जताया। लेंका ने स्टेशन पर एस्केलेटर को 24 घंटे चालू रखने और ठंडे पानी के लिए सभी प्लेटफार्म पर वाटर कूलर मशीन पर जोर दिया।

### सरयू राय के माफिया से संबंधों की पूरी जानकारी दें सांसद ढुलू महतो:उदय सिंह

**धनबाद, एजेंसी।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष उदय सिंह ने धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि सांसद ने सरयू राय पर माफिया से संबंध रखने का आरोप लगाया है। मेरी चुनौती है कि सरयू राय के संपर्क वाले माफिया का नाम सांसद ढुलू महतो सार्वजनिक करें। सोमवार को धनबाद सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर उदय सिंह ने दावा किया कि सांसद ढुलू महतो पर 50 से अधिक केस विभिन्न थानों में दर्ज है। सांसद ने अपने हलफनामे में भी 20 केस दर्ज होने तथा दो मामलों में सजा होने का ब्योरा दिया है। सांसद पर दर्ज मामलों में जान से मारने की धमकी देने सहित रंगदारी से भी जुड़े हैं। उदय सिंह ने आरोप लगाया है कि सांसद ने बाघमारा अंचल में कई सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। सार्वजनिक रास्ते को भी अपनी बाउड्री में मिला लिया है। उदय सिंह ने कहा कि सांसद के प्रिंस खान के संबधों की भी जांच होनी चाहिए।

### जलदूत बनकर मुखिया शमशेर आलम टैंकर से उपलब्ध करा रहे लोगों को पानी

**हजारीबाग, एजेंसी।** भीषण गर्मी में जहां कुएं, चापाकल सूख गए हैं लोग पानी के लिए व्याकुल हो रहे हैं। पीने का पानी पैसे से खरीद लें रहें हैं लेकिन नहाने धोने के पानी के लिए परेशान हैं। बरही के कई पंचायतों में पानी की विकट समस्या है। जहां तहां पंचायत प्रतिनिधि और मुखिया सक्रिय होकर निजी खर्च से पानी के अभाव क्षेत्र में पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही एक मुखिया हैं बरही पश्चिमी पंचायत के शमशेर आलम। पानी की समस्या से जुझने वाले पंचायत के हर मोहल्ले में मुखिया निजी खर्च से पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। वे पिछले 10 दिनों से लगातार टैंकर से पानी पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मुखिया शमशेर आलम ने लोगों को आश्वस्त किया है कि किसी मोहल्ले में पानी की कमी होने नहीं देंगे।

### कोयला कर्मियों का वीडीए तीन सौ रुपए तक बढ़ा

**धनबाद, एजेंसी।** कोयला कर्मियों के वीडीए (परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता) को संशोधित किया गया है। पिछले तिमाही के मुकाबले दशमलव दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कम से कम 78 रुपए एवं ज्यादा से ज्यादा 300 रुपए की बढ़ोतरी महंगाई भत्ता में प्रतिमाह होगा। 16.9 प्रतिशत की दर से प्रतिमाह वीडीए का भुगतान किया जाएगा। वीडीए पर एटक के लखन लाल महतो ने कहा कि पिछले छह माह में क्या इतनी ही महंगाई बढ़ी है। महंगाई की गणना का फार्मूला गलत है। सरकार मजदूरों का हक मार रही है।

### तोरपा:कोइल कारो जनसंगठन की बैठक

**रांची, एजेंसी।** कोइल कारो जनसंगठन के शीर्ष कमिटी की बैठक मंगलवार को शहीद भवन तपकरा में उपाध्यक्ष अनाक्लेतुस कंडुलना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष सोमा मुंडा ने विषय प्रवेश करते हुए पांच जुलाई के विजय संकल्प दिवस तथा सांगठनिक मजबूती पर विशेष कार्य योजना बनाने पर बल दिया। इन्हीं विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया कि विजय संकल्प दिवस के दिन डूब क्षेत्र के घर घर से ग्रामीणों की उपस्थिति जरूरी है, क्योंकि जब तक विनाशकारी कोइल कारो जल विद्युत परियोजना हमेशा के लिए रद्द नहीं हो जाता है तब तक एकजुटता और ताकत को बनाए रखना है। सांगठनिक मजबूती के संदर्भ में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्राम सभा से शीर्ष कमिटी के लिए प्रतिनिधियों का चयन कर भेजने हेतु पत्र सौंपा जाएगा।

# आलमगीर आलम की जगह अब कौन बनेगा नया मंत्री, डॉ इरफान अंसारी के नाम की भी चर्चा

**रांची, एजेंसी।** आलमगीर आलम के मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से इस्तीफा देने के बाद पार्टी में राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस कोटे से मंत्री बनने के लिए जहां कई विधायक जोर आजमाइश में जुटे हैं, वहीं विधायक दल का नेता बनने के लिए भी कई नेता जुगत में हैं। अब पार्टी किसे मंत्री बनाती है और किसे विधायक दल का नेता, इस पर जल्द ही पर्दा उठ जाएगा। बुधवार को लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के दौरान इस मसले पर भी चर्चा होने की संभावना है। हालांकि, प्रदेश नेतृत्व की अनुशंसा पर अंतिम निर्णय आलाकमान करेगा।




**कई नामों की चर्चा :** मंत्री और विधायक दल के नेता के लिए कई विधायकों और मंत्री के नाम की चर्चा चल रही है। कांग्रेस अगले छह महीने के लिए एक विधायक को मंत्री और एक विधायक को विधायक दल का नेता बना सकती है। इस तरीके से पार्टी के दो विधायक को दो पद मिल सकते हैं। कांग्रेस कोटे के तीनों मंत्री पिछले साढ़े चार साल से पद पर हैं तो उन्हें दूसरा पद देने में पार्टी के विधायकों में नाराजगी आ सकती है। दीपिका पांडेय सिंह प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की पहली पसंद हो सकती हैं।

**दीपिका पांडेय सिंह को लेकर अटकलें :** दीपिका पांडेय सिंह को कांग्रेस कोटे से मंत्री या फिर विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में दीपिका को गोड्डा से टिकट देने के बाद पार्टी ने वापस ले लिया था। इसका उनके या फिर उनके समर्थकों की ओर से कोई विरोध नहीं किया गया, जिसका लाभ उन्हें मंत्री या विधायक दल के नेता के पद के रूप में मिल सकता है। वहीं, आलमगीर के हटने के बाद पार्टी में विधायक डॉ इरफान अंसारी मुस्लिम चेहरा हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपने विधानसभा क्षेत्र जामताड़ा से गठबंधन प्रत्याशी को बड़ी बढ़त दिलाई थी। वे दो बार से लगातार विधायक हैं।

**डॉ इरफान अंसारी के नाम की भी चर्चा :** ऐसे में डॉ इरफान भी मंत्री पद के बड़े दावेदार हैं। कांग्रेस अगर झारखंड विधानसभा चुनाव पर फोकस करती है तो किसी आदिवासी चेहरा पर मंत्री या विधायक दल के नेता के रूप में भी दांव खेल सकती है। ऐसे में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा पर विश्वास जता सकती है।

**कांग्रेस को किस बात का सबसे ज्यादा डर :** झारखंड सरकार में कांग्रेस कोटे के तीन मंत्री हैं। अगर तीनों मंत्री में से किसी को विधायक दल का नेता बनाया गया तो पार्टी विधायक इसका विरोध कर सकते हैं। चंपाई सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों में कोई बदलाव नहीं किये जाने का विरोध दिल्ली तक पहुंचा था। आलाकमान के मान मनौवल के बाद विधायक माने थे। ऐसे पार्टी फिर से कोई जोखिम उठाना नहीं चाहेगी।

# छात्रों ने जल संरक्षण को लेकर किया जागरूक

**चाईवासा, एजेंसी।** मिशन लाइफ के तहत इको क्लब समर कैंप कार्यक्रम में मांगीलाल रूंगटा प्लस टू विद्यालय में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल संरक्षण से संबंधित रैली निकालकर आसपास के लोगों तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी जागरूक किया गया। ऊर्जा व जल संरक्षण से संबंधित पेंटिंग तथा अन्य गतिविधियों का भी आयोजन पिछले तीन दिनों से किया जा रहा है। किचन गार्डन के निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही डस्टबिन के इस्तेमाल को लेकर जागरूक किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत प्लास्टिक मुक्त विद्यालय बनाने का संकल्प भी लिया गया।



आठ दिवसीय कार्यक्रम में प्राचार्या के मार्गदर्शन में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें रीना जयश्री मिंज, हिमांगिनी महतो, लेखा सिंह, संगीता सिन्हा का योगदान सराहनीय रहा।

### बगडबरा नदी घाट से अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त

**देवघर/सारठ , एजेंसी।** सारठ थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सूरज कुमार की अगुवायी में अवैध बालू, कोयला, शराब आदि अवैध कारोबारियों व आपराधिक चरित्र वाले लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा है। अभियान के क्रम में दिन के करीब तीन बजे बगडबरा नदी घाट के समीम गुप्त सूचना के आधार पर जेएसआई सुरेश रवानी ने पुलिस दलबल के साथ अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। हालांकि पुलिस की गाड़ी देख ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बगडबरा नदी घाट से ट्रैक्टर में अवैध बालू लोड कर ले जा रहा था। इसकी सूचना किसी ने सारठ थाना प्रभारी को दी थी। सूचना मिलते ही जेएसआई सुरेश रवानी पुलिस दलबल के साथ पहुंचे व अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले आया।

## एक दर्जन से ज्यादा लोगों को फर्जी कागजात पर लोन दिला चुका है अमरनाथ

**रांची, एजेंसी।** बैंककर्मियों की मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज पर ऋण दिलाने वाले गिरोह के गिरफ्तार गुर्गों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इनमें हटिया चाईबासाटोली का अमरनाथ तिवारी, तुपुदाना एनसलरी चौक का राजीव सिंह, लोअर चुटिया का विशाल सिंह राजा और काजल गुप्ता शामिल है। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि गैंग के गुर्गे लोगों को फर्जी दस्तावेज पर लोन दिलाते थे। अमरनाथ एक दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ ऐसा कर चुका है। हालांकि पुलिस को आधा दर्जन लोगों को लोन दिलाने से जुड़े दस्तावेज हाथ लगे हैं। इस गैंग ने उन सभी को फर्जी पैन नंबर, आधार और पे स्लिप के आधार पर लोन दिलाया है। बता दें कि आरोपियों ने चार लाख रुपये कमीशन नहीं देने पर प्लाइवुड व्यवसायी अमित गुप्ता को रविवार रात अगवा कर लिया था। इसी कांड के बाद सभी दबोचे गए। पता चला है कि लोन दिलाकर 40 से 50त्न कमीशन लेते थे। कमीशन देने में आनाकानी करने वालों को प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत कमीशन वाली राशि माफ कराने का झांसा तक देते थे। जांच में गिरोह द्वारा लाखों रुपये लोगों से लेने का भी खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में बैंककर्मियों की भी मिलीभगत सामने आई है। पुलिस अब इन कर्मचारियों से भी पूछताछ करेगी। पुलिस का कहना है कि गिरोह के गुर्गों द्वारा जमा किए जाने वाले दस्तावेजों की जांच नहीं की जाती थी।पुलिस जांच में पता चला है कि काजल गुप्ता ने पहले अमित से दोस्ती की। इसके बाद गैंग के लोगों से संपर्क कराया। अमरनाथ तिवारी द्वारा सैकड़ों लोगों को लोन दिलाने की भी जानकारी दी थी। इसके बाद अमित को दिलाया और कमीशन के चार लाख रुपए मांगे थे। पत्नी के फर्जी पे स्लिप की बात सामने आने के बाद अमित ने पैसे देने से मना कर दिया था। इसके बाद दोनों में विवाद हुआ था।

# झारखंड में नई राजनीतिक पार्टी ने की एंट्री, विधान सभा चुनाव को लेकर ये रणनीति की तैयार

**धनबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में झामुमो एवं आजसू का होश उड़ाने वाले झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जयराम महतो ने नई राजनीतिक पार्टी बनाई है। उनकी पार्टी का नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) होगा।

अपनी राजनीतिक पार्टी की मान्यता के लिए जयराम महतो ने चुनाव आयोग को आवेदन दिया है। विधानसभा चुनाव के पूर्व एक और झारखंड नामधारी पार्टी के रूप में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) मैदान में उतरेगी। जयराम अपनी इस राजनीतिक पार्टी से झारखंड विधानसभा चुनाव में 50 से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारेंगे। जयराम अपनी राजनीतिक पार्टी का नाम झारखंड क्रांतिकारी मोर्चा रखना चाहते थे, लेकिन चुनाव आयोग ने इसकी अनुमति नहीं दी।चुनाव आयोग से अनुमति नहीं मिलने पर जयराम ने पार्टी का नाम झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रखा है। जयराम महतो ने बताया कि वह और उनके आठ साथी निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़े। इस कारण, राजनीतिक पार्टी की मान्यता में लोकसभा चुनाव का प्रदर्शन काम नहीं आएगा।



जयराम ने बताया कि शीघ्र ही वह अपनी नई राजनीतिक पार्टी का महाधिवेशन करेंगे। धनबाद में जेबीकेएसएस का अधिवेशन हो चुका है। इस कारण वह जेएलकेएम का अधिवेशन धनबाद में नहीं करेंगे। यह अधिवेशन गिरिडीह, बोकारो या हजारीबाग में से किसी एक जगह किया जाएगा।

अपनी टीम के साथ विचार विमर्श कर इस पर अंतिम निर्णय लेंगे। जयराम ने बताया कि विधानसभा चुनाव उनकी पार्टी अकेले लड़ेगी। किसी राजनीतिक पार्टी से तालमेल के सवाल पर कहा कि विधानसभा चुनाव जीतने के बाद वह किसी पार्टी से तालमेल कर सकते हैं।

भाषा आंदोलन के नाम पर महज तीन साल पूर्व राजनीति में उतरे युवा जयराम महतो ने लोकसभा चुनाव में आठ सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। वह खुद गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े। जयराम समेत उनके छह प्रत्याशी इस चुनावी जंग में तीसरे नंबर पर रहे थे।

जयराम ने साढ़े तीन लाख वोट लाकर आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी एवं झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के होश उड़ा दिए। डुमरी और गोमिया विधानसभा क्षेत्र में वह बड़ी लीड लेने में सफल रहे जबकि डुमरी में झामुमो की बेबी देवी व गोमिया में आजसू के लंबोदर महतो विधायक हैं।जयराम के धनबाद के प्रत्याशी एकलाख अंसारी को 79, 653, हजारीबाग के संजय कुमार मेहता को 1,57,977, रांची के देवेंद्रनाथ महतो को 1,32,647, सिंहभूम के दामोदर सिंह हांसदा को 44,292, कोडरमा के मनोज कुमार को 28,612 वोट मिले।दुमका एवं चतरा लोकसभा सीट में जयराम को विशेष सफलता नहीं मिली। दुमका से उनकी प्रत्याशी बेबीलता टुडू को 19,360 एवं चतरा से उनके प्रत्याशी दीपक कुमार को 12,565 वोट मिले। इन आठों लोकसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर जयराम एवं उनकी टीम को 8.2 लाख से अधिक वोट मिले।

## झारखंड विधानसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ उतरेगा इंडिया गठबंधन, इन मुद्दों पर बनाई जाएगी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के परिणाम में भले ही सत्तारूढ़ आइएनडीआइए को तीन सीटों का लाभ हुआ है, लेकिन विधानसभा सीटों पर अभी भी बढ़त भाजपा की ही है।



इस परिणाम की विधानसभा चुनाव में पुनरावृत्ति हुई तो क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन पीछे रह जाएगा। परिणाम के मुताबिक राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 50 पर भाजपा की बढ़त रही है। यह संख्या सत्ता पर काबिज होने के लिए बहुमत के आंकड़े से अधिक है।

राज्य में अगले पांच महीने बाद विधानसभा का चुनाव होगा। ऐसे में झामुमो के नेतृत्व में आइएनडीआइए विधानसभा चुनाव को लेकर गंभीर हो गया है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सरकारी विभागों को धरातल पर काम उतारने का टास्क दिया है।

वे लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। तमाम विभागीय मंत्रियों और वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में उनका फोकस कल्याणकारी योजनाओं को उतारने पर है, जिसमें दम पर सरकार फिर से लोगों के बीच जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिन योजनाओं की शुरूआत की थी, उन योजनाओं में अधिकाधिक लक्ष्य हासिल करने का निर्देश इसी सोच के तहत दिया गया है। सहयोगी कांग्रेस की तरफ से भी इस बाबत सुझाव आएंगे।गठबंधन टीम वर्क के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में उतरेगा। इसके अलावा स्थानीयता का मुद्दा, सरना धर्म कोड, आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने संबंधी मुद्दे को भी जोरशोर से उछालने की तैयारी है। इसके लिए संयुक्त रणनीति बनाई जा रही है।

राज्य में लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को विधानसभा चुनाव में दोहराने की प्रथा नहीं रही है। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव इसका साक्षी है, जब 12 सीटों पर राजग का कब्जा था। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन को सिर्फ दो सीटें आई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में गठबंधन ने भाजपा को पीछे धकेल दिया। उक्त चुनाव में भाजपा का आजसू पार्टी से गठबंधन नहीं हो पाया था।

लोकसभा में आइएनडीआइए के पक्ष में सभी आदिवासी सुरक्षित सीटों का परिणाम है। विधानसभा में राज्य में कुल 28 आदिवासी सुरक्षित सीटें हैं, जबकि 10 अनुसूचित जाति सुरक्षित सीटें हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में आदिवासी सुरक्षित सीटों पर बेहतर प्रदर्शन कर गठबंधन ने सत्ता हासिल करने में कामयाबी पाई थी।पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की भूमिका आने वाले दिनों में बढ़ेगी। लोकसभा चुनाव में उनके कंधे पर बड़ी जिम्मेदारी थी।

## रेलकर्मियों के लिए खुशखबरी! अब बढ़कर मिलेंगे सभी भत्ते

**जमशेदपुर, एजेंसी।** रेलवे में कार्यरत कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें बढ़ी हुई महंगाई दर के अनुपात में अन्य सभी भत्तों का लाभ मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।आदेश के तहत रेलवे में कार्यरत कर्मचारियों का महंगाई भत्ता एक जनवरी 2024 से 50 प्रतिशत तक बढ़ चुका है, लेकिन इस अनुपात में अन्य भत्तों में बढ़ोतरी नहीं हुई थी। ऐसे में नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन (एनएफआईआर) ने इस संबंध में रेलवे बोर्ड को पत्र भेजकर पुरानी दर में बढ़ी महंगाई के आधार पर संशोधन करने की मांग की थी। इस पर रेलवे बोर्ड के फाइनेंस विभाग के संयुक्त निदेशक संजय पराशर ने सभी जोन के महाप्रबंधक व प्रोडक्शन यूनिट को पत्र जारी करते हुए कर्मचारियों को संशोधित दर पर भत्ते का लाभ देने को कहा है।नए भत्ते एक जनवरी 2024 से ही प्रभावी होंगे। ऐसे में कर्मचारियों को जनवरी से मई माह के भत्तों का एरियर भी मिलेगा। देश भर में लगभग 12 लाख कर्मचारी हैं जिन्हें इसका लाभ मिलेगा।

### तीन माह तक चलेगा मद्य निषेध प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हजारीबाग, एजेंसी।** झारखण्ड पुलिस अकादमी हजारीबाग में बिहार राज्य के निरीक्षक मद्य निषेध एवं अवर निरीक्षक मद्य निषेध के बुनियादी प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को संस्थान के निदेशक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। यह प्रशिक्षण तीन माह का है जो 11 जून से प्रारंभ होकर 10 सितंबर 2024 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में बिहार राज्य के नौ निरीक्षक मद्य निषेध (तीन महिला एवं छः पुरूष) एवं 90 अवर निरीक्षक मद्य निषेध (48 महिला एवं 42 पुरूष) प्रशिक्षुओं को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में निदेशक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षुओं को तीन माह के प्रशिक्षण के दौरान अन्तः एवं बाह्य विषयों पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी प्रशिक्षुओं को अनुशासित ढंग से प्रशिक्षण पूर्ण करने के साथ साथ उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

## रांची के सात इलाकों में 60 दिनों के लिए धारा 144 लागू

**रांची, एजेंसी।** रांची जिला प्रशासन ने शहर के सात इलाको में 60 दिनों तक निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू किया है। यह तत्काल प्रभाव से आठ अगस्त तक लागू रहेगी। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने आदेश जारी कर दिया है।



**प्रशासन ने क्यों जारी किया आदेश :** जारी आदेश में कहा गया है कि कुछ राजनीतिक दलों और संगठनों की ओर से जुलूस, धरना, प्रदर्शन करने की सूचना प्रशासन को मिली है। हाल के दिनों में ऐसे कार्यक्रम जाकिर हुसैन पार्क के बदले राजभवन, कांके रोड स्थित सीएम आवास के पास भी किए गए हैं। इससे सरकारी काम में बाधा होती है और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसे देखते हुए धारा 144 लागू की गयी है।

रिम्स परिसर की जमीन पर अतिक्रमण करके बैठे लोगों के के खिलाफ रिम्स प्रबंधन कार्रवाई की तैयारी में है। प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल की जमीन पर 148 से ज्यादा अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमा रखा है। इसके अलावा कहीं परिसर की दीवार तोड़ दी गई तो कुछ स्थानों पर घर और दुकान तक बना तक बना ली गई है। इसके परिसर में अनावश्यक भीड़ जुट रही है और अस्पताल में आने वाली एंबुलेंस तक को रास्ता नहीं मिल रहा है।

अतिक्रमण हटाने के लिए रिम्स के निदेशक ने मंगलवार को बड़गाईं अंचल के सीओ के साथ बैठक भी की है। निदेशक ने बताया कि डीजीपी से भी पिछले दिनों इस मुद्दे पर चर्चा की गई है। पुलिस और प्रशासन की मदद से रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। बता दें कि परिसर से कई बार कब्जों को हटाया जा चुका है, लेकिन दोबारा लोग कब्जा जमा लेते हैं।

# अचानक उकसावे में की गई गैर इरादतन हत्या को नहीं मान सकते मर्डर, झारखंड हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन व जस्टिस सुभाष चंद की खंडपीठ ने एक फैसले में कहा गया है कि अचानक झगड़े के बाद आवेश में आकर बिना किसी पूर्व योजना के हुई हत्या को हत्या की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता।

इस आदेश के साथ ही जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस सुभाष चंद की अदालत ने सजायाफ्ता को रिहा करने का आदेश दिया। इस संबंध में श्रीराम शर्मा ने हाईकोर्ट में अपील याचिका दाखिल की थी। याचिका के माध्यम से उन्होंने देवघर सिविल कोर्ट के चार जनवरी 2017 के आदेश को चुनौती दी थी।

इसमें उन्हें अपने चाचा की हत्या का दोषी मानते हुए दस साल कारावास की सजा के साथ दस हजार का जुर्माना भी लगाया गया था।




सुनवाई के बाद खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि यदि गैर इरादतन हत्या अचानक झगड़े के बाद जोश में बिना किसी पूर्व योजना के की गई हो और अपराधी कोई अनुचित लाभ न उठाए या क्रूर तरीके से काम न करे तो उक्त मृत्यु आईपीसी के सेक्शन 300 के अंतर्गत नहीं आएगी।

अपीलकर्ता का मृतक की हत्या करने का कोई इरादा नहीं था। अचानक झगड़ा हुआ और आवेश में आकर और बिना किसी पूर्व विचार के मृतक के सिर पर हथौड़े से वार किया गया।

चश्मदीद गवाह के साक्ष्य और मेडिकल साक्ष्य से भी पता चलता है कि मृतक के सिर पर केवल एक वार किया गया था। इससे यह भी पता चलता है कि हत्या करने की कोई पूर्व योजना या इरादा नहीं था।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि अपीलकर्ता पहले से ही दस साल से अधिक समय से हिरासत में था और सजा काट चुका था, इसलिए उसे हिरासत से तुरंत रिहा किया जाए।

# शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलाव को लेकर किया गया जागरूक

**चाईबासा, एजेंसी।** स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी सीएई सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी ओपी मिश्रा व क्लस्टर हेड रेखा कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों से अवगत कराया गया तथा शिक्षकों को तकनीकी शिक्षा भी दी गई।

कार्यशाला के दौरान झारखंड जोन ए के अंतर्गत आने वाले सातों विद्यालयों के प्राचार्य विषय संयोजक के रूप में उपस्थित थे। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के तौर पर लाइब्रेरी साइंस से राजलक्ष्मी भट्ट व आठ प्रतिभागी उपस्थित थे। हिंदी विषय से विषय विशेषज्ञ के तौर पर एसबी सिंह, करण सिंह, राजवीर सिंह समेत 19 प्रतिभागी शामिल हुए। अंग्रेजी विभाग से सुमोना ब्रह्मा, जया रस्तोगी, राजकुमार आचार्य, आरके बेहरा, मुनमुन दास, पीके दास व 28 प्रतिभागी उपस्थित हुए। संस्कृत



विभाग से विषय विशेषज्ञ के तौर पर सुरेश कुमार पांडा, विश्वनाथ तिवारी, धर्म प्रकाश और 11 प्रतिभागी उपस्थित थे। शारीरिक शिक्षा से 10 प्रतिभागी उपस्थित थे। गणित में विजयलक्ष्मी स्वाइन, शीतल हिरवाल, सीमा चौधरी ,ललित कुमार महतो और इंद्रजीत दास उपस्थित थे। इसके अलावे संगीत व कला शिक्षकों के लिए भी कार्यशाला आयोजित की गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# जीतकर भी मोदी सरकार से आउट होने वालों पर कयास तेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 का दौर शुरू हो चुका है। रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरे मंत्री परिषद के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मंत्री परिषद में उनके समेत कुल 72 मेंबर हैं, लेकिन पिछली सरकार का हिस्सा रहे तमाम मंत्री बाहर हैं। इनमें से 19 मंत्री तो ऐसे हैं, जो चुनाव में हार गए। इसके अलावा 8 लोगों को टिकट ही नहीं मिला था। इस तरह कुल 27 मंत्री टिकट न मिलने या फिर चुनावी हार के चलते सत्ता से बाहर हो गए। लेकिन ऐसे नेता जो चुनाव भी जीते, लेकिन मंत्री परिषद का हिस्सा नहीं बने हैं, उनको लेकर चर्चाओं और कयासों का दौर तेज है।

इन नेताओं में अनुराग ठाकुर, नारायण राणे, पुरुषोत्तम रुपाला, अजय भट्ट, फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल हैं। अनुराग सिंह ठाकुर तो नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में सरकार के चेहरे के तौर पर सामने आते थे। वह सूचना प्रसारण मंत्री थे और अकसर कैबिनेट के फैसलों की जानकारी हो या फिर अहम मामलों में सरकार के बचाव की बात हो। वह सरकार का पक्ष रखा करते थे। इस बार भी वह लगातार 5वीं बार हिमाचल की हमीरपुर लोकसभा सीट से जीते हैं, लेकिन सरकार से बाहर





रखे गए हैं। वहीं पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा अब स्वास्थ्य मंत्री बन गए हैं।

जेपी नड्डा भले ही हिमाचली हैं, लेकिन वह गुजरात से राज्यसभा के सांसद हैं। फिर भी हिमाचल में उनका दखल रहता है। भाजपा नेताओं का कहना है कि अनुराग को बाहर रखने की एक वजह यह भी है कि कांग्रेस छोड़कर आने वाले विधायकों को उपचुनाव में हार मिली है। उपचुनाव में कांग्रेस छोड़कर आए 6 में से विधायकों को हार मिली है। इससे सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार से खतरा टल गया है। कांग्रेस को सुजानपुर, गगरेट, लाहौर एवं स्पीति और कुटलेहड़ सीट पर जीत मिली है। सुजानपुर सीट हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में आती है। इसके साथ ही हिमाचल विधानसभा में कांग्रेस की संख्या बढ़कर 38 पहुंच गई है। फिलहाल हिमाचल विधानसभा के सदस्यों की संख्या 65 है और उसमें 38 सदस्य लाकर कांग्रेस मजबूत हो गई है।

## अनुराग ठाकुर को मंत्री नहीं बनाये जाने पर पिता धूमल का बड़ा बयान

**हमीरपुर, एजेंसी।** झकेंद्र में नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। मोदी सरकार ने कैबिनेट का भी गठन कर लिया है। जिसमें हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को मंत्री पद न मिलने पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अनुराग सिंह ठाकुर के पिता प्रेम कुमार धूमल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि भाजपा में संगठन और प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा पर निर्भर करता है कि किसे अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाना है या नहीं। यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। सभी मंत्रियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। धूमल ने आगे कहा कि 1962 में पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। उसके बाद लगातार तीसरी बार कोई नेता पीएम बना है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के बाद नरेंद्र मोदी गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने हैं, जो भाजपा संगठन और देश के लिए गर्व की बात है।

## क्लस्टर बसों के ऑपरेटर्स को एचसी से अंतरिम राहत, दिल्ली सरकार को 15 दिन की मोहलत

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में क्लस्टर बसों का संचालन कर रहे ऑपरेटरों को 19 जून को समाप्त हो रहे अनुबंध के मामले में हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई है। अनुबंध की अवधि बढ़ाए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे तीन ऑपरेटरों की याचिका पर अदालत ने सुनवाई की। इस मामले में दिल्ली सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय मांगा है। इसके बाद न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की अवकाशकालीन पीठ ने अनुबंध को 15 जुलाई तक बढ़ाने और ऑपरेटरों को बसों के संचालन के लिए समय सारणी उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। इस मामले में अब 15 जुलाई को रोस्टर बेंच सुनवाई करेगी। दिल्ली में क्लस्टर बसों के सात डिपो में संचालित 997 बसों का अनुबंध 19 जून को समाप्त हो रहा है। इनमें राजघाट, कैर, ढिंचाऊ कलां, बीबीएम-2, सीमापुरी, दिलशाद गार्डन और ओखला (सेंट्रल वर्कशॉप) शामिल हैं। इन डिपो से 997 बसों का संचालन प्रतिदिन होता है। बसों का संचालन करने वाली तीन कंपनी ने इसी साल फरवरी माह में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने अनुबंध की अवधि बढ़ाए जाने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने तब उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद मेट्रो ट्रांजिट प्रा.लि., एंटोनी रोड ट्रांसपोर्ट सोल्यूशन प्रा.लि. और गोवर्धन ट्रांसपोर्ट कंपनी प्रा.लि. की ओर से अनुबंध की अवधि बढ़ाए जाने की मांग के लिए पांच जून को दोबारा याचिका दाखिल की गई थी। अदालत ने इस पर बीती 10 जून को सुनवाई की थी। दिल्ली सरकार की ओर से अदालत में कहा गया है कि इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए उन्हें 15 दिन की मोहलत दी जाए। क्लस्टर बसों के पांच डिपो के कंडक्टरों का विरोध जारी है। परिचालकों का कहना है कि अनुबंध खत्म होने के बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। इससे पांच हजार से ज्यादा कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। उनके परिवारों के सामने संकट खड़ा हो जाएगा। उनका कहना है कि अनुबंध की अवधि एक महीने बढ़ जाने से उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के जामिया नगर में गरजा बुलडोजर, अवैध निर्माण ध्वस्त



**नईदिल्ली , एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर में बुलडोजर की कार्रवाई सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि जामिया नगर में अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के लिए मंगलवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अभियान के दौरान इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और आरएएफ के जवानों को तैनात किया गया था। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान बुधवार को भी चलाया जाएगा। वहीं दिल्ली-हरियाणा के सफियाबाद बॉर्डर स्थित टोल नाके पर लगने वाले ट्रैफिक जाम को खत्म करने पर काम शुरू होने की उम्मीद है। लोगों की तरफ से लगातार इस मामले का हल निकालने की मांग की जा रही है। इस समस्या के संबंध में महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को टोल नाके का निरीक्षण किया। नरेला जोन के सफियाबाद बॉर्डर स्थित टोल नाके पर स्थानीय लोगों की महापौर ने समस्याएं भी सुनी। यहां घनी आबादी है। यहां पर तीन विद्यालय भी मौजूद हैं। महापौर को नागरिकों ने कहा कि इस टोल नाके पर भारी वाहनों का दबाव रहता है। इस वजह से जाम लग जाता है। टोल नाके के दोनों तरफ सड़क किनारे ट्रक खड़े रहते हैं। इस कारण वहां से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महापौर ने लोगों को आश्वासन दिया कि टोल नाके को स्थानांतरित करने के विषय में हितधारकों के साथ बैठक करेंगे। स्थानीय लोगों को होने वाली दिक्कतों को कम करने का प्रयास करेंगे।

### बलौदा बाजार आगजनी घटना के बाद हटाए गए एसपी और कलेक्टर

**बलौदा बाजार, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार में बीते 10 जून को सतनामी समाज के द्वारा आंदोलन करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया गया था। इस दौरान हजारों की संख्या में घेराव करने पहुंची भीड़ ने बैरिकेड तोड़ने के बाद कार्यालय में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करीब 200 लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज की है। वही इस घटना में करोड़ों रुपए के शासकीय संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। इस घटना के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार की देर रात आदेश जारी करते हुए जिले के कलेक्टर और एसपी को हटा दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बलौदा बाजार जिले के कलेक्टर के रूप में 2011 बैच के द्धस दीपक सोनी को नियुक्त किया है। वहीं 2012 बैच के द्धस विजय अग्रवाल को जिले एसपी बनाया गया है। पहला आदेश जिले के कलेक्टर को लेकर जारी किया गया है। जिसे छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी करते हुए बलौदा बाजार जिले के कलेक्टर को आईएएस कुमार लाल चौहान को मंत्रालय भेजा गया है। वही बलौदा बाजार जिले के कलेक्टर के रूप में साल आईएएस दीपक सोनी की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा दूसरा आदेश छत्तीसगढ़ गृह विभाग के द्वारा जारी किया गया। जिसमें बलौदा बाजार एसपी सदानंद कुमार को उप पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय रायपुर भेज दिया गया है। इसके साथ ही बलौदा बाजार एसपी के रूप में विजय अग्रवाल को नई जिम्मेदारी दी गई है। बतादें कि विजय अग्रवाल इससे पहले अंबिकापुर पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ थे उन्हें बलौदा बाजार ट्रांसफर किया गया है। इसके साथ ही अंबिकापुर पुलिस अधीक्षक के रूप में 2008 बैच के आईपीएस योगेश पटेल को नई जिम्मेदारी दी गई है। बलौदा बाजार घटना को लेकर मंगलवार के दिन एसपी के निर्देश में पुलिस ने मामले में 7 एफआईआर की थी। जिसमें 200 से ज्यादा लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस पूरे मामले में अब तक 170 लोगों से ज्यादा की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

## जयपुर में अमेरिकी महिला से ठगी, हीरे बताकर 6 करोड़ में बेच दिए 300 रुपये के पत्थर

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में एक अमेरिकी महिला के साथ 6 करोड़ रुपये की ठगी किए जाने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि ठग ने महिला को 6 करोड़ के नकली गहने में बेच दिया। साथ ही गहनों को असली होने का दावा करने वाला फर्जी सर्टिफिकेट भी दे दिया। चौंकाने वाली बात यह कि महिला जब तक भारत में रही उसे ठगी का आभास तक नहीं हुआ। महिला जब अमेरिका पहुंची तब जाकर उसे पता चला कि उसने जो गहने जयपुर से खरीदे हैं, सभी नकली हैं। इसके बाद वह महिला दोबारा जयपुर आई और पुलिस में शिकायत की। इस घटना ने इस कदर तूल पकड़ा कि अमेरिकी दूतावास को इसमें दखल देना पड़ा है। फर्जी सर्टिफिकेट देने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का नाम चेरिश है। उसने जयपुर के मनाक चौक थाना इलाके के जौहरी बाजार स्थित एक दुकान से नकली गहने खरीदे थे। दुकानदार और उसका बेटा फरार हो गए हैं। बताया जाता है कि महिला ने अप्रैल महीने में अमेरिका में एक प्रदर्शनी में जब इन गहनों को दिखाया तब पता चला कि ये नकली हैं। नकली गहनों की कीमत 300 से 600 रुपये तक बताई जा रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़िता जब अमेरिका से वापस लौटी तो सबसे पहले दुकान मालिक रजेंद्र सोनी और उसके बेटे गौरव से शिकायत की। इस पर आरोपी भड़क गए। उन्होंने नकली गहने बेचने की बात नहीं मानी। इसके बाद पीड़िता पुलिस के पास पहुंची और 18 मई को आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी दुकानदार की ओर से भी एक मामला दर्ज कराया गया। आखिरकार महिला ने अमेरिकी दूतावास से मदद मांगी तो उसने दखल दिया।

इस मामले में अमेरिकी दूतावास के दखल देने के बाद जयपुर पुलिस एक्टिव हुई और छानबीन शुरू की।

# यूपी के सब-स्टेशन में खराबी के बाद दिल्ली की बिजली आपूर्ति बाधित



**नईदिल्ली , एजेंसी।** बूंद-बूंद पानी को तरसती दिल्ली में अब बिजली संकट भी गहरा गया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने यह जानकारी दी है। आतिशी ने कहा कि यूपी के मंडोला में पीजीसीआईएल के एक सब-स्टेशन में आग लगी है। इस सब-स्टेशन से दिल्ली को 1500 मेगावॉट बिजली मिलती है। आतिशी ने बताया कि मंडोला सब-स्टेशन में आग लगने की वजह से दिल्ली के कई हिस्सों में पावर कट हुआ है। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। यह बहुत चिंता की बात है कि मौजूदा वक्त में देश का इलेक्ट्रिसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर फेल हो चुका है...

आतिशी ने बताया कि 2 बजकर 11 मिनट से दिल्ली के कई हिस्सों में पावर कट हुआ। इससे पूर्वी दिल्ली का काफी हिस्सा, आईटीओ का हिस्सा, दक्षिणी दिल्ली में सुखदेव विहार, आश्रम, सरिता विहार समेत कई इलाके प्रभावित हुए। हालांकि दिल्ली की बिजली कंपनियों ने तेजी से काम करते हुए अगल-अलग इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल करना शुरू कर दिया है। मंत्री आतिशी ने कहा कि फिलहाल दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी की बिजली कंपनियों से इस मसले पर बात कर रही है। इसके फौरी समाधान के लिए दिल्ली के अन्य पॉवर स्त्रोतों (जैसे एन -1) से लिंक किया जा रहा है। आतिशी ने इसे बेहद गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा- मैं आज ही केंद्र सरकार के नए बिजली मंत्री बने मनोहर लाल जी से समय मांगूंगी। देश के समूचे पॉवर ट्रांसमिशन सिस्टम को केंद्र सरकार चलाती है। पॉवर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, एनटीपीसी इनका एक पूरा नेशनल पॉवर ग्रिड है।

आतिशी ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि दिल्ली बहुत सीमित स्तर पर पॉवर प्रोडक्शन होता है। दिल्ली की अधिकतर बिजली बाहरी राज्यों से आती है। यह एनटीपीसी के तहत आती है। इसके बाद तीन बिजली कंपनियों के जरिए दिल्ली में इसका वितरण होता है। दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी केवल राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को मजबूत करना है।

## मदद को हरियाणा तैयार, नहीं मान रही आप सरकार

**नईदिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में लू के थपेड़ों और भीषण गर्मी से परेशान दिल्लीवाले पानी की बूंद के लिए तरस रहे हैं। वहीं दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच इसे लेकर खींचतान चल रही है। दोनों एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे है। इसी बीच मंगलवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत की है जिन्होंने उन्हें बताया है कि दिल्ली को उसके आवंटित हिस्से के मुताबिक ही पानी दिया जा रहा है। साथ ही गर्मी के बावजूद पड़ोसी राज्य दिल्ली की हर संभव मदद करने को तैयार है।

सक्सेना ने 'एक्स' पर लिखा, हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी से कल (मैंने) बातचीत की। उन्होंने दोहराया कि दिल्ली को उसके आवंटित हिस्से के मुताबिक पानी दिया जा रहा है । उन्होंने इस मौजूदा लू के कारण राज्य की अपनी बाध्यताओं के बावजूद सभी संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने दिल्ली के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को 'आरोप-प्रत्यारोप' में नहीं उलझने और इस मुद्दे का सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान निकालने की सलाह दी। हालांकि, दिल्ली सरकार ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे से पता चलता है कि राजधानी को पानी की आपूर्ति कम कर दी गई है। यह आरोप ऐसे समय में लगाया




गया है जब दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली को 958.26 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) पानी की आपूर्ति की गई, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम है। टारगेट सप्लाई स्तर 1,000 एमजीडी है। इससे पहले, सीजन का सबसे कम पानी 26 मई को सप्लाई किया गया था, जब डीजेबी ने 966.1 एमजीडी पानी की आपूर्ति की थी। डीजेबी अधिकारियों के अनुसार, 1 एमजीडी की कमी से शहर में लगभग 21,500 लोग प्रभावित होते हैं। मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति शून्य या कम रही, जिसमें किराड़ी, सदर बाजार, बलजीत नगर और वसंत कुंज शामिल हैं।

## गुरुग्राम में डिजिटल अरेस्ट कर युवक से ठगी, ऐंठ लिए दो लाख रुपए

**नईदिल्ली , एजेंसी।** गुरुग्राम में एक शख्स को कथित रूप से डिजिटल अरेस्ट करते हुए उससे 2 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उस पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल होने का झूठा आरोप लगाते हुए इस सायबर ठगी को अंजाम दिया। ठगों का शिकार बने शख्स का नाम राजीव कुमार है, जो कि सूर्य विहार के सेक्टर 9 में रहते हैं।

राजीव ऐसी ठगी का शिकार बने जिसमें आमतौर पर जालसाज खुद तो या तो पुलिस या किसी अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारी बनकर जबरन वसूली करते हैं। ये बातचीत अक्सर वीडियो कॉल के माध्यम से होती है, जहां पीड़ितों को कभी-कभी फर्जी अधिकारियों द्वारा डिजिटल गिरफ्तारी के तहत रखा जाता है, जो उन्हें अपने डिवाइस पर कैमरे के सामने रहने के लिए कहते हैं।

कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उन्हें 25 मई की सुबह एक इंटरेक्टिव वॉयस रिस्पांस कॉल आया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि वे कुमार के आधार कार्ड से जुड़े फोन नंबरों को ब्लॉक कर देंगे। कुमार ने साइबर वेस्ट पुलिस स्टेशन में दी गई अपनी शिकायत में कहा कि बाद में उन्हें वॉट्सऐप पर किसी व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया। कुमार ने कहा, इस व्यक्ति ने मुझ पर लगभग 6 करोड़ रुपए के लेन-देन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल होने का आरोप लगाया और दावा किया कि उन्हें मेरा केनरा बैंक का डेबिट कार्ड नरेश गोयल नामक किसी व्यक्ति के घर से मिला, जो उनके अनुसार इस मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले का मुखिया है। उन्होंने कहा, इस वीडियो कॉल के दौरान उन्होंने मुझसे तीन घंटे तक पूछताछ की और धमकी दी कि अगर मैंने उनकी बात नहीं मानी तो वे मेरे घर पुलिस भेज देंगे। कुमार ने कहा कि वह डरे हुए थे और उन्होंने तीन घंटे की पूछताछ के बाद भी उनकी बात मानने पर सहमति नहीं जताई।

# नोएडा में बाउंड्रीवॉल तोड़ सोसायटी में जा घुसी बस; एक युवक की मौत

**नईदिल्ली , एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-118 में मंगलवार शाम करीब 7 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां स्थित श्रीराम अपार्टमेंट हाउसिंग सोसायटी की दीवार को तोड़कर एक बस अंदर घुस गई। इस दौरान दीवार के किनारे मोमोज के ठेले पर काम करने वाले तीन नेपाली युवक बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया।

जिस बस से हादसा हुआ घटना के समय उसमें 25 लोग बैठे हुए थे।




मृतकों के परिजनों ने अभी तक पुलिस से मामले की शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस इस मामले में आगे कार्रवाई करने की बात कह रही है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सोसायटी की दीवार के किनारे मथुरा के भगत सिंह मोमोज का ठेला लगाते हैं। ठेले पर नेपाल के दीपक, सुशील और पवन काम करते हैं। सोमवार छह बजकर 54 मिनट पर तीनों जब ठेले पर मौजूद थे तभी एक कमर्शियल बस ठेले में टक्कर मारते हुए दीवार के अंदर घुस गई। हादसे में 32 वर्षीय दीपक और 20 वर्षीय सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। पवन को भी मामूली चोट आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। सुशील की हालत गंभीर बनी हुई है। फरार बस चालक की तलाश में दो टीमें गठित की गई हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय बस चालक शराब के नशे में था। हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक पुलिस की ओर से नहीं की गई है। बस के नीचे लहूलुहान अवस्था में फंसे घायलों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्र और एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र समेत अन्य अधिकारी पुलिसबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। हादसे वाली बस का रजिस्ट्रेशन नंबर पी16एचटी8037 है और वह अवाना टू ऐंड ट्रेवल्स की बताई जा रही है।

बस चालक द्वारा नेपाली नागरिकों को कुचलने की घटना के बाद अफरातफरी मच गई। चीख पुकार सुनकर सोसायटी के लोग तुरंत बाहर निकल गए। खून के धब्बे सड़क और बस पर बिखरे पड़े थे। हादसा इतना जोरदार था कि दीपक और सुशील ठेले समेत बस के अंदर घसीटते हुए करीब 20 मीटर तक चले गए। जिस समय हादसा हुआ उस समय बस की स्पीड सौ किलोमीटर प्रतिघंटे के आसपास बताई जा रही है। अवाना टूर एंड ट्रैवल्स की बस किसी कंपनी के कर्मचारियों को घर से कंपनी लाने और ले जाने के लिए लगी हुई थी। शाम को बस कुछ लोगों को लेकर सेक्टर-117 से सेक्टर-118 की तरफ आ रही थी। जैसे ही श्रीराम अपार्टमेंट के निकट पहुंची तो अनियंत्रित बस मोमोज बेचने वाले नेपाली युवकों को कुचलते हुए दीवार तोड़कर सोसायटी में जा घुसी। चालक उतरकर मौके से भाग गया।

## हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव में नया प्रयोग कर चौंका सकती है भाजपा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में विधानसभा की 3 सीटों पर होने वाले उपचुनाव सुक्खू सरकार के लिए अग्निपरीक्षा साबित होने वाले हैं। हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होगा और 13 जुलाई को चुनाव नतीजे घोषित होंगे। हाल ही में छह विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के नतीजे कांग्रेस के पक्ष में रहे हैं। इन उपचुनावों में छह में चार सीटें जीतकर कांग्रेस की सुक्खू सरकार मजबूत हुई है। अब कांग्रेस की नजर 3 उपचुनाव जीतने पर है। वहीं सूत्रों की मानें तो भाजपा पिछली शिकस्त से सीख लेकर इन उपचुनावों में नया प्रयोग कर के चौंका सकती है।

विश्लेषकों का कहना है कि हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ का चुनावी समर कांग्रेस के विजय रथ की कड़ी परीक्षा लेगा।

# नेपाल-श्रीलंका मुकाबला बारिश की वजह से रद्द

## साउथ अफ्रीका इस वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पहुंचने वाली पहली टीम ; अब तक तीनों मुकाबले जीते

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में नेपाल और श्रीलंका के बीच का मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 में पहुंचने वाली टीम बन गई। नेपाल और श्रीलंका के बीच यह मुकाबला फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में होना था, लेकिन बारिश की वजह से मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसके बाद दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट्स मिला। ग्रुप-डी में इस मुकाबले के नहीं होने की वजह से साउथ अफ्रीका सुपर-8 में पहुंच गई, क्योंकि टीम ने खेले अपने तीनों मैच जीते थे। वहीं, श्रीलंका के टॉप-8 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है। श्रीलंका को अब तक खेले तीन मैचों में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक मुकाबला रद्द हो गया। उसके पास सिर्फ 1 पॉइंट है। टीम का आगे का सफर बाकि टीमों के मुकाबलों में निर्भर करेगा।



### श्रीलंका के कप्तान हसरंगा टॉप विकेट टेकर

श्रीलंका के कप्तान वानिन्दु हसरंगा टी-20 में टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 67 मैचों में 6.85 की इकोनॉमी से 108 विकेट लिए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में खेले दो मुकाबलों में हसरंगा ने 2-2 विकेट झटके हैं। वहीं, सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 47 रन की शानदार पारी खेली थी। वह, कुल 50 टी-20 मुकाबले में 1281 रन बना चुके हैं। हालांकि, दोनों के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी है।

**नेपाल के कप्तान रोहित के पास लंबी पारी खेलने की क्षमता:** नेपाल के कप्तान रोहित कुमार पौडेल ने अभी तक कुल 50 मुकाबलों में 1143 रन बनाए हैं। वह 123.70 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। नीदरलैंड के खिलाफ हुए मैच में उन्होंने 35 रन बनाए। वहीं, बैटिंग ऑलराउंडर कुशाल मल्ला तेज बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने 40 टी-20 मुकाबलों में 780 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतकीय पारी भी शामिल है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ हुए वॉर्मअप में 37 रन की पारी खेली थी।

### पॉसिबल प्लेइंग-11

**श्रीलंका-** वानिन्दु हसरंगा (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, कमिंदु मेंडिस, धनंजय डी सिल्वा, चरिथ असलंका, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, महीश तीक्षणा, मथीश पथिराना और नुवान थुषारा।

**नेपाल-** रोहित कुमार (कप्तान), कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख (विकेटकीपर), अनिल साह, कुशाल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, अविनाश बोहरा, सागर धाकल।

## संक्षिप्त समाचार

### आलोचनाओं के बीच न्यूयॉर्क की पिच पर बोले जॉनसन- इससे मुकाबला बराबरी का बन जाता है

**न्यूयॉर्क ।** नासाउ काउंटी मैदान की पिच की मौजूदा टी20 विश्व कप में कड़ी आलोचना की जा रही है, लेकिन कनाडा के सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन को इससे कोई शिकायत नहीं है और उनका मानना है कि इससे छोटी टीमों के लिए भी मुकाबला बराबरी का बन जाता है।

जॉनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को 44 गेंद पर 52 रन बनाए जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर है। उनकी टीम हालांकि जीत दर्ज नहीं कर पाई। पाकिस्तान ने 107 रन का लक्ष्य



हासिल किया और इस मैदान पर सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने वाली टीम बनी। जॉनसन ने मैच के बाद कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि यह सर्वश्रेष्ठ पिच है। यह मुश्किल पिच है लेकिन जब टी20 क्रिकेट की शुरुआत हुई थी तो 120 से लेकर 130 रन का स्कोर अच्छा माना जाता था।

उन्होंने कहा, अब सपाट विकेट बनने लग गए हैं तो टीम 200 रन से भी अधिक का स्कोर बना रही हैं। मेरा मानना है कि इस तरह की पिच भी होनी चाहिए। इससे मुकाबला बराबरी का हो जाता है तथा केवल पाकिस्तान ही नहीं अन्य टीमों के खिलाफ भी हमारे पास मौका होता है।

जॉनसन ने पाकिस्तान के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए कनाडा को आक्रामक शुरूआत दिलाई। उन्होंने कहा, 'यह मेरी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ पारी है और आप जानते हैं कि पाकिस्तान का तेज गेंदबाजी आक्रमण कितना अच्छा है। यह मेरी दो सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है।

### हारिस रऊफ सबसे तेज 100 टी20 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ 100 टी20 विकेट लेने वाले ओवरऑल तीसरे तो बतौर तेज गेंदबाज पहले क्रिकेटर बन गए हैं। हारिस ने न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 में कनाडा के खिलाफ मैच में यह उपलब्धि अपने नाम दर्ज कराई। अपनी घातक गेंदों से हारिस रऊफ को इस मुकाम तक पहुंचने में 71 मैच लगे हैं। हारिस के लिए फिलहाल टी20 क्रिकेट विश्व कप अच्छा जा रहा है। उन्होंने पहला मुकाबला यूएसए के खिलाफ खेला था जिसमें 37 रन देकर 1 विकेट लिया था। इसके बाद भारतीय टीम के खिलाफ लयदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 3 विकेट लिए थे। फिर कनाडा के खिलाफ उन्होंने 26 रन देकर 2 विकेट लिए और कनाडा को 106 रन पर ही रोक दिया।

#### सबसे तेज 100 टी20 विकेट (तेज गेंदबाज)

71 - हारिस रऊफ, पाकिस्तान
72 - मार्क अडायर, आयरलैंड
72 - बिलाल खान, ओमान
76 - लसिथ मलिंगा, श्रीलंका

बता दें कि ओवरऑल लिस्ट देखें तो अफगानिस्तान के राशिद खान इस लिस्ट में टॉप पर हैं। उन्होंने महज 53 मैचों में 100 विकेट पूरे कर लिए थे। इसके बाद श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा (63 मैच) का नाम आता है। हारिस अब ओवरऑल इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं।


विश्व कप क्वालिफाइंग

# भारत ने कतर के विवादास्पद गोल की जांच की मांग की

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने 'गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया।

एआईएफएफ के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने मैच आयुक्त को शिकायत की है और पूरे मामले की गहन जांच की मांग की है। ईरान के हामेद मोमेनी इस मुकाबले के मैच आयुक्त थे। मैच आयुक्त की भूमिका मैच के आयोजन की निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना होती है कि मुकाबले के दौरान फीफा के नियमों का पालन किया जाएगा।



मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया।

गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा।

नियम के अनुसार अगर गेंद 'गोल लाइन या टचलाइन से मैदान पर या हवा में पूरी तरह से बाहर निकल जाती है तो उसे खेल से बाहर माना जाएगा। भारत के कोच इगोर स्टिमक ने बाद में निराशा जताते हुए कहा कि इस गोल ने उनकी टीम के सपने को खत्म कर दिया। गुरप्रीत ने भी इसे 'दुर्भाग्यपूर्ण नतीजा करार दिया।

## नेट रन रेट जेहन में था लेकिन पिच ने टारगेट मुश्किल बना दिया : बाबर

**न्यूयॉर्क ।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने मंगलवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में कनाडा को सात विकेट से हराने के बाद कहा कि नेट रन रेट की बात उनके जेहन में थी लेकिन पिच ने इसे मुश्किल बना दिया। बाबर ने कहा कि हमें इस जीत की जरूरत थी। हमने गेंदबाजी में अच्छी शुरूआत की। पाकिस्तान को अपना नेट रन रेट पॉजिटिव करने के लिए इस लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल करने की जरूरत थी। उसे अमेरिका (0.626) से ज्यादा नेट रन रेट करने के लिए इसे 13.5 ओवर में हासिल करना था, पर पाकिस्तान ने 15 गेंद रहते कनाडा पर जीत हासिल की जिससे अब उसका नेट रन रेट -0.150 से 0.191 हो गया है। लेकिन अब भी वह अमेरिका से पीछे है और अगले दौर में जगह बनाने के लिए उसे आयरलैंड के खिलाफ 16 जून को होने वाले मैच में जीतने के साथ उम्मीद करनी होगी कि अमेरिका अपने दोनों मैच हार जाए। बाबर ने कहा कि हमारे जेहन में नेट रन रेट की बात थी लेकिन पिच के कारण मुश्किल हुई।



**यूएसए अभी भी मुसीबत है पाकिस्तान के लिए-** भले ही कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान जीत गई है लेकिन अभी भी उनके लिए विश्व कप से बाहर होने का खतरा बना हुआ है। पाकिस्तान को कनाडा के खिलाफ उक्त मुकाबला बड़े अंतर से जीतने की जरूरत थी ताकि वह यूएसए की नेट रन रेट को टक्कर दे सके। पाकिस्तान ने भले ही कनाडा को 106 रन पर रोक दिया लेकिन खुद 18वें ओवर में जीत हासिल की। इससे उन्हें नेट रन रेट में ज्यादा फायदा नहीं मिला। यूएसए की नेट रन रेट फिलहाल +0.626 है। अगर वह भारत को टक्कर देने में सफल रहे तो वह प्लस में ही रहेगी। वहीं, पाकिस्तान को आगामी मुकाबला बड़े अंतर में जीतना होगा ताकि वह यूएसए की नेट रन रेट को पीछे छोड़कर सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर सके। हालांकि इसके लिए पाकिस्तान के लिए जरूर है कि यूएसए भारत के बाद आयरलैंड से भी मुकाबला हारे।

### टिम पेन ने ऑस्ट्रेलिया से किया आग्रह, स्कॉटलैंड मैच में 'हेरफेर' कर इंग्लैंड को बाहर करें

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन चाहते हैं कि मिशेल मार्श और उनकी टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में 'हेरफेर' करे जिससे कि इंग्लैंड को टी20 विश्व कप से बाहर किया जा सके। गत चैंपियन इंग्लैंड बारिश के कारण एक मैच रद्द होने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार के बाद मुश्किल स्थिति में है और उसकी सुपर आठ में जगह बनाने की राह आसान नहीं है। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। पेन ने कहा, 'बिल्कुल उन्हें ऐसा (परिणाम में हेरफेर) करना चाहिए और मैं मजाक नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों में लोगों से इस बारे में बात की है। मैं पूरी तरह गंभीर हूं। ग्रुप बी की मौजूदा स्थिति के अनुसार इंग्लैंड सिर्फ एक अंक और माइनस 1.800 के नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर है।

# आज उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।



### टीम इस प्रकार हैं

बांग्लादेश-नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तनजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम और तनजीम हसन साकिब।

नीदरलैंड-स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), आर्यन दत्त, बास डी लीडे, काइल क्लेन, लोगन वैन बीक, मैक्स ओ-डॉड, माइकल लेविट, पॉल वैन मीकेरेन, रयान क्लेन, साकिब जुल्फिकार, सिब्रांड एंजेलब्रेच, तेजा निदामनुरु, टिम प्रिंगल, विक्रम सिंह, विव किंगमा और वेस्ले बैरेसी।

# दिल्ली के श्रेयस दास नें जीता खेलो चैस इंडिया फीडे 100 इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट

**भोपाल (एजेंसी)।** विश्व शतरंज के 100 वर्ष होने के उपलक्ष्य में चेसबेस इंडिया द्वारा स्थानीय कोलार स्थित सेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित खेलो चैस इंडिया इंटरनेशनल रेटिंग टूर्नामेंट का खिताब दिल्ली के श्रेयस दास नें अपने नाम कर लिया। श्रेयस नें टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए 8 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया जबकि अंतिम राउंड में उनसे ड्रॉ खेलने वाले मध्य प्रदेश के रेवांश वैद्य 7.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे।

तीसरा स्थान मिला मध्य प्रदेश के अनिल कुशवाहा को जिन्होने अंतिम राउंड में प्रदेश के हर्षित डावर को मात देते हुए 7.5 अंक बनाकर टाईब्रेक में तीसरा स्थान हासिल किया। 7 अंक बनाकर राजस्थान के ओजश जोशी बेहतर टाईब्रेक के साथ पर चौंथे स्थान पर रहे वहीं सातवे राउंड में उलटफेर का शिकार हुई टॉप सीड कोलंबिया की एंजेला फ्रांकों वापसी करते हुए अंतिम दो मैच जीतकर टाईब्रेक के आधार पर




7 अंक बनाकर पांचवें स्थान पर रही, एंजेला टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भी रही। अन्य खिलाड़ियों में मध्य प्रदेश के हर्षित डावर, दिल्ली के कथन खुराना, मध्य प्रदेश के मीतांश दीक्षित, हरयाणा के मिलिंद पारले 7 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर छठे से नौवे स्थान पर रहे जबकि 6.5 अंक बनाकर मध्य प्रदेश के कामद मिश्रा बेहतर टाईब्रेक के आधार पर दसवें स्थान पर रहे।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से कुल 68 नए खिलाड़ियों को फीडे आईडी मिली तो करीब 20 नए खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग भी प्राप्त हुई। प्रतियोगिता में भारत के 10 राज्यों और भारत के बाहर से कोलम्बिया से कुल 174 खिलाड़ियों नें भाग लिया। सागर शाह नें किया पुरूष्कार वितरण प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण में भारत के जाने माने और दुनिया के सबसे बड़े शतरंज विश्लेषक में शुमार इंटरनेशनल मास्टर सागर शाह नें सभी खिलाड़ियों को खास तौर पर मुंबई से भोपाल आकर पुरुस्कार वितरित किये। एंजेला और माधवेन्द्र नें खेला साइमल शतरंज अंतिम राउंड के बाद पुरूष्कार वितरण के ठीक पहले भोपाल में पहली बार एक साथ दो खिलाड़ियों नें साइमल शतरंज का प्रदर्शन किया।

कोलंबिया की महिला इंटरनेशनल मास्टर एंजेला नें और भोपाल के अंडर 10 एशियन चैम्पियन माधवेन्द्र प्रताप शर्मा नें 10 10 खिलाड़ियों के साथ एक साथ शतरंज के मुक़ाबले खेले। इसके अलावा एक खास कार्यक्रम के तहत सभी खिलाड़ियों और अतिथियों नें भारत के डी गुकेश को आने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप में शुभकामनए देने के लिए संदेश भी लिखे।

# सात्विक-चिराग ने नंबर एक रैंकिंग गंवाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई। चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाईलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई।

भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमशः 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं। किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं।

## एक नजर

### भाजपा के मीडिया प्रभारी ने दी मोदी को तीसरी बार पीएम बनने की बधाई

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** भाजपा के औरंगाबाद जिला मीडिया प्रभारी आदित्य श्रीवास्तव ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में बीते दस वर्ष अभूतपूर्व विकास एवं जनकल्याणकारी युग के रूप में जनता जनार्दन के लिए कार्य हुए हैं। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मजबूत सरकार भारत के गरीब, युवा अन्नदाता एवं नारी शक्ति के उत्थान के लिए समर्पित रहेगी। संपूर्ण विश्व में भारत का विश्व पटल पर नाम ऊंचा होगा।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**औरंगाबाद ( का.सं.)।** औरंगाबाद नगर भवन में तीन दिवसीय तीन प्रशिक्षण का कार्यक्रम चल रहा है, जिसका पहला सत्र बुधवार को पूरा हो गया। इस कार्यक्रम में औरंगाबाद जिले के लगभग 300 अनुसंधानकर्ताओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है। इसके साथ ही, दूसरे और तीसरे सत्रों की तिथियाँ भी बताई गई हैं। दूसरा सत्र 13 जून से शुरू होगा और 15 जून तक चलेगा, जबकि तीसरा सत्र 18 जून से आरंभ होगा और 20 जून तक चलेगा। इसमें बताया गया है कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार औरंगाबाद SP की ओर से औरंगाबाद जिले के सभी अनुसंधानकर्ताओं को नए कानून के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत, बुधवार को प्रथम सत्र के तिसरे दिन लगभग 300 अनुसंधानकर्ताओं को नए कानून के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला सुबह से ही आयोजित किया गया है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के अभाव से मरीजों को परेशानी

**गोह (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** गोह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के अभाव से स्वास्थ्यकर्मी व मरीजों को परेशानी हो रही है। गर्मी में भी यहां पीने के लिए ठंडा पानी नहीं है। मरीज व डॉक्टर बाहर से पानी लाकर पीने के लिए मजबूर हैं। पिछले साल तत्कालीन सांसद महाबली सिंह ने यहां आरओ प्लांट लगाया था, लेकिन कुछ ही दिनों में वह खराब हो गया। टंकी का पानी इतना गर्म है कि उसे पीना मुश्किल है। ओपीडी कक्ष में कूलर की भी व्यवस्था नहीं है। चिकित्सकों की हालात गर्मी से बेहाल है। गर्मी के मारे इलाज करते-करते खुद बीमार पड़ जा रहे हैं। उनके ठहराव कक्ष में कूलर की व्यवस्था की गई है पर वह भी खराब है। स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि कूलर की रिपेयरिंग कराई जाएगी। ओपीडी कक्ष में नए कुलर लगाने की पहल की जा रही है।

### अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टर जब्त

**अंबा (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** रिसियप पुलिस ने अवैध खनन में संबंधित ट्रैक्टर जब्त किया है। यह जानकारी थाना तक सुनील कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के दुधार से पकड़ा गया है। पुलिस को देखते ट्रैक्टर का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में ट्रैक्टर मालिक व ड्राइवर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अंबा (औरंगाबाद) ( का.सं.)।** अंबा पुलिस ने थाना क्षेत्र के नरहर अंबा निवासी धरक्षण राम को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई पुलिस पदाधिकारी आकाश कुमार ने की है। प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि उसके विरुद्ध कोर्ट से वारंट निर्गत था। छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

### नवनिर्वाचित सांसद का अभिनंदन आज

**अंबा(औरंगाबाद) (का.सं.)।** औरंगाबाद के नवनिर्वाचित सांसद अभय कुमार सिंहा के अभिनंदन समारोह की तैयारी को लेकर अंबा के राजद कार्यालय में महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को नवनिर्वाचित सांसद का आगमन अंबा में होगा। चिल्हकी हाई स्कूल के खेल मैदान में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। नंद कुमार सिंह यादव, सुमन कुशवाहा, जगदीश यादव, डॉ ललन कुमार यादव, संजय कुमार सिंह, संजय यादव, डॉ धर्मेंद्र मेहता, संजय कुमार मेहता, सूरजमल मेहता राजकुमार यादव, रामचंद्र यादव, अरुण कुमार पासवान, महताब आलम, सिराज अहमद, किशोर कुमार चौहान, गौरव कुमार, कुमार मंटू कुशवाहा, जगनारायण यादव आदि थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों पर बैठक, मोटर दुर्घटना वादों के निस्तारण के लिए लक्ष्य निर्धारित

# पीड़ितों को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ उनके जीवन को पुन: पटरी पर लाने का संकल्प

- सुलहनीय वाद का निष्तारण करवाने के लिए व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरगाबाद के सचिव सुकुल राम ने बुधवार को आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बीमा कंपनियों के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक की। बैठक में बीमा कम्पनी के अधिकारियों के साथ ही इंश्योरेंस कंपनियों से संबंधित अधिवक्ताओं रसिक बिहारी सिंह, रजनी बल्लभ प्रसाद सिंह, अरूण तिवारी, धनंजय शर्मा एवं अन्य ने भाग लिया। बैठक में नेशनल इश्योरेंस के प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए निष्पादन से ज्यादा वादों का निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। वही सचिव ने बीमा कंपनियों के सभी अधिकारियों को स्वयं से ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। इस पर सभी ने कहा कि 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत मोटर दुर्घटना वाद के निष्पादन में पूर्ण सफल हो इसके लिए पूर्ण सहयोग करेंगे। डीएलएसए के सचिव ने कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अब एक माह समय शेष है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार हरसंभव प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराया जा सके। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। आपके सहयोग से मोटर दुर्घटना वादो का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से होना पीड़ितों को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ उनके जीवन को पुनः पटरी पर लाने में सहायक होगा। इसी विश्वास के साथ आपको लक्ष्य निर्धारित करते हुए काम करना है। सचिव ने आमजनों से भी अपील किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाए। जो भी व्यक्ति अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराना चाहते हैं तो वे किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# अपराध को अंजाम देने आये अपराधी देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार, दो जिंदा कारतूस व मोबाइल भी बरामद

- गिरफ्तार युवक का नाम विकास कुमार है, जो पौथु थाना के दल बिगहा गांव का निवासी है।

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के रफीगंज थाना की पुलिस ने अपराध की योजना को अंजाम देने आए एक युवक को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से पुलिस ने दो जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार युवक विकास कुमार(27) पौथु थाना के दल बिगहा गांव निवासी रामचंद्र यादव का पुत्र है। पुलिस ने उसे सिंधी बुजुर्ग गांव से गिरफ्तार किया है। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रफीगंज के सिंधी बुजुर्ग गांव में एक अपराधी किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने अवैध हथियार के साथ अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ है। इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एसटीएफ, रफीगंज, औरंगाबाद, कासमा, पौथु एवं रफीगंज पुलिस की एक संयुक्त टीम सशस्त्र बलों के साथ सूचना के सत्यापन और एक्शन के लिए मौके पर पहुंची।

इसी दौरान टीम ने सिंधी बुजुर्ग गांव में अशोक यादव के घर से अपराधी को धर दबोंचा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। इसके बावजूद पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। पकड़े जाने के बाद तलाशी लेने पर उसके पास एक अवैध देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस एवं मोबाईल बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान पौथु थाना के दल बिगहा निवासी विकास कुमार के रूप में की गई है। इस मामले में रफीगंज पुलिस ने भादंवि की धारा-25(1-बी) ए/26 शस्त्र अधिनियम के तहत कांड संख्या-231/24 दर्ज किया है। मामले में पुलिस अपराधी का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है। पुलिस की छापेमारी टीम में रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली, कासमा थानाध्यक्ष ईमरान आलम, पौथु थानाध्यक्ष आकाश कुमार, एसटीएफ, एआरजी, रफीगंज पुलिस के सिपाही नीरज कुमार, मनीष कुमार एवं सुबोध कुमार आदि शामिल रहे।

# नाबालिग के साथ रेप के आरोपी को कोर्ट ने सात साल कैद की सजा सुनाई

- पीड़िता को दो लाख रुपए का मुआवजा भी दिलवाने का आदेश दिया गया।
- मामले की प्राथमिकी 2013 में दर्ज की गई थी, और 11 साल बाद अब न्यायिक निर्णय हुआ।

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश लक्ष्मीकांत मिश्रा की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से रेप के एक मामले में आरोपी को 7 साल कैद और दस हजार के जुर्माना की सजा सुनाई। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि कोर्ट ने बारूण थाना कांड संख्या-35/13 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को यह सज़ा सुनाई है। बारूण थाना के डिंगर बिगहा निवासी अभियुक्त मुन्ना यादव को कोर्ट ने भादंवि की विभिन्न धाराओ और पोक्सो एक्ट में सात साल की सजा और दस हजार जुर्माना लगाया है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से पीड़िता को दो लाख रुपए मुआवजा दिलवाने को भी कहा है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक पीड़िता के पिता ने 15 फरवरी 2013 को दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा था कि उसकी नाबालिग लड़की औरंगाबाद के किशोरी सिंहा महिला महाविद्यालय जाने के लिए 29 दिसम्बर 2012 को घर से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। इसे लेकर स्थानीय थाना में सनहा भी दर्ज कराया। काफी खोजबीन के बाद अभियुक्त द्वारा घटना कारित करने की जानकारी मिली। इसके प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले में आज 11 साल बाद पीड़िता और उसके परिवार को न्याय मिला।

# आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद : एसडीपीओ

- बकरीद के दौरान नमाज स्थलों की विशेष निगरानी और लाइटिंग की सुविधा का ख़ास ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना परिसर में बुधवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नरोत्तम ने की। बैठक में दाउदनगर के एसडीपीओ ने याद दिलाते हुए कहा कि पिछले साल बकरीद के आसपास हीं मंदिर में आपत्तिजनक वस्तु फेंकने का कांड हुआ था। इसलिए आप लोग पूरी होशियारी एवं सतर्कता के साथ पर्व मनाए। उन्होंने सुरक्षा के लिहाज से व्यवसाईयों से अपने-अपने अनुष्ठान पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया। कहा कि कुर्बानी के बचे अवशेष को अच्छे से गड्ढा कर जमींदोज करना है। उन्होंने उपद्रवी तरह के युवाओं पर विशेष ध्यान रखना को कहा, ताकि कोई भी खुले में कुर्बानी किया हुआ मांस न ले जाए। वही थानाध्यक्ष नरोत्तम ने क्षेत्र के सभी नमाज स्थल की लिस्ट बनाते हुए बकरीद के दिन विशेष निगरानी करने की बात कही।अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने सभी से निवेदन करते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत हीं प्रशासन को सूचना दें।अमझर शरीफ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि बकरीद के दौरान दिन-रात लाइट नहीं कटे, इसका खास ख्याल रखा जाए। बैठक में उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, विजय कुमार अकेला, मानदीप चौधरी, फुरकान खां, श्रीकांत वर्मा, मुन्ना सिंह, डॉ. देवलाल पासवान, सैयद फैजान कादरी, अब्दुल अजिज, अनिल आर्य, बखौरा खां, भोला कुरेशी सहित अन्य समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# दो अधिवक्ताओं के मर्डर की विधिक संघ ने की निंदा, गिरफ्तारी की मांग

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला विधिक संघ, औरंगाबाद ने छपरा विधि मंडल के पिता-पुत्र दो अधिवक्ताओं राम अयोध्या राय तथा सुनील कुमार की अपराधियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या पर गहरा आक्रोश जताया है। संघ के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अधिवक्ताओं ने मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए सरकार और स्टेट बार काउंसिल से अधिक से अधिक मुआवजा देने तथा शीघ्रता से अपराधियों को पकड़ कर सज़ा दिलाने की मांग की है। साथ ही सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम शीघ्र लागू करने की भी मांग की है। घटना पर शोक जताने वालो में जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, प्रदीप कुमार, उदय कुमार सिंहा, क्षितिज रंजन, सुदर्शन यादव, प्रमोद कुमार सिंह, सियाराम पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, श्याम नंदन तिवारी, मो. अकमल हसन, यमुना प्रसाद सिंह, विनय कुमार मिश्रा, महेश प्रसाद सिंह, मिथलेश कुमार, अनील आशुतोष, अनील कुमार सिंहा, योगेश कुमार मिश्रा, विनय द्विवेदी, धनश्याम ठाकुर, नीरज कुमार सिंह, इम्तेयाज अंसारी, संजय कुमार एवं अधिवक्ता शामिल है।

# लाखों का सामान उड़ा ले गए चोर

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिल्हकी मोड़ के समीप मंगलवार की रात एक बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने लाखों की संपत्ति चुरा ली। यह घर इसी थाना क्षेत्र के दधपा बिगहा निवासी लव कुमार मेहता की है। गांव समीप में होने के चलते यहां कोई नहीं था। सुबह जब लोग आए तो देखा कि बाउंड्री के गेट का ताला जस का तस है और अंदर कमरे का ताला टूटा है।

खरीफ महाभियान के तहत कृषक प्रशिक्षण सह उपादन वितरण कार्यक्रम

# किसानों को मौसम के अनुकूल खेती करने से होगा लाभ

निज संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा के प्रखंड परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण सह उपादन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आत्मा के जिला परियोजना उपनिदेशक शालिग्राम सिंह, केवीके के वैज्ञानिक डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप चौबे, मिट्टी जांच प्रयोगशाला सहायक निदेशक राजीव रंजन यादव, बीएओ कृष्णदेव चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से किया। सभा की अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष बृजकिशोर मेहता ने की। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को कृषि की विकसित तकनीक के बारे में जानकारी दी। जलवायु परिवर्तन की चर्चा करते हुए मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि दिन-प्रतिदिन गर्मी बढ़ रही है और बारिश की मात्रा कम हो रही है। गर्मी की वजह से धान में भी पानी की जरूरत अधिक पड़ रही है। जिन क्षेत्रों में नहर नहीं है वहां डीजल-मोटर के उपयोग से भूजल स्तर भी भाग रहा है। ऐसे में हमें मोटे अनाज के उत्पादन की ओर अग्रसर होना चाहिए। इसमें कम पानी में अच्छा उत्पादन हम ले सकते हैं। कई मोटे अनाज के उत्पादन की विधि का भी उन्होंने जिक्र किया। विशेषज्ञों ने पराली जलाने की समस्या को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि किसान धड़ल्ले से पराली जला रहे हैं। इसका बुरा असर मिट्टी के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। पराली जलाने से मिट्टी के मित्र कीट मर रहे हैं और मिट्टी धीरे-धीरे बंजर हो रही है। उन्होंने फसल अवशेष को वैकल्पिक विधि के जरिए खाद के रूप में परिवर्तित करने की बात कही। किसानों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी परिस्थिति पराली खेत में न जलाएं। मिट्टी जांच पर बल देते उन्होंने कहा कि मिट्टी में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं। जिस पोषक तत्व की कमी मिट्टी में है उसे पूरा कर हम अधिक उत्पादन दे सकते हैं। पोषक तत्व की जानकारी हमें मिट्टी जांच से ही मिलती है। उन्होंने कहा की अंधाधुंध रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से अधिक उत्पादन नहीं लिया जा सकता है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति क्षय होती है। इसलिए मिट्टी जांच के बाद उर्वरक का संतुलित प्रयोग करने की बात उन्होंने कही। किसानों को उन्होंने जैविक खाद के महत्व के बारे में भी बताया।

कहा कि इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और उत्पादन अधिक होता है। मूंग और ढैंचा की खेती को उन्होंने लाभप्रद बताया। इस मौके पर कृषि समन्वयक योगेन्द्र कुमार, सुजीत कुमार, संजीव कुमार, प्रविन्द कुमार, परशुराम किसान सलाहकार रमेश शर्मा, चितरंजन पांडेय, मृत्युंजय कुमार, दिलफराज, संजीव कुमार सिंह, रंजीत कुमार समेत अन्य कृषिकर्मी व किसान थे।

### समय के अनुरूप करें धान के प्रभेद का चुनाव

महोत्सव में किसानों को समय के अनुरूप धान के प्रभेद का चुनाव करने की बात कही गई। विशेषज्ञों ने बताया कि लंबी अवधि के प्रभेद मंसूरी, सबौर श्री आदि की नर्सरी 5 जून तक लगा देनी चाहिए। यह समय खत्म हो चुका है फिर भी किसान अभी इसकी नर्सरी तैयार कर सकते हैं। इसी तरह मध्यम अवधि के प्रभेद सोनम, राजेंद्र श्वेता आदि की नर्सरी 15 जून तक लगाने की बात कही। कहा कि अल्प अवधि के प्रभेद अर्द्धजल, सहभागी आदि की नर्सरी एक जुलाई से 10 जुलाई के बीच लगानी चाहिए।

# ज्ञान के आचरण में उतरने से मिलती है संतुष्टि : पुरुषोत्तमाचार्य

निज संवाददाता

**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** ज्ञान को आचरण में उतरने से संतुष्टि मिलती है। जहां लोभ और लालच है, वहां संतुष्टि नहीं है। संतुष्टि के बिना जीवन अधूरा है। विचारों को पवित्र बनाए रखना जरूरी है। विचार की पवित्रता सबसे बड़ी पवित्रता है। सत्संग से मन पवित्र होता है। ये बातें भागवत भास्कर स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने कुटुंबा प्रखंड के एरका गांव में आयोजित हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कही। उन्होंने भगवान राम का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने ज्ञान को आचरण में उतारा। उनका आचरण समाज के लिए आदर्श है। इन्हीं आदर्शों का पालन कर मानव महान बन जाता है। कथा के जरिए उन्होंने सभा में मौजूद लोगों को आदर्श आचरण की सीख दी और मन पवित्र रखने को कहा। वृंदावन की रासलीला के दौरान भगवान कृष्ण की बाल लीला का मंचन किया गया। भक्तों को यह खूब भाया। कृष्ण की बाल लीला का आनंद उठाने के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ा था। यहां प्रतिदिन कथा वाचन, रासलीला, आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हो रहा है। विदित हो कि यह महायज्ञ गुरुवार तक चलना है। महायज्ञ में सुबह शाम भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बड़ी संख्या में महिला व पुरुष भक्ति यज्ञशाला की फेरी लग रहे हैं। महायज्ञ परिसर के समीप खेल-तमाशा भी लगे हैं। यहां तक आने वाली महिलाएं व बच्चे झूले व अन्य मनोरंजनात्मक गतिविधियों का खूब आनंद उठा रहे हैं। आसपास बड़ी संख्या में दुकाने सजी है जिसका आनंद भी भक्त ले रहे हैं। आयोजन से आसपास का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। संतो की अमृतवाणी का लोग आनंद उठा रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में कमला प्रसाद सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रत्यूष कुमार, अभय कुमार, रामाकांत सिंह, छोटेलाल यादव, योगेंद्र गुप्ता, उमेश सिंह, भीम यादव, विनय कुमार गुप्ता, सतीश कुमार, गुप्ता सिंह, रवि कुमार अकेला, आशुतोष कुमार प्रजापति, नीरज तिवारी समेत अन्य लोग जुटे हैं।

# पोखरा में गंदगी फैली स्थानीय मंदिरों की पूजा में बड़ी दिक्कत

**गोह (औरंगाबाद)(नि.स.)** । गोह पोखरा में गंदगी पसरी है। गंदगी को साफ करने का प्रयास नहीं किया जा सका है। पोखरा किनारे कई मंदिर एवं महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित है। पोखरा से निकल रही दुर्गंध से दुर्गा मंदिर में पूजा करने जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत हो रही है। पोखरा किनारे ही सूर्य मंदिर, शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद, वीर कुंवर सिंह, पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर, छत्रपति शिवाजी, कब्रिस्तान, होलिका दहन स्थल, पूर्व विधायक रामशरण यादव की प्रतिमा स्थापित है। गोह बाजार से प्रतिदिन कई क्विंटल कचरा पोखरा में गिराया जा रहा है। मंडी से सड़ी-गली सब्जियां, ठेला, खोमचा एवं अन्य फल विक्रेता द्वारा रोज कचरा फेंका जा रहा है। इसे रोकने का प्रयास प्रशासन द्वारा नहीं किया जा सका है।

बिहार सरकार
आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना
आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना द्वारा
आयोजित साइबर जागरूकता से संबंधित ऑनलाइन
posters/e-posters प्रतियोगिता में भाग लें
प्रतियोगिता के विषय
साइबर अपराध से बचाव/ साइबर सुरक्षा से संबंधित
Posters/e-posters

सभी प्रतिभागियों का स्पष्ट रुप से नाम, उम्र, पता, स्कूल का नाम, कक्षा एवं मोबाइल नंबर का उल्लेख होना आवश्यक है
प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को दो श्रेणियों में बांटा गया है
श्रेणी- 01
उम्र 10 वर्ष से 16 वर्ष तक
श्रेणी- 02
उम्र 17 वर्ष से 24 वर्ष तक
सभी प्रतिभागी अपना - अपना साइबर सुरक्षा पर पेंटिंग बनाकर आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना के E-Mail id- Cybercell-bih@nic.in पर दिनांक- 30.06.2024 तक भेजेंगे
- प्रतिभागी केवल बिहार राज्य से होने चाहिए।
- चयनित प्रतिभागियों की सूचना उनके मोबाइल नंबर/ईमेल पर दी जाएगी।
- दोनों श्रेणी में अलग-अलग चयनित टॉप-03 प्रतिभागियों को Prize एवं Certificate प्रदान किया जायेगा।
PR No.- 001835 (Home)D. 2004-25